

गांधी जी की पुण्यतिथि आज


# नव भारत







# भगवान के लिए ऐसा मत करो

## सीजेआई सूर्यकांत ने की बड़ी टिप्पणी, यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली, 29 जनवरी. देशभर में सवर्णों के हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा कदम उठाते हुए यूजीसी नियमों पर रोक लगा दी. कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी.**

मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने बड़ी टिप्पणी की. उन्होंने कहा, जातिविहीन समाज बनाने के मामले में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, क्या अब हम पीछे जा रहे हैं? शेड्यूल कास्ट में ऐसे लोग भी हैं, जो आर्थिक रूप से समृद्ध हो गए हैं. उन्होंने नियमों में अलग-अलग जातियों के लिए अलग-अलग हॉस्टल के रूप में प्रस्तावित प्रावधान पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि भगवान के लिए ऐसा मत करो, हम सब एक साथ रहते थे. अंतर-जातीय विवाह भी होते थे. इस दौरान, जस्टिस बागची ने भी कहा कि भारत में



एकता शिक्षण संस्थानों में दिखनी चाहिए. सुनवाई के दौरान कहा गया कि आजादी के 75 साल बाद भी जातिगत भेदभाव ठीक नहीं है. यूजीसी के नए कानून का संस्थानों में दुरुपयोग हो सकता है. हमें देश को अमेरिका जैसी स्थिति में नहीं ले जाना है. आज आवश्यकता इस बात कि है कि भारत की एकता सभी शैक्षणिक संस्थानों में दिखनी चाहिए.कोर्ट ने नए नियमों पर रोक लगाते हुए कहा है कि फिलहाल 2012 के नियम लागू रहेंगे. कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यूजीसी के नए नियम के 3 (सी) (जो जाति-आधारित भेदभाव को परिभाषित करता है) पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं और इनका गलत इस्तेमाल किया जा सकता है. इसकी भाषा को फिर से बदलने की जरूरत है. कोर्ट ने केंद्र सरकार और यूजीसी से जवाब मांगा है.

**केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी:** केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी करते हुए, चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सुझाव दिया कि इन नियमों पर जाने-माने कानूनी विशेषज्ञों की एक कमेटी द्वारा फिर से विचार किया जाना चाहिए. बेंच ने कहा, नोटिस का जवाब 19 मार्च को देना है. सॉलिसिटर जनरल नोटिस स्वीकार करते हैं.

बता दें कि यूपी समेत कई राज्यों में सवर्णों ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन (प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन) रेग्युलेशन, 2026 नियमों का जोरदार विरोध किया है, जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था.

### इन नए नियमों पर मचा था बवाल

यूजीसी के नए ढांचे में सबसे बड़ा बदलाव यही था कि अब हर संस्थान में इक्वल ऑप्पोचुनिटी सेंटर अनिवार्य होगा और उसके अंदर एक इक्विटी कमिटी बनेगी, जिसे पहले की तुलना में कहीं अधिक शक्ति दी गई थी. इसके साथ 24x7 शिकायत तंत्र, ऑनलाइन पोर्टल और सख्त टाइमलाइन को भी अनिवार्य किया गया था. शिकायत मिलते ही 24 घंटे में बैठक, 15 दिन में जांच रिपोर्ट और सात दिनों के भीतर कार्रवाई करनी थी. इतना ही नहीं, यदि संस्थान नियम नहीं मानते, तो यूजीसी फंडिंग रोक सकता है, मान्यता प्रभावित कर सकता है और नए कोर्स की मंजूरी भी रोक सकता है.

### आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में फैसला सुरक्षित

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है. गुरुवार को आवारा कुत्तों के मामले में पिछले आदेशों में संशोधन के अनुरोध वाली याचिकाओं पर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. सुप्रीम कोर्ट इस मामले में डॉग लवर्स, कुत्तों के काटने के शिकार हुए लोगों, एनिमल राइट एक्टिविस्ट, केन्द्र और राज्य सरकारों समेत सभी पक्षकारों की ओर से पेश वकीलों की दलीलें विस्तार से सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित किया. अदालत ने सभी पक्षों को एक हफ्ते में लिखित दलीलें जमा करने का आदेश दिया है.

# संजय कुमार भोपाल पुलिस कमिश्नर

**भोपाल, 29 जनवरी.** राज्य सरकार ने गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा के 14 अफसरों के तबादले किये हैं, इन तबादलों में उज्जैन जोन के एडीजी, भोपाल देहात, शहडोल और बालाघाट जोन के आईजी के साथ ही भोपाल पुलिस कमिश्नर बदल दिये गये हैं.


संजय कुमार


हरिनारायण चारी मिश्रा


अनंत कुमार सिंह


पंकज श्रीवास्तव

### मो. शाहिद अबरार अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे

विवेक शर्मा के नया दायित्व संभालने पर मो. शाहिद अबरार एडीजी चयन एवं भर्ती पीएचक्यू भोपाल अब केवल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पीटीआर आई पीएचक्यू भोपाल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

### 14 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

| अधिकारी | मौजूदा पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| पंकज कुमार श्रीवास्तव | स्पेशल डीजी एंटी नक्सल ऑपरेशन पीएचक्यू | स्पेशल डीजी सीआईडी पीएचक्यू |
| अनंत कुमार सिंह | केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से कार्यमुक्त | स्पेशल डीजी, एमडी मप्र पुलिस हाऊसिंग कार्पो. भोपाल |
| केपी वेंकटेश्वर राव | एडीजी नारकोटिक्स पीएचक्यू | एडीजी तकनीकी सेवाएं पीएचक्यू व एंटी नक्सल ऑपरेशन का अतिरिक्त प्रभार |
| उमेश जोगा | एडीजी उज्जैन जोन उज्जैन | परिवहन आयुक्त मप्र ग्वालियर |
| डी. श्रीनिवास वर्मा | एडीजी पीएचक्यू | एडीजी नारकोटिक्स पीएचक्यू व एसटीएफ का अतिरिक्त प्रभार |
| विवेक शर्मा | पुलिस आयुक्त मप्र ग्वालियर | एडीजी पीटीआरआई पीएचक्यू |
| अंशुमन यादव | एडीजी पीएचक्यू | संचालक खेल एवं युवक कल्याण |
| राकेश गुप्ता | संचालक खेल एवं युवक कल्याण | एडीजी उज्जैन जोन उज्जैन |
| अभय सिंह | आईजी भोपाल देहात जोन | आईजी योजना पीएचक्यू |
| हरिनारायण चारी मिश्रा | पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल | आईजी एससीआरबी पीएचक्यू |
| संजय कुमार | आईजी बालाघाट जोन बालाघाट | पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल |
| संजय तिवारी | आईजी योजना पीएचक्यू | आईजी भोपाल देहात जोन |
| सुश्री चैत्रा एन | आईजी एससीआरबी पीएचक्यू | आईजी शहडोल जोन |
| ललित शाक्यवार | आईजी शिकायत एवं मानव अधिकार पीएचक्यू | आईजी बालाघाट जोन |





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. ⁰Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. ³Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer, T&C apply. 'As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF DELUXE KICK CAST in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरु नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.

# बोर्ड परीक्षाओं में 58 हजार परीक्षार्थी

## जिले में 142 परीक्षा केंद्र बनाए गए, अतिसंवेदनशील केंद्रों में रविशंकर और एमएलबी स्कूल, परीक्षा की तैयारी बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 29 जनवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित होने वाली कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे एवं मंडल की निर्देशों का अक्षर का पालन करते हुए परीक्षा को संपन्न करवाएं.**



कलेक्टर संदीप जी.आर ने कहा कि कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए उड़न दस्ता की तैनाती की जावे एवं लगातार निरीक्षण किए जाएं. परीक्षा पूर्णत: निर्विघ्न रूप से संपन्न हो इसके लिए परीक्षा मंडल के निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा को पूर्ण कराएं. उन्होंने कहा कि कलेक्टर प्रतिनिधि अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए पुलिस थाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे कहीं कोई गड़बड़ी होने पर तत्काल कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी कि जिले में 142 परीक्षा केंद्र तैयार किए गए हैं, जिनमें 58000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे. सभी 142 परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक मंडल के निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने मोबाइल परीक्षा के पूर्व परीक्षा केंद्र पर जमा करेंगे. डीईओ अरविंद जैन ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षा कक्षा दसवीं में 33998 कक्षा 12वीं हाई सेकेंडरी परीक्षा के लिए 24882 कुल 58880 परीक्षार्थी शामिल होंगें, जिले में दो अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं. अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष आब्जर्वर तैनात किए गए हैं, दो अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों में शासकीय पंडित रविशंकर शुक्ल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महारानी लक्ष्मीबाई सांदीपनि विद्यालय क्रमांक एक सागर बनाए गए हैं.

> कलेक्टर ने निर्देश दिए किकेंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की सूची तैयार कर प्रस्तुत की जावे इसी प्रकार केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाए जिसमें सभी को पूरी जानकारी प्रदान करें, उन्होंने कहा कि मंडल के निर्देशानुसार सभी जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टि की जावे. कलेक्टर ने कहा कि समन्वय संस्था में विशेष व्यवस्था रखी जाए एवं पुलिस गार्ड 24 घंटे तैनात किए जाएं. प्रश्न पत्र एवं गोपनीय सामग्री पुलिस के साथ वितरण की जावे जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संपूर्ण बोर्ड परीक्षा में सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें और किसी भी प्रकार की संवेदनशील जानकारी शेयर करने पर सावधानी रखी जावे और किसी प्रकार की भ्रामक जानकारी आने पर तत्काल पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

# नगर निगम की बकाया राशि शीघ्र जमा करने के निर्देश दिए गए सीएमओ को



नवभारत न्यूज

**सागर 29 जनवरी. नगर परिषद कर्रापुर एवं नगर पालिका परिषद मकरोनिया में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संभागायुक्त अनिल सुचारी ने समीक्षा बैठक में दिए.**

कमिश्नर की अध्यक्षता में नगर परिषद कर्रापुर एवं नगर पालिका परिषद मकरोनिया में पेयजल आवंटन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया. संभागायुक्त ने नगर परिषद कर्रापुर में पेयजल संकट को देखते हुए आगामी 15 वर्षों के लिए 1.5 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराने हेतु प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग को तत्काल प्रस्ताव प्रेषित करने के संबंध में अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया एवं जल आवंटन स्वीकृति के पश्चात पेयजल योजना का कार्य अति शीघ्र प्रारंभ करने हेतु नगर परिषद कर्रापुर को निर्देशित किया गया.

संभागायुक्त श्री सुचारी ने नगर पालिका परिषद मकरोनिया को नगर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति आगामी समय में निरंतर जारी रखने की संबंध में निर्देशित किया गया एवं नगर पालिका मकरोनिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नगर निगम की बकाया राशि का भुगतान अति शीघ्र करने के संबंध में निर्देश दिए गए. उन्होंने निर्देश दिए कि नगर पालिका मकरोनिया लगातार पेयजल का भुगतान नगर निगम सागर को करें जिससे कि विद्युत बिल संबंधी भुगतान किया जा सके. उन्होंने कहा कि कर्रापुर एवं मकरोनिया में पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे जिससे कि पेयजल संकट उत्पन्न ना हो सके.

## एक नजर में



### सामुदायिक भवन खाली कराया गया

**रहली.** गुंजौरा ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में निजी स्कूल संचालित होने एवं पशु बांधे जाने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा एसडीएम को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे. एसडीएम कुलदीप पाराशर के द्वारा तहसीलदार को मौके पर भेजा गया, तहसीलदार राजेश पांडे ने पहुंचकर भवन को रिक्त करा भवन को ग्राम पंचायत को सौंपा.



### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**सागर.** कथा वाचक कृष्णा शास्त्री के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 3 फरवरी तक देवी जी मंदिर के पास भीतर बाजार में आयोजित की गई है. साहू परिवार इस कथा के मुख्य यजमान है. इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई. कथा व्यास पं. शास्त्री ने कहा कि सोने में कलयुग का वास होता है, इसके दोष भी लगते है. हमें बेईमानी से कमाए गए धन से सोना खरीदकर नहीं पहनना चाहिए. मुकेश साहू ने बताया कि कथा 03 फरवरी तक आयोजित की गई है.



### वसंत पंचमी पर कॉलेज में कार्यक्रम संपन्न

**सागर.** भारतीय ज्ञान परंपरा के शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रकोष्ठ द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती व वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया. अविनाश देसाई द्वारा वायलिन वादन प्रस्तुत किया गया. जिसमें सितार वादक अमित मिश्रा, विश्वविद्यालय के तबला विभाग के सहायक प्राध्यापक राहुल स्वर्णकार तथा संगीत महाविद्यालय के विभूति मलिक उपस्थित रहें. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी की उपस्थिति में कार्यक्रम हुए. छात्रा अनामिका ने नेता जी का भेष धारण किया. संचालन संयोजक डॉ. निशा इंद्रगुरू ने किया.



### मृतक व घायल युवाओं के घर पहुंचे विधायक

**ललितपुर.** विगत दिनों थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बरखेरा में राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ की पत्नी कस्तूरी बाई के नाम से पंजीकृत फॉर्च्युनर कार ने बाइक लेकर सड़क किनारे खड़े तीन युवाओं को टक्कर मारकर रौंद दिया था. टक्कर लगने के बाद बाइक पर बैठे शिवेन्द्र यादव की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसके साथ मौजूद अनुज व शंकर यादव गंभीर रूप से घायल हो गये. मृतक शिवेन्द्र यादव व घायल अनुज व शंकर यादव के घर पहुंच कर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र ने शोकाकुल परिजनों को ढ़ांढस बंधया है, साथ ही पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया. उन्होंने झांसी सांसद प्रतिनिधि मनीष दीक्षित से फोन पर वार्ता कर मेडिकल कॉलेज में सभी समुचित चिकित्सीय सुविधाएं दिलाने और हर संभव सहयोग करने के लिए निर्देशित किया. इस दौरान महामंत्री महेश श्रीवास्तव, गौरव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश कौंते, थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह और बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे.

# भुगतान को लेकर हुआ विवाद

नवभारत न्यूज

**सागर 29 जनवरी. हॉरर फिल्म मायरा की शूटिंग को लेकर एक पक्ष पर मोतीनगर थाने में मारपीट और धमकी से जुड़ा प्रकरण दर्ज किया गया है. वहीं दूसरे पक्ष द्वारा कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की गई है.**

फरियादी ताहिर हुसैन निवासी कोल्हापुर, महाराष्ट्र, हाल निवासी मंगलगिरी धर्मशाला, अंबेडकर वार्ड, फिल्म डायरेक्टर हैं. उन्होंने शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त विक्रम सिंह के साथ मंगलगिरी कैंटीन के पास फिल्म की शूटिंग कर रहे थे. अकरम खान एवं असलम खान से गाड़ी के किराए को लेकर विवाद की स्थिति बनी, जिसके बाद उन्होंने गाली-गलौज, मारपीट और धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है.

> वहीं दूसरी ओर शुक्रवारी वार्ड निवासी अकरम खान द्वारा कलेक्टर को आवेदन सौंपाकर कहा है कि फिल्म की शूटिंग के दौरान लोकेशन चयन, प्रशासनिक अनुमति, वाहन व्यवस्था, शूटिंग स्टाफ एवं सपोर्टिंग कलाकारों की व्यवस्था उनके द्वारा कराई गई थी. फिल्म से जुड़े कार्यों के बदले पूर्व में तय भुगतान किया जाना था, जिसमें प्रारंभिक राशि और शूटिंग पूर्ण होने के बाद शेष भुगतान शामिल है. भुगतान को लेकर विवाद उत्पन्न होने और इसके बाद घटनाक्रम बढ़ने की बात भी आवेदन में कही गई है.

# फेसबुक पर दोस्ती महंगी पड़ी : 22 लाख ठगे

नवभारत न्यूज

**सागर 29 जनवरी. फेसबुक पर दोस्ती के बाद क्रिप्टो ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक दुकानदार से 22 लाख की ठगी का मामला सामने आया है. पीड़ित को एक फर्जी अमेरिकी क्रिप्टो एक्सचेंज के जरिए निवेश के लिए उकसाया गया. खाते में करोड़ों रुपये का मुनाफा दिखाया गया, लेकिन जब रकम निकालने की बारी आई तो टैक्स के नाम पर और पैसे मांगे गए.**

शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई गई.

> मोतीनगर थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, फरियादी मोतीनगर थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर वार्ड का निवासी है और दुकानदारी का कार्य करता है. फरियादी ने बताया कि 23 अप्रैल 2025 को उसे फेसबुक मैसेंजर पर बेंगलुरु की रहने वाली बताने वाली आधविता राजपूत नामक महिला से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली. महिला ने मैसेज और वॉइस नोट भेजकर दोस्ती करने की इच्छा जताई, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई. बातचीत के दौरान महिला ने खुद को बेंगलुरु स्थित एसआरएस क्लोदिंग कंपनी की मालिक और सीईओ बताया. उसने दावा किया कि वह पिछले चार वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन ट्रेडिंग कर रही है और इससे उसने भारी मुनाफा कमाया है. महिला ने यह भी बताया कि उसका एक चाचा पिछले 23 वर्षों तक अमेरिका के जेपी मॉर्गन बैंक में निदेशक पद पर कार्यरत रहा है और अब उसकी खुद की निवेश फर्म है. उसके अनुसार, चाचा की टीम बिटकॉइन पर रिसर्च कर सटीक ट्रेडिंग नोड्स देती है, जिससे उसे कभी नुकसान नहीं हुआ. भरोसा दिलाने के लिए महिला ने फरियादी को एक फर्जी पोर्टफोलियो भी दिखाया, जिसमें करीब 12 लाख यूएसडीटी, यानी लगभग 12 करोड़ की राशि दर्शाई गई थी. शुरुआत में फरियादी ने निवेश से इनकार किया, लेकिन लगातार समझाने और अधिक मुनाफे का लालच देकर महिला ने उसे राजी कर लिया. इसके बाद उसने फरियादी को एक कथित अमेरिकी क्रिप्टो एक्सचेंज पर खाता खुलवाने, ऑनलाइन केवाईसी कराने और पीडब्लूपी मोड से फंड जोड़ने की पूरी प्रक्रिया बताई. इस फर्जी एक्सचेंज पर एक ग्राहक सहायता नंबर भी दिया गया था. महिला के कहने पर फरियादी ने इस नंबर पर संपर्क किया,

# लोकसभा अध्यक्ष से भेंट, सांसद ने की चर्चा

**सागर.** बजट सत्र के दौरान सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने संसद भवन, नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट कर उन्होंने संसदीय परंपराओं, कार्य की शुचिता और जनसेवा के दायित्वों को लेकर श्री बिरला के दीर्घ अनुभवों से मार्गदर्शन प्राप्त किया. लोकसभा अध्यक्ष ने संसद की मर्यादाओं के पालन, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदार भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि यह मार्गदर्शन सार्वजनिक जीवन में सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा.

# युवक की मौत

**सागर.** नरयावली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीना-कटनी रेलवे ट्रैक पर गुरुवार दोपहर एक दिव्यांग युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई. घटना ईशुरवारा रेलवे स्टेशन के बेलई घाट के पास की बताई जा रही है, जब भोपाल-बिलासपुर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई. स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर नरयावली थाना पुलिस व रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची. जांच में मृतक की पहचान माधव पिता रामचरण पटेल निवासी ईशुरवारा के रूप में हुई, पुलिस ने तत्काल घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे थे.

# दो दिवसीय डेटा एनालिसिस वर्कशॉप संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 29 जनवरी. एडिना के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दो दिवसीय डेटा एनालिसिस वर्कशॉप का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर यूनिवर्सल इन्फोटेक, ट्रेनर आशीष जायसवाल ने विद्यार्थियों को रियल-टाइम डेटा, आधुनिक टूल्स एवं हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल सेशन्स के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया. डायरेक्टर सुनील जैन, एसोसिएट डायरेक्टर रोहित जैन एवं सुयश जैन, प्राचार्य डॉ. अभिषेक जैन विशेष रुप से उपस्थित रहे.




कार्यशाला के सफल आयोजन में सीएसई विभाग के फैकल्टी सदस्यों अनुराग जैन, मोनाली साहू, साध्वी बिल्थारे, मनोज पाठक, हर्षिता पटवा का योगदान रहा. रजनीश पचौरी द्वारा किया गया. वर्कशॉप के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष अनिमेष अवस्थी, राजकुमार यादव, अनुराग सिंह एवं दीपाली साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

# पार्षद कप क्रिकेट टूर्नामेंट



नवभारत न्यूज

**सागर 29 जनवरी. सिटी स्टेडियम में पार्षद कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि मधुकरशाह वार्ड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी सत्तार खान एवं जिला कांग्रेस पार्टी ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा एवं नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव द्वारा किया गया.**

पार्षद कप क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजक पार्षद श्रीमती रिचा सिंह ने कहा कि युवाओं को इस मंच के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा. इस अवसर पर आशीष ज्योतिषी, हेमराज रजक, पार्षद रोशनी खान, नीलोफर चमन अंसारी, शिवशंकर यादव, सीमा कमल चौधरी, अजय अहिरवार अन्य मौजूद रहे.

# रुद्राक्ष धाम में श्रीराम कथा व प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन की व्यापक तैयारियां

नवभारत न्यूज

**खुरई 29 जनवरी. रुद्राक्ष धाम मंदिर में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित सप्त दिवसीय श्री राम कथा एवं श्री दक्षिणमुखी श्री हनुमानजी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को मुख्य यजमान पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अंतिम रूप दिया जा रहा है. आयोजन स्थल के लिए 15 एकड़ भूमि का उपयोग हो रहा है.**



श्री राम कथा के लिए पं प्रेमभूषण महाराज के समक्ष प्रतिदिन एक लाख से अधिक श्रद्धालु सुविधा जनक रूप से बैठ सकें. इसके लिए रुद्राक्ष धाम के सामने स्थित स्टेडियम में वाटरप्रूफ आधुनिक डोम में कथा पंडाल बनाया गया है. कथा पंडाल में 14 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं. श्री सिंह ने बताया कि 15 एकड़ के मैदान में प्रतिदिन 1 लाख भक्तजन आएंगे. इस दृष्टि से पार्किंग, पेयजल, अस्थायी हॉस्पिटल आयोजन स्थल पर स्थापित किए गए हैं, हरे माधव सेवा समिति सागर एवं खुरई द्वारा निशुल्क जूता चप्पल सुरक्षा सेवा 300 सदस्यों द्वारा की जाएगी. पूरे कैंपस में एलईदी स्क्रीन लगाई गई हैं. व्यवस्थाओं में संलग्न सभी वालिंटियर्स ने अपनी व्यवस्था संभाल ली है. सातों दिन 24 घंटे अखंड कीर्तन हेतु पृथक पंडाल बनाया गया है, यज्ञ शाला बनाई गई है जिसमें हवन अनुष्ठान चल रहे हैं.

# आजादी में पत्रकारिता की अहम भूमिका

नवभारत न्यूज

**सागर 29 जनवरी. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संचार एवं पत्रकारिता विभाग में भारतीय पत्रकारिता के 246 वर्ष होने के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक संदर्भ पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया.**



कार्यक्रम में दो प्रतिष्ठित संचार विशेषज्ञों ने पत्रकारिता के इतिहास, चुनौतियों और छात्रों की भूमिका पर गहन मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अलीम अहमद खान एवं डॉ. विवेक जायसवाल ने मुख्य वक्ताओं आकाशवाणी दिल्ली के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय सिंह और आकाशवाणी सागर के कार्यक्रम अधिकारी दीपक निषाद का परिचय देते हुए पत्रकारिता और संचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की आज़ादी और मताधिकार भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है। उन्होंने जोर दिया कि कैसे भारत की विभिन्न भाषाओं की पत्रकारिता ने देश की विशाल जनता को एक भावनात्मक सूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण कार्य किया है. डॉ विवेक जायसवाल ने पत्रकारिता के ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि से लेकर आधुनिक पत्रकारिता और समकालीन चुनौतियों पर बात रखते हुए विषय का परिचय दिया. अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. कालीनाथ झा ने की.

# रक्तदान शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित

नवभारत न्यूज

**बंडा 29 जनवरी. आईएमए सागर शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सीएचसी बंडा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया.**

शिविर में कुल 36 यूनिट रक्त एकत्र किया गया. क्षेत्रीय संचालक डॉ. नीना गिडियन ने कहा रक्तदान केवल एक कार्य नहीं, बल्कि जीवनदान है, एक यूनिट रक्त को उसके विभिन्न घटकों—रेड ब्लड सेल्स, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स आदि—में विभाजित करने पर यह तीन अलग-अलग मरीजों की जान बचा सकता है.



> आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा रक्तदान से न केवल प्राप्तकर्ता मरीजों को लाभ मिलता है, बल्कि दाता को भी कई स्वास्थ्यवर्धक फायदे होते हैं. नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन का स्तर संतुलित रहता है, जिससे हृदय संबंधी जोखिम कम होता है. जिला चिकित्सालय सागर के ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ एम के जैन ने कहा रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और इसे प्रयोगशाला में बनाया भी नहीं जा सकता इसलिए केवल स्वैच्छिक रक्तदाताओं के माध्यम से ही अस्पतालों में निरंतर और सुरक्षित रक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है. शिविर में डॉ.कुलदीप सिंह, डॉ लकी जैन, डॉ. सजल जैन, डॉ प्राची अग्निहोत्री सहित अन्य चिकित्सकों मौजूद थे.


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा शा./न.नि./2025-26/39 — -:: सूचना ::- — सागर दिनांक: 23/11/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1621/25-26 | इतवारी | रजि.हकत्याग, शपथ पत्र | आशारानी, पूजा, अंजली सभी पुत्री स्व.प्रकाशचंद पटैल | विजय एवं कार्तिक दोनों पिता स्व.प्रकाशचंद पटैल |
| 2. | 1622/25-26 | सूबेदार | रजि.हकत्याग, शपथ पत्र | मनीष कुमार पिता भागचंद जैन | अरुण कुमार पिता राजकुमार जैन |
| 3. | 1623/25-26 | गुरुगोविंद | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | शशि पति कमलेश सुन्दरानी | सुनील पिता रामराजा यादव |
| 4. | 1624/25-26 | गुरुगोविंद | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | बाबू सलाम पिता मोह. रमजानी | अलतमस पिता मुह.सरवर राईन |
| 5. | 1625/25-26 | तिलकगंज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | बैजन्ती पति अशोक कुमार कुशवाहा, किरणलता पति पूरनलाल, प्रदीप पिता हरिशंकर पटैल, हेमलता पति पुरषोत्तम, भुवनेश्वर पिता हरिशंकर पटैल | रघुनंदन पिता बलराम कुर्मी,अभिलाष सिंह पिता शिवराज सिंह |
| 6. | 1626/25-26 | राजीवनगर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | नीलेश कुमार पिता राजकुमार जैन | वर्षा पति धर्मेद्र राजपूत |
| 7. | 1627/25-26 | बरियाघाट | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | स्व.धर्मदास पिता स्व. गोपालदास लखेरा | उमेश एवं दिनेश पिता स्व.धरमदास लखेरा |
| 8. | 1628/25-26 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | अपूर्णा पति राहुल मिश्रा | वर्षा पति वीरेंद्र शर्मा |
| 9. | 1629/25-26 | केशवगंज | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | रमेश कुमार पिता दुर्गाप्रसाद सोनी | रजनी, अजय, सबीता, हेमलता, राहुल, नम्रता एवं निकिता सभी पिता स्व.रमेश सोनी |
| 10. | 1630/25-26 | शनिचरी | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | शेख वजीर वल्द शेख कल्लू | 1. चांद बी पति स्व.इनायत एवं मुह. कदीर, अथर रसूल वल्द स्व. इनायत रसूल, 2. जरीना बेगम पति स्व. अ.लतीफ, वासिद, राशिद, अ.रहमान, मेहराज खालिक, 3. फामिता परवीन पिता स्व. अ.लतीफ, मु.शहीद, शमीम, निकत, परवीन पुत्र/पुत्री स्व. गुलाम रसूल, 4. जरीना बेगम पति स्व. मुह.रफीक, हिदायत वल्द मुह.रफीक, फातिमा बी पुत्री स्व. मुह.इशाक, 5.आबदा पति स्व.अ.गनी, आबिद, जावेद वल्द अ.गनी, शेख न्याज, अनीशा पुत्र/पुत्री स्व.कादर निजाम उद्दीन, 6. इमाम उद्दीन पिता स्व. गुलाम उद्दीन, 7. अ.मजीद वल्द स्व.अब्दुल बहाब |

कृते आयुक्त,नगर पालिक निगम सागर

# लाल परेड में रोशनी, धुन और अनुशासन का संगम

## बीटिंग द रिट्रीट के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का समापन, पुलिस ब्रॉस बैण्ड और आर्मी बैंड ने सुनाई देशभक्ति गीतों की धुनें

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 जनवरी. रंगीन रोशनी, आतिशबाजी और देशभक्ति की धुनों के बीच लाल परेड मैदान गुरुवार शाम को सांस्कृतिक चेतना और अनुशासन का जीवंत मंच बन गया. मध्यप्रदेश में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का समापन राज्यपाल मंगुभाई पटेल की उपस्थिति में ऐतिहासिक बीटिंग द रिट्रीट के साथ सम्पन्न हुआ.**



समारोह में महिला टुकड़ी ने ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज का अवरोहण किया. सारे जहां से अच्छा की मधुर धुन, राष्ट्रगान और आतिशबाजी के साथ आयोजन का समापन हुआ. दिल्ली के साथ केवल भोपाल में आयोजित होने वाला यह समारोह सैन्य परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनकर उभरा. इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस और आर्मी ब्रास बैंड की संगीतमय प्रस्तुतियों ने राष्ट्रभक्ति और परंपरा का अनुपम संगम रचा. वंदे मातरम से लेकर मेरे देश की धरती और संदेशे आते हैं जैसी लोकप्रिय धुनों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया. इसके साथ ही आधुनिक और सदाबहार गीतों के फ्यूजन ने कार्यक्रम को सकारात्मक ऊर्जा से भरने का कार्य किया. वहीं कार्यक्रम के मध्य में पुलिस और आर्मी बैंड की संयुक्त प्रस्तुति में मास्ड बैंड, क्विक मार्च और स्लो मार्च पर सटीक तालमेल के साथ मार्च पास्ट सभी के आकर्षण का केंद्र बन गए. जिसके बाद ड्रम रोल और बैंड डिस्प्ले ने सैन्य परंपरा की गरिमा को भी जीवंत किया.

### प्राचीन सैन्य परंपरा है बीटिंग रिट्रीट

बता दें, बीटिंग रिट्रीट' एक प्राचीन सैन्य परंपरा है यह उन दिनों से प्रचलन में है जब युद्ध में सैनिक सूर्यास्त के समय या उसके तुरंत बाद युद्ध करना बंद कर देते थे. जैसे ही बिगुलों से 'रिट्रीट' की आवाज दी जाती थी लड़ रहे सैनिक अपने हथियार बंद कर युद्ध के मैदान से हट जाते थे, इसलिये रंग, मानक आवरण और झंडे 'रिट्रीट' पर उतारे जाते हैं. समारोह में मार्शल संगीत का मिश्रण और एक बैंड कार्यक्रम शामिल है, जिसके बाद रिट्रीट की ध्वनि सुनाई देती है. आधुनिक भारत में 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है.



# सैनिकों ने वर्दी में गाई कविता, शब्दों से गूंजा शौर्य

▸ सैनिक विश्रामगृह के सभागार में आयोजन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 जनवरी. सैनिक हूं इस देश का, सरहद मेरे धाम, भारत मां के वीर जवानों, गर्व से ऊंचा रखो नाम. ऐसे प्रेरक स्वर गुरुवार को जब मंच से गूंजे तो सैनिक विश्रामगृह का सभागार राष्ट्रभक्ति में डूब गया.**

अंतर्राष्ट्रीय अनघ मंच के सैन्य विश्व रिकॉर्ड समारोह 2026 में देशभर से आए 50 वर्दीधारी कवियों ने राष्ट्रभक्ति, बलिदान और शौर्य की कविताओं का लगातार 25 घंटे पाठ कर इतिहास रचने का प्रयास किया. कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर मालती राय ने किया. इस अवसर पर सैन्य कवियों में सब इंस्पेक्टर संजीव और कांति श्रीवास्तव की पुस्तकों जय हिन्द की पुकार और वर्दी की सौगंध का विमोचन भी किया गया. कार्यक्रम में सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन विजय कान्त वर्मा की रचनाओं ने नए भारत के आत्मविश्वास को शब्द दिए. वहीं उनकी व्यंग्य रचना ने वैश्विक राजनीति पर तीखा प्रहार किया. इस अवसर पर सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर संजीव ने भोपाल को वीरता और इतिहास से जोड़ते हुए पंक्तियां पढ़ीं, जिस पर सभागार तालियों से गूंज उठा. जोधपुर से आए सूरज सिंह कंसाना ने भारत की शक्ति को कम आंकने वालों को काव्यात्मक चुनौती दी. कर्नल हरि दुबे ने अग्निवीर बेटियों और वीर माताओं को समर्पित रचनाएं प्रस्तुत कीं.

# केमिस्ट प्रीमियर लीग में छह मुकाबले खेले

▸ क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा दिन

**भोपाल, 29 जनवरी. राजधानी भोपाल में भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित केमिस्ट प्रीमियर लीग (सीपीएल) सीजन-6 के दूसरे दिन गुरुवार को छह मुकाबले खेले गए.**



पहले मैच में लाइफ सेवर 11 ने नीलबड़ केमिस्ट टाइगर्स को 2 रन से हराया. शानदार प्रदर्शन के लिए तरुण सूर्यवंशी को मैन ऑफ द मैच चुना गया. दूसरे मुकाबले में सर्जिकल कमांडो ने टाइगर केमिस्ट क्रिकेट क्लब, भोपाल को हराया. टाइगर केमिस्ट की टीम 93 रन ही बना सकी. नीलेश जैन ने 35 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता. तीसरे मैच में आरडीएमसीसी रायसेन ने फार्मा वॉरियर को शिकस्त दी. बेहतरीन गेंदबाजी के लिए यतेंद्र राजपूत मैन ऑफ द मैच रहे.

चौथे मैच में टाइगर केमिस्ट क्रिकेट क्लब ने विदिशा बाउंसर्स को हराया. आदित्य आहूजा ने 25 गेंदों पर 68 रन की आक्रामक पारी खेली. पांचवें मुकाबले में शमशाबाद केमिस्ट क्लब ने आरडीएमसीसी रायसेन को 44 रन से हराया. जितेंद्र सिंह ने 57 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता. अंतिम मुकाबले में सर्जिकल कमांडो ने विदिशा बाउंसर्स को हराया. नीलेश जैन ने 73 रन की पारी खेलकर लगातार दूसरा मैन ऑफ द मैच पुरस्कार अपने नाम किया.

## मिलेट्स व ट्रेडिशनल फूड फेस्टिवल आज से

**भोपाल, 29 जनवरी.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक मिलेट्स एवं ट्रेडिशनल फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है. इसका उद्देश्य मोटे अनाजों के महत्व और भारतीय खाद्य परंपरा में उनकी भूमिका को लोगों तक पहुंचाना है. महोत्सव में सिक्किम, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और अरुणाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लोक कलाकार और खाद्य विशेषज्ञ भाग लेंगे. वे मिलेट्स से व्यंजन, मिठाइयां, अन्य खाद्य पदार्थ तैयार करेंगे. 30 जनवरी को जबलपुर का जानकी बैंड ऑफ विमन्सकी प्रस्तुति होगी. सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम संग्रहालय के ऑडिटोरियम में शाम को आयोजित किए जाएंगे.

# रवीन्द्र भवन में सूफियाना सुरों से गूंजा लोकरंग


## पंजाबी लोक गायक बॉबी सिद्धू ने दी प्रस्तुति



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 जनवरी.** लोकरंग के मंच पर गुरुवार शाम जैसे ही पंजाबी लोक और सूफी गायक बॉबी सिद्धू की आवाज गूंजी, रवीन्द्र भवन का मुक्ताकाश मंच सुरों और तालियों से गूंज उठा. सूफियाना कलाम और लोकप्रिय पंजाबी लोक गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को कुर्सियों पर बैठे बैठे ही आनंद में सराबोर कर दिया. सूफी और लोक संगीत के संगम ने शाम को लोकरंग की सबसे यादगार सांस्कृतिक संध्या में बदल दिया. उत्सव में संगीत, नृत्य, शिल्प और लोक जीवन के रंग एक साथ दिखाई दे रहे हैं और शहरवासी इन दिनों भारतीय लोक संस्कृति अदभुत झलक का आनंद लेते नजर आ रहे हैं.

## 500 से 600 साल पुराने बर्तनों की प्रदर्शनी



लोकरंग में लगी बर्तन प्रदर्शनी में 500 से 600 वर्ष पुराने पारंपरिक बर्तन दर्शकों के लिए खास आकर्षण हैं. मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लाए गए लगभग 300 प्रकार के बर्तन प्रदर्शित किए गए हैं. इनमें लोहे, पीतल, तांबे, कांसे और लकड़ी के दुर्लभ बर्तन शामिल हैं.

**लोकरंग में जीवंत हुई भारत की लोक परंपराएं:** 41वें लोकरंग समारोह में मध्यप्रदेश सहित देश के 13 राज्यों के लोक और जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया. करमा, कोरकू, छपेली, चरखुला, डांडिया, भारिया भड़म, डोगरी और ओडिशा का श्रृंगारी नृत्य दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे.

## एक नजर में

### शैक्षिक ओलम्पियाड के परिणाम घोषित

**भोपाल, 29 जनवरी.** प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, बौद्धिक विकास एवं शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित शैक्षिक ओलम्पियाड के जिला स्तरीय परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा घोषित कर दिए गए हैं. घोषित परिणामों के अनुसार प्रत्येक जिले से प्रत्येक विषय एवं प्रत्येक कक्षा से एक प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को जिला विजेता के रूप में चयनित किया गया है. जिला स्तर पर 1 से 20 फरवरी 2026 के बीच सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा. विजेता विद्यार्थियों के साथ उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा. प्रत्येक जिले में कुल 32 विद्यार्थियों को जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड विजेता के रूप में सम्मानित किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि शैक्षिक ओलम्पियाड के अंतर्गत जिला स्तर की परीक्षाएं दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2026 को प्रदेश के समस्त विकासखंडों पर आयोजित की गई थीं, जिनमें लगभग 2 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे.

### आज भोपाल के 15 इलाकों में बिजली कटौती



**भोपाल, 29 जनवरी.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शुक्रवार को भोपाल शहर के 15 से अधिक इलाकों में मेंटनेंस करेगी. इस कारण इन इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी. शुक्रवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बीडीए कॉलोनी एवं आसपास. सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया एवं आसपास. सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक यूनीहोम कॉलोनी, कांकरिया, इनायतपुर, सेमरी, इमलिया, देहरीकलां, सुरैया नगर, अमरावत एवं आसपास. सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक रुद्राक्ष, शिवा स्प्रिंग, शिवा रॉयल पार्क कॉलोनी, त्रिभुवन कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

### जीएसआई और परिणय कोलार अगले दौर में

**भोपाल, 29 जनवरी.** एमसीसी मैदान 1100 क्वाटर्स पर बुधवार से पांचवें भोपाल ट्राफी टेनिस बाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ. टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा और सैय्यद साजिद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. इस अवसर पर पुलिस इलेवन और मीडिया इलेवन के बीच मैत्री खेला गया. जिसमें पुलिस इलेवन विजयी रही. टूर्नामेंट के दो मैच खेले गये. पहला मैच जीएसटी और जीएसआई के बीच खेला गया. जीएसआई ने निर्धारित ओवर में 50 रन बनाये. जीएसटी ने बिना विकेट खोये 2 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर मैच जीत लिया. दूसरा मैच परिणय कोलार और आर्मी वॉरियर के बीच हुआ. परिणय कोलार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीपक विराट के 46 रन की मदद से निर्धारित 8 ओवर में 7 विकेट पर 119 रन बनाये. आर्मी वॉरियर निर्धारित ओवर में 79 रन ही बना सकी. परिणय कोलार मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया.

# कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

## स्कोप पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह 'ब्लेसिंग डे-2026' का हुआ आयोजन

**भोपाल, 29 जनवरी. स्कोप पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह 'ब्लेसिंग डे-2026' का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस विदाई समारोह को आकर्षक एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया.**



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. प्रकृति चतुर्वेदी थीं. समारोह के दौरान जूनियर विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया. कार्यक्रम का सबसे प्रतीक्षित क्षण तब आया जब आशीष सेन को 'मिस्टर स्कोप' तथा माही बघेल को 'मिस स्कोप' के खिताब से नवाज़ा गया. इसके साथ ही कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके स्वभाव, प्रतिभा एवं विशिष्ट गुणों के आधार पर विभिन्न विशेष टाइटल्स भी प्रदान किए गए. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी विद्यालय की वास्तविक पहचान होते हैं. हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी अपने परिश्रम, संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर जीवन में सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे.

## एम्स में आज बताएंगे बीमारी से बचाव के तरीके

**भोपाल, 29 जनवरी.** एम्स भोपाल में शुक्रवार को स्वस्थ जीवन के विज्ञान पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, इसका उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि सही खानपान, तनाव प्रबंधन, जीवनशैली में बदलाव कर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है. विशेषज्ञ डॉक्टर सरल भाषा में बताएंगे कि भोजन शरीर के मेटाबोलिज्म और रोग प्रतिरोधक क्षमता को कैसे मजबूत करता है. पूर्व डीन और वरिष्ठ फिजियोलॉजिस्ट प्रोफेसर एससी महापात्रा संतुलित आहार के लाभ बताएंगे. मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्रो. विजेन्द्र सिंह, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट मोहित कुमार तनाव से निपटने के उपाय बताएंगे,

# लोगों को डिहाइड्रेशन से बचाएगी जल मित्र बोतल

▸ नवप्रवर्तन महोत्सव में दिखा विज्ञान और नवाचार का संगम

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 जनवरी. आंचलिक विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय नवप्रवर्तन महोत्सव गुरुवार को छात्रों के नवाचार और प्रयोगों की प्रदर्शनी के साथ संपन्न हुआ.**

महोत्सव के आखिरी दिन बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया. जिसमें विभिन्न स्कूल के बच्चों ने रोचकता के साथ मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. विनिता मोहिंद्र के माध्यम से किसी भी प्रोडक्ट को पेटेंट करवाने के विभिन्न प्रक्रियाओं को समझा. महोत्सव के आखिरी दिन प्रदेश के 30 स्कूलों और 20 कालेजों सहित 10 ग्रासरूट स्तर के प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में शामिल रहे.



### छात्रों ने जल कुंभी से बनाया कागज

सेंट जोसेफ कोएड स्कूल के छात्र विभोर शर्मा और रविराज ने बताया उन्होंने मॉडल के कन्वेयर बेल्ट और प्रोपेलर की मदद से जल कुंभी को पानी से निकालकर पौधे के तने को सोडियम हाइड्रॉक्साइड मिलाकर तैयार पल्प को रिसाइकल पेपर में मिलाकर, स्टार्च सोल्यूशन में डुबोकर प्रक्रिया पूरी कर कागज बनाया है. छात्रों के अनुसार बाजार में मिलने वाले कागज के दाम से यह काफी किफायती, मजबूत, स्याही न फैलने वाला है.

### छात्र ने बनाई एआई आधारित पानी की बोतल



सागर पब्लिक स्कूल के छात्र आत्मन तिवारी ने पानी पीने की आदत सुधारने के लिए एक स्मार्ट एआई आधारित पानी की बोतल 'जल मित्र' तैयार की है. आम लोगों में डिहाइड्रेशन की समस्या को कम करने के उद्देश्य इसमें स्मार्ट बोतल में अल्ट्रासोनिक सेंसर लगाया गया है, जो बोतल में मौजूद पानी की मात्रा को मापकर समय के साथ पानी पीने का पैटर्न को ट्रैक करता है. इसमें एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से 'ड्रोपलेट' पानी कम होने पर यूजर को पानी पीने की याद दिलाता है. फिलहाल यह प्रोजेक्ट प्रोटोटाइप स्तर पर है.

# परिवारों को जोड़ने और संस्कारित करने की जरूरत

▸ नूतन कॉलेज में भारतीय परिवार व्यवस्था पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

**भोपाल, 29 जनवरी. सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) शिवाजी नगर भोपाल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 29-30 जनवरी 2026 को परिवार विवाह परामर्श प्रकोष्ठ एवं समाजशास्त्र विभाग द्वारा किया गया, जिसका विषय भारतीय परिवार व्यवस्था: चुनौतियों एवं समाधान है.**



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एवं डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे व डॉ. भारती कुमारे सातनकर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया. कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया एवं छात्राओं में जागरूकता के लिए सर्टिफिकेट डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ करने की बात कही गई. इसके बाद कार्यक्रम की संयोजक डॉ. निशा जैन द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया.

## समारोह | बीएचईएल भोपाल में वार्षिक गुणवत्ता पुरस्कार समारोह आयोजित

# गुणवत्ता बीएचईएल की मूल शक्ति, सफलता का आधार

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 29 जनवरी. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल में हाल ही में वार्षिक गुणवत्ता पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित कर संगठन में गुणवत्ता संस्कृति को और सुदृढ़ करना तथा निरंतर सुधार को प्रोत्साहित करना था.**



अपने संबोधन में उपाध्याय ने कहा कि गुणवत्ता बीएचईएल की मूल शक्ति है और वैश्विक प्रतिस्पर्धी वातावरण में संगठन की सफलता का प्रमुख आधार है. उन्होंने बीएचईएल की उपलब्धियों का श्रेय निरंतर सुधार, नवाचार, टीमवर्क और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को दिया तथा सभी पुरस्कार विजेताओं और विक्रेता भागीदारों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि विक्रेताओं के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बीएचईएल की गुणवत्ता यात्रा का मजबूत स्तंभ है.

गुणवत्ता एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के महाप्रबंधक जी.पी. बघेल ने कहा कि बीएचईएल की पहचान विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों, सुदृढ़ प्रणालियों और निरंतर सुधार की संस्कृति से जुड़ी है. उन्होंने ईईपीसी गुणवत्ता पुरस्कार 2025 तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता सर्किल सम्मेलनों में गोल्ड और पार एक्सीलेंस पुरस्कारों की उपलब्धि का भी उल्लेख किया. सामग्री प्रबंधन के महाप्रबंधक विपुल अग्रवाल ने गुणवत्ता सुनिश्चित करने और पर्यावरण संरक्षण में सामग्री प्रबंधन एवं विक्रेता भागीदारों की भूमिका पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास करने वाले विक्रेताओं को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का समापन बिजनेस एक्सीलेंस एवं गुणवत्ता (फीडर्स) के सहायक महाप्रबंधक अनुराग शुक्ला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

# स्ट्रोक के शुरुआती 60 मिनट 'गोल्डन ऑवर'

▸ इलाज से मस्तिष्क को होने वाला नुकसान रोका जा सकता है : डॉ. आयुष दुबे

**भोपाल, 29 जनवरी. स्ट्रोक के बाद का पहला घंटा, जिसे अक्सर 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है, मरीज के बचने और रिकवरी की संभावनाओं को काफी हद तक तय करता है.**



हमीदिया अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आयुष दुबे ने बताया कि स्ट्रोक के मामलों में हर मिनट बहुत अहम होता है. जितनी जल्दी मरीज़ को इलाज मिलता है, उतना ज़्यादा मस्तिष्क के होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है. कुछ ही मिनटों की देरी से बड़ा नुकसान हो सकता है. लोगों को अचानक होने वाले लक्षणों को कभी नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए, जैसे शरीर के एक हिस्से में सुन्नपन या कमजोरी, बोलने में दिक्कत, चेहरे पर टेढ़ापन आना या तेज़ सिरदर्द होना. ऐसी स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचना रिकवरी के मौके बढ़ाता है और लंबे समय तक रहने वाली विकलांगता के खतरे को काफी कम कर सकता है.

डॉ. दुबे ने बताया भारत में स्ट्रोक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. स्ट्रोक अब देश में मौत का चौथा और विकलांगता का पांचवां बड़ा कारण बन चुका है. अनियंत्रित ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, धूम्रपान, हाई कोलेस्ट्रॉल और शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे लाइफस्टाइल फैक्टर स्ट्रोक के खतरे को काफी बढ़ा देते हैं. अध्ययन बताते हैं कि भारत में 70 प्रतिशत से अधिक स्ट्रोक के मामले 70 वर्ष से कम उम्र के लोगों में सामने आते हैं. ऐसे में सभी आयु वर्गों में जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है.





# पानी की बाल्टी में डूबने से मासूम की मौत

## 10 महीने की बच्ची बाल्टी में पूरी तरह डूब गई थी

## शाहजहांनाबाद थाना इलाके की घटना

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 जनवरी. शाहजहांनाबाद थाना इलाके में एक 10 महीने की मासूम बच्ची की पानी से भरी बाल्टी में डूबने से मौत हो गई. बुधवार देर रात को बच्ची खेलते हुए बाथरूम के अंदर चली गई, जहां पानी भरी बाल्टी में वह मुंह के बल गिर गई. परिजनों ने बच्ची को करीब 10 मिनट बाद देखा तो उनके होश उड़ गए. बच्ची को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.**



**घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायमकर जांच शुरू कर दी है.**

मिली जानकारी के मुताबिक ईदगाह हिल्स में रहने वाले करण सिंह जाटव अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चे के साथ साथ रहते हैं. करण सिंह का एक 5 साल का बेटा भी है. करण की 10 महीने की बच्ची खेलते हुए बाथरूम तक पहुंची.

घर के अन्य कामों में व्यस्त उसकी मां भी बच्ची को मौके पर नहीं देख पाई. कुछ देर बाद जब मां मासूम को खोजने लगी. तो बच्ची को पानी से भरी बाल्टी में गिरा पाया. घबराकर उन्होंने तुरंत ही अपने पति को फोन पर बात करते हुए बुलाया. मौके पर पहुंचकर करण सिंह मासूम को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे. प्राथमिक जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया.

## फायरिंग करने वाला युवक गिरफ्तार

- रिश्तेदार की बंदूक से की थी फायरिंग

**भोपाल, 29 जनवरी. कोलार पुलिस ने 12 बोर की बंदूक से सार्वजनिक जगह पर फायरिंग करने वाले आरोपी को युवक को गिरफ्तार किया है. आईबीडी सिटी के सामने आरोपी युवक ने अपने एक रिश्तेदार की बंदूक से बुधवार देर रात बंदूक से फायरिंग की. फायरिंग के दौरान किसी भी शख्स के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है.**

मामले की शिकायत पर मौके पर पुहंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बंदूक बरामद करते हुए मूल लाइसेंसधारी को भी सह-आरोपी बनाया है.

मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी अभय राठौर (24) निवासी आशीर्वाद कॉलोनी को पुलिस ने बंदूक के साथ गिरफ्तार किया. आरोपी ने आईबीडी सिटी के सामने अपने पास रखी बंदूक से लापरवाही बरतते हुए फायरिंग कर दी. गनीमत रही कि इस फायरिंग के दौरान कोई भी व्यक्ति निशाना नहीं बना. आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने पूछताछ की. पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी के पास से बंदूक का लाइसेंस भी बरामद नहीं हुआ.

## नरेला में दूषित पेयजल आपूर्ति के विरोध में प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. इंदौर में दूषित पानी पीने से 28 लोगों की मौत के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस सबक नहीं लिया है. इसी बीच भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र की चंबल कॉलोनी में भी पेयजल आपूर्ति को लेकर गंभीर लापरवाही के आरोप सामने आए हैं. स्थानीय निवासियों का कहना है कि कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन आज भी सीवेज नाली के भीतर से गुजर रही है, जिसके कारण घरों में बदबूदार और अत्यधिक गंदा पानी पहुंच रहा है.**

नागरिकों की शिकायत पर स्थानीय कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला मौके पर पहुंचे और जल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया. इसके बाद शुक्ला ने रहवासियों के साथ एक बाल्टी में दूषित पानी भरकर नगर निगम के जोनल कार्यालय का घेराव किया और तत्काल सुधार की मांग करते हुए गंदे पानी का नमूना अधिकारियों को सौंपा.



> हालांकि, प्रदर्शन की सूचना पहले ही मिल जाने के कारण जोनल अधिकारी और सहायक अभियंता मौके पर मौजूद नहीं थे. शुक्ला ने आरोप लगाया कि प्रशासन केवल क्लोरीन जांच कर पानी को सुरक्षित बता रहा है, जो जनता की जान से खिलवाड़ है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा.

## राघौगढ़ के विधायक ने स्लाटर हाउस की मांगी जानकारी

**भोपाल.** स्लाटर हाउस के मामले को लेकर विपक्ष भी सक्रिय है. राघौगढ़ से कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने स्लाटर हाउस से संबंधित कार्रवाई के दस्तावेज नगरीय प्रशासन आयुक्त से पत्र लिख कर मांगे है. नगरीय प्रशासन आयुक्त ने उक्त मांगे गए पत्र की जानकारी के लिए नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा है, जिसमें विधायक के पत्र का हवाला देते हुए जल्द जानकारी नगरीय प्रशासन कार्यालय भेजने के लिए लिखा है.

## दुकानदारों की पिटाई के बदमाश गिरफ्तार

### निशातपुरा थाना पुलिस को मिली रिमांड

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 जनवरी. करोंद इलाके में दुकानदारों के साथ मारपीट करते हुए सामान की तोड़फोड़ करने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. गुरुवार को बदमाशों को कोर्ट में पेश करते हुए पुलिस ने सभी को दो दिन की रिमांड पर लिया है. बदमाशों ने दुकानदारों से रुपए की अड़ीबाजी की थी. रुपए नहीं मिलने पर बदमाशों ने वारदात कर दी.**

जानकारी के अनुसार निशातपुरा थाना पुलिस ने बदमाश कुलदीप सिंह सोलंकी और उसके साथी सुमित राणा, उदित राजपूत, दीपू कुशवाह उर्फ बच्चा की गिरफ्तारी कर उन्हें कोर्ट में पेश किया. पुलिस ने कोर्ट से बदमाशों को रिमांड पर मांगा. कोर्ट ने सभी को 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया.

> आरोप है कि बदमाशों ने बीते 25 जनवरी को देर शाम करोंद चौराहे के पास करीब 7 दुकादारों से अड़ीबाजी करते हुए रुपए मांगे. रुपए नहीं मिलने पर बदमाशों ने दहशत फैलाते हुए सभी के साथ मारपीट की और दुकान में लगे सामानों को भी तोड़ दिया. पीड़ित दुकानदारों की शिकायत पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने खंगाला. बदमाशों की पहचान करते हुए पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया. जानकारी यह भी सामने आई है कि पुलिस जल्द ही गिरफ्त में आए बदमाशों का जुलूस भी निकाल सकती है.

## शुरू होने से पहले तोड़ दी 10 इंच की सीवेज लाइन

- नगर निगम जोन 2 का मामला
- 10 लाख की लागत से बिछाई थी लाइन

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी, नगर निगम जोन 2 वार्ड 10 में सीवेज लाइन का कार्य शुरू किया गया है, जिसके लिए गुरू गोविंद सिंह द्वार से वाजपेई नगर के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई शुरू हो गई है.**

जबकि वहां पर पहले से सीवेज लाइन बिछी हुई है, जिसे तोड़कर यह कार्य किया जा रहा है. यह सीवेज लाइन लगभग 4 साल पहले बिछाई गई थी, जिसकी लागत पर लगभग 10 लाख रुपए खर्च हुए थे. जो अब बर्बाद होते दिखाई दे रहे हैं. सीवेज लाइन को तोड़ने पर नगर निगम के 10 लाख रुपए को बर्बाद किया जा रहा है, जो नई सीवेज लाइन के लिए के दौरान हो रहा है.



यह सीवेज लाइन नगर निगम के सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन ईदगाह हिल्स से मुख्य मार्ग गुरू गोविंद सिंह द्वार तक जिसकी दूर लगभग 400 मीटर है. 10 इंच के पाइप से बिछी हुई है, जिसे तोड़ने की शुरूआत गुरु गोविंद सिंह द्वार से की गई, जो कि लगभग 30 मीटर तक हो चुका है. सिवेज चेंबर और पाइप भी तोड़े गए हैं. यह कार्य 30 साल के प्लान के तहत हो रहा है.जबकि पूर्व से बिछी 10 इंच की पाइप लाइन से भी काम हो सकता था.

**इनका कहना है**

पुरानी पाइप लाइन सॉलिड वेस्ट प्लांट के लिए डाली गई थी, अब वाजपेई नगर मल्टी के लिए सीवेज का कार्य किया जा रहा है, जो 12 इंज की रहेगी और 30 साल के प्लान अनुसार है.

**राजेन्द्र त्रिवेदी,** एज्यूकेटिव इंजीनियर, नगर निगम भोपाल

यह मामला मेरी जानकारी में नहीं है. मैं इसे दिखवाती हूं. यह सीवेज लाइन क्यों तुड़वाई जा रही है.

**मालती राय,** महापौर, नगर निगम भोपाल

यह जानकारी मुझे नहीं है, मैं इसे दिखवाता हूं. ऐसा क्यों किया जा रहा है.

**तन्मय वशिष्ठ शर्मा,** अपर आयुक्त नगर निगम

मुझे जानकारी नहीं है, मैं दिखवाती हूं. ऐसा क्यों किया जा रहा है.

**संस्कृति जैन** आयुक्त नगर निगम भोपाल

## 5 ग्राम ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 जनवरी. अवैध एमडी ड्रग के साथ कोहेफिजा पुलिस ने चार पहिया वाहन के साथ आरोपी युवक को गिरफ्तार किया. गुरुवार को आरोपी के पास से पुलिस ने लगभग 5 ग्राम ड्रग्स के साथ एक आईफोन और कार बरामद की.**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोप तस्कर अली असगर जाफरी अपनी कार में अवैध मादक पदार्थ के साथ जा रहा है. पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी अली को केयरवेल अस्पताल के पास पकड़ा. कार की तलाशी लेने पर पुलिस को मौके पर अली असगर जाफरी के पास से 5 छोटे पैकेटों में रखे नशीले पदार्थ मिले. आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ और अन्य सामनों को जब्त कर लिया गया. पुलिस जल्द ही आरोपी को कोर्ट में पेश करेगी. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह अपने दोस्तों के साथ क्लब पार्टियों मे जाने के दौरान ही पहली बार नशा करने लगा था. दोस्तों के साथ घूमने की आदत के कारण लगातार नशे का सेवन करते हुए वह इसका आदी हो गया. आरोपी ने स्वीकारी किया है कि वह मादक पदार्थों को खरीद कर लेकर आता था.



पुलिस ने बरामद किया आईफोन और कार

## पुराने शहर के बाजारों से भारी संख्या में सामान जब्त

### ननि ने हटाया अतिक्रमण

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. राजधानी के पुराने शहर में नगर निगम के द्वारा गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई आजाद, मार्केट, मंगलवारा, मारवाड़ी रोड सहित अन्य क्षेत्रों में की गई. यहां से अतिक्रमण अमले ने भारी मात्रा में सामान जब्त किया.**

बता दें कि पुराने शहर में कुछ दिनों पहले ही लगातार तीन दिनों तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, उसके बाद से व्यापारियों ने अपनी दुकानों के आगे हाथ ठेले, टेबल के माध्यम से व्यापार करवाना शुरू कर दिया था. वहीं छोटे कारोबारियों ने भी फिर से अपनी दुकान लगाकर अतिक्रमण कर लिया था, जिससे वहां की सड़कें संकरी होने से जाम लग रहा था.



## शिकायत के बाद भी नहीं कटेंगे सूची से नाम

- बीएलओ देंगे मतदाता के निवास की जानकारी
- शिकायतकर्ता ने किया शिकायत से इंकार

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. राजधानी में एक विशेष वर्ग के 100 से अधिक मतदाताओं के नाम काटने के लिए फर्जी नाम से शिकायत की गई. यह सभी मतदाता टीटी नगर तहसील के नेहरू नगर क्षेत्र की नया बसेरा बस्ती के बताए हैं. सभी एक दूसरे के रिश्तेदार हैं.**

अब एसआईआर में शिकायत मिलने के बाद कर्मचारी बारीकी से जांच कर रहे हैं, जिससे कोई भी मतदाता नाम जुड़ने से वंचित न रह सकें. जिला निर्वाचन के कर्मचारी ने कहा कि भले ही शिकायत हुई हो, लेकिन बीएलओ ने जब फॉर्म जमा किए हैं तो वहीं इसकी पूरी जानकारी देगा कि मतदाता वर्तमान पते पर हैं या नहीं. अगर फॉर्म में बताए पते पर मतदाता वर्तमान में रह रहा है तो उसका नाम नहीं कटेगा.

मतदाता सूची में नाम रोकने की जानकारी पर रफीक खान वार्ड कार्यालय में पहुंचे, पता चला कि उसके नाम सहित लगभग 100 लोगों के नाम सूची में जोड़ने से रोक दिए गए हैं. यह सभी उसके परिवार और रिश्तेदार हैं. पीड़ित मतदाता रफीक खान ने शिकायतकर्ता का नंबर 9981217581 नवभारत के संवाददाता को दिया. संवाददाता ने दिए गए नंबर पर बात की तो वह भोपाल के किसी प्रीतम नाम के व्यक्ति का निकला. प्रीतम ने बताया कि मैंने कोई शिकायत नहीं की है.

**इनका कहना है**

मतदाता फॉर्म 7 की प्रोसेस के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी. शिकायतें कितनी भी आ जाएं, कोई फर्क नहीं पड़ता है.

**कौशलेन्द्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल

**मैनिट में रैंगिग का मामला**

## सीनियर ने की जूनियर की पिटाई

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 जनवरी. मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में एक छात्र के साथ रैगिंग का मामला सामने आया है. पीड़ित छात्र ने आरोपी सीनियर के खिलाफ एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है. मामले में अब मैनिट प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है.**

सामने आई जानकारी के मुताबिक मैनिट में इंजीनियरिंग करने वाले प्रथव वर्ष के छात्र के साथ उसके सीनियर ने रैंगिग करते हुए पिटाई कर दी. पीड़ित ने मामले की शिकायत की. हेल्पलाइन से ई-मेल मिलने के बाद मैनिट प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है. सुरक्षा अधिकारी और एंटी रैगिंग कमेटी अध्यक्ष ने कॉलेज परिसर में लगे करीब दो दर्जन सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भई खंगाल रहे हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वीडियो फुटेज में घटना कैद नहीं हुई है. आरोपी विद्यार्थियों की पहचान की जा रही है. प्रौक्टिोरियल बोर्ड मामले में अन्य विद्यार्थियों के बयान भी जल्द ही दर्ज कर तैयार की जाने वाली रिपोर्ट हेल्पलाइन को भेजेगा.

## जांच प्रक्रिया पर एनएसयूआई नेता ने उठाए सवाल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय की कार्यप्रणाली, विशेषकर पत्र जारी करने और जांच प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने प्रशासनिक लापरवाही और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए औपचारिक आपत्ति दर्ज कराई है।**

रवि परमार ने बताया कि उन्हें 28 जनवरी 2026 को सीएमएचओ कार्यालय से एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें किसी जांच के संबंध में उसी दिन सुबह 11.30 बजे जिला स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि पत्र में न तो शिकायत का स्वरूप, न विषय और न ही शिकायत क्रमांक का उल्लेख किया गया था। इसके अलावा पत्र में दो स्थानों पर 28 जनवरी 2025 की तिथि अंकित थी, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई।





परमार ने यह भी आरोप लगाया कि इससे एक दिन पहले एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से एक अपठनीय पत्र भेजकर सीएमएचओ कार्यालय बुलाया गया, लेकिन शिकायत से जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रक्रिया निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाती है और सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी पैदा करती है। उन्होंने सभी जांचों में पारदर्शी, विधिसम्मत और समयबद्ध सूचना देने की मांग की।



## बे-मौसम बारिश से प्रगति नगर के रास्तों पर भरा पानी

- रहवासी और स्कूली बच्चे पानी में निकलने को मजबूर
- नगर निगम ने नहीं किया नाली का निर्माण

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. राजधानी में वार्ड 60 ऋषिपुरम फेस 1 अवधपुरी बरखेड़ा क्षेत्र प्रगति नगर में दो दिन पहले हुए बारिश के पानी ने रास्ते सराबोर कर दिए. यहां के रास्तों में इतना ज्यादा पानी भरा हुआ है कि कुछ लोगों दरवाजे तक पहुंच गया.**

पानी की वजह से वहां के स्कूली बच्चों के साथ ही बुजुर्गों को निकलने में परेशानी हो रही है. इस समस्या को लेकर पूर्व में भी नगर निगम के वार्ड प्रभारी, पार्षद और अन्य कार्यालयों पर शिकायत की गई लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई. प्रगति नगर में बहुत पहले सड़क बनाई गई थी. वह अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं. अब सड़क नजर ही नहीं आती. बचे हैं तो सिर्फ उसके गड्डे. जिन पर बिना बारिश के निकलना ही मुश्किल है. नगर नगर निगम के द्वारा कॉलोनी की समस्याओं पर ध्यान ही नहीं दिया जाता है.

> **इनका कहना है**
>
> मेरे आने के बाद प्रगति नगर में काफी सड़क का निर्माण कराया है. कुछ रह गई हैं. बजट आने के बाद उनको भी करवा दिया जाएगा.
>
> **शक्ति राव,** पार्षद, वार्ड 60, नगर निगम, भोपाल

**कॉलोनी में नहीं बनी है नाली**

प्रगति नगर को बसे हुए लगभग 10 वर्ष हो गए, लेकिन यहां पर नगर निगम के द्वारा आज तक नाली का निर्माण किया गया. यहां के रास्ते पर बारिश में पानी भर जाता है. नाली बन जाने के बाद ही जनता को राहत मिलेगी. कब तक यहां की नाली का निर्माण होगा जनता इंतजार कर रही है.

## स्ट्रीट डॉग्स की मौत से रहवासियों में नाराजगी

**भोपाल.** शाहपुरा स्थित लक्ष्मी परिसर में घूमने वाले पांच स्ट्रीट डॉग्स को जहर देकर मारने का मामला सामने आया है. रहवासियों ने अज्ञात लोगों पर जहर खिलाने का आरोप लगाते हुए शाहपुरा थाने में शिकायत की है. मामला चार दिन पुराना है, लेकिन गुरुवार को सामने आया. इसके बाद पुलिस भी सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों को पकड़ने में जुटी है. स्ट्रीट डॉग्स की मौत से रहवासियों में नाराजगी है. कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि हम सभी रोजाना स्ट्रीट डॉग्स की देखभाल करते हैं, लेकिन जब यहां स्ट्रीट डॉग्स नहीं दिखे तो उनकी तलाश शुरू की गई. पास में एक सुनसान ग्राउंड में पांच स्ट्रीट डॉग्स 5 बेहोशी की हालत में पड़े मिले थे.

**प्रशिक्षण** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में दो दिवसीय सुरक्षित वाहन चालन कोर्स संपन्न

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना उद्देश्य से कराया चालन कोर्स

**भोपाल, 29 जनवरी. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मो. हम्मीद शाहिद अबसार के निर्देशन पर पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) द्वारा मध्यप्रदेश में सड़क पर होने वाली वाहन दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से निरीक्षक (चालक) से आरक्षक (चालक) स्तर के अधिकारी/ कर्मचारियों को सुरक्षित वाहन चालन कोर्स के माध्यम से दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया.**



इसका उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं को एक सुरक्षित सड़क नेटवर्क उपलब्ध कराना, जिसमें पदयात्रियों तथा सायकिल, वाहन चालकों को प्राथमिकता दी गई और भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या एवं सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के लक्ष्य को प्राप्त करना है. सड़क सुरक्षा को मूलभूत यातायात सेवा में अविभाज्य अंग के रूप में मान्यता देना है.

प्रशिक्षण सत्र के शुभारंभ पर उप पुलिस महानिरीक्षक पीटीआरआई टी.के. विद्यार्थी द्वारा 4-ई' के प्रमुख सूत्रों जैसे एजुकेशन, इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट एवं एमरजेंसी केयर की तथा सड़क दुर्घटनाओं की भयावहता को प्रशिक्षणार्थियों के सम्मुख रखा. उनके द्वारा आरक्षक चालक को सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभाग की बैकबोन के रूप में उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया गया. इस दौरान पीटीआरआई के सहायक पुलिस महानिरीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, राजेश मिश्रा, विक्रम रघुवंशी, उपुअ हिमांशु कार्तिकेय तथा अन्य प्रशिक्षण टीम के अधिकारी भी उपस्थित रहे.

नवभारत
| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

## आर्थिक सर्वेक्षण : सुधार और संभावनाओं की तस्वीर

**गु**रुवार को संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह भारत की आर्थिक यात्रा का आत्मविश्वास से भरा बयान भी है. 1 फरवरी को आने वाले केंद्रीय बजट से ठीक पहले पेश किया गया यह सर्वेक्षण सरकार की प्राथमिकताओं, चुनौतियों और दीर्घकालिक दृष्टि को स्पष्ट करता है. वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने जिस तरह स्थिरता और गति का संतुलन बनाए रखा है, वह इस सर्वेक्षण का केंद्रीय संदेश है.

सर्वेक्षण के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.3 से 7.5 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है. यह संकेत देता है कि वैश्विक मंदी, युद्ध और व्यापारिक तनावों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है. वहीं 2026-27 के लिए 6.8 से 7.2 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दर यह भरोसा दिलाती है कि भारत की विकास गाथा केवल अस्थायी उछाल नहीं, बल्कि संरचनात्मक मजबूती पर आधारित है.

महंगाई के मोर्चे पर भी सर्वेक्षण राहत देता है. खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है. जीएसटी ढांचे में सुधार, आपूर्ति श्रृंखला के बेहतर प्रबंधन और सरकारी हस्तक्षेपों ने कीमतों को नियंत्रित रखने में अहम भूमिका निभाई है. यह संतुलन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विकास की रफ्तार तभी टिकाऊ होती है जब आम नागरिक पर महंगाई का बोझ सीमित रहे.

हालांकि सर्वेक्षण चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं करता. वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, संरक्षणवादी नीतियां और कुछ देशों द्वारा टैरिफ बढ़ाने की प्रवृत्ति भारतीय निर्यात के लिए जोखिम पैदा कर सकती है. इसके साथ ही डॉलर के मुकाबले रुपये का करीब 92 के स्तर तक पहुंचना बाहरी झटकों के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी देता है. सर्वेक्षण स्पष्ट करता है कि मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और विवेकपूर्ण मौद्रिक नीति ही ऐसे समय में सुरक्षा कवच बन सकते हैं. सेक्टर-वार प्रदर्शन की बात करें तो कृषि क्षेत्र ने सामान्य मानसून और ग्रामीण मांग में सुधार के चलते मजबूती दिखाई है. यह संकेत ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनर्जीवन का है. वहीं विनिर्माण और सेवा क्षेत्र विकास के मुख्य इंजन बने हुए हैं. निजी निवेश में तेजी के संकेत बताते हैं कि कारोबारी विश्वास लौट रहा है और भविष्य की संभावनाओं को लेकर उद्योग जगत आश्वस्त है. प्रधानमंत्री द्वारा उल्लेखित रिफॉर्म एक्सप्रेस की अवधारणा आर्थिक सर्वेक्षण में ठोस रूप में दिखाई देती है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत खर्च को भविष्य की विकास रणनीति का आधार माना गया है. यह दृष्टि स्पष्ट करती है कि सरकार अल्पकालिक लोकलुभावन उपायों के बजाय दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर जोर दे रही है.

कुल मिलाकर, आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 भारत की अर्थव्यवस्था की एक संतुलित तस्वीर पेश करता है,जहां चुनौतियां हैं, लेकिन उनसे निपटने का आत्मविश्वास भी है. अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि 1 फरवरी का बजट इस सर्वेक्षण की भावना को कितनी मजबूती से जमीन पर उतार पाता है. यदि सुधारों की यह गति बनी रही, तो भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक नेतृत्व की ओर भी ठोस कदम बढ़ाएगा.

# सुशासन के जरिए विकास को गति



पंकज जोशी

**कु**शल शासन की दिशा में भारत की यात्रा अक्सर एक विशाल संघीय ढांचे के तहत कार्यान्वयन से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों को रेखांकित करती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में स्थापित 'प्रगति' [सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इप्लीमेंटेशन)] नामक पहल, नौकरशाही की पेचीदगियों को दूर करने के एक शक्तिशाली तंत्र के रूप में कार्य करती है. एक ओर जहां यह विभिन्न राष्ट्रीय परियोजनाओं को गति प्रदान करती है, वहीं इसका प्रभाव शायद राज्य स्तर पर सबसे अधिक स्पष्ट होता है. आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण विशिष्ट क्षेत्रीय परियोजनाओं की सटीक निगरानी राज्य स्तर पर की जाती है. गुजरात में, 'प्रगति' के तहत की गई समीक्षाओं ने बुनियादी ढांचे, ऊर्जा तथा सामाजिक कल्याण से जुड़ी प्रमुख परियोजनाओं में आने वाली अड़चनों को व्यवस्थित रूप से दूर किया है और सहकारी संघवाद के एक मजबूत मॉडल को मूर्त रूप दिया है. 'प्रगति' ने न सिर्फ समीक्षा के एक मंच, बल्कि एक पूर्वानुमानित शासन के रूप में भी कार्य किया है. महीने की शुरुआत में अग्रिम रूप से एजेंडा का वितरण राज्य के संबंधित विभागों, जिला प्रशासन और कार्यान्वयन एजेंसियों की केन्द्रित भागीदारी को बढ़ावा देने में सहायक रहा. सक्रिय अनुवर्ती कार्रवाई के परिणामस्वरूप, 'प्रगति' की निर्धारित बैठकों से पहले ही कई समस्याओं का निराकरण हो गया. लिहाजा, ऐसे एजेंडा मदों को अंतिम समीक्षा से हटा दिया गया. यह उच्चस्तरीय हस्तक्षेप से पहले ही राज्य स्तर पर उनके समाधान को दर्शाता है.

### बुनियादी ढांचे से परे- सामाजिक दायित्व

'प्रगति' का दायरा भौतिक बुनियादी ढांचे से कहीं आगे जाता है. यह पहल समाज कल्याण की प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करने और अंतिम छोर तक उनकी सुलभता सुनिश्चित करने में भी समान रूप से प्रभावी है. प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभीम)स्वास्थ्य संबंधी इस महत्वपूर्ण पहल की समयबद्ध और प्रभावी कवरेज सुनिश्चित करने हेतु निगरानी की गई. नागरिकों को मिलने वाले प्रमुख लाभ हैं:- उन्नत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) के जरिए स्वास्थ्य सेवा तक बेहतर पहुंच; देखभाल की बेहतर गुणवत्ता; वित्तीय बोझ में कमी; आईटी-आधारित रोग निगरानी प्रणाली तथा प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के विकास द्वारा महामारी से निपटने की बेहतर तैयारी एवं प्रतिक्रिया; व्यापक प्राथमिक देखभाल; और डिजिटल स्वास्थ्य एकीकरण. पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री)- स्कूली अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस योजना की प्रगति की समीक्षा 'प्रगति' के जरिए की जाती है.

**राज्य-आधारित तेजी हेतु एक डिजिटल समन्वय-** 'प्रगति' की सफलता का मूल राज्य और केन्द्रीय प्रशासन के शीर्ष स्तरों को जवाबदेही-आधारित एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने की इसकी क्षमता में निहित है. हर महीने, यह इंटरफेस उन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा को संभव बनाता है जो अंतर-विभागीय मतभेदों या भूमि अधिग्रहण संबंधी अड़चनों की वजह से रुक सकती हैं.

डीएमआईसी को सीधे प्रधानमंत्री की समीक्षा के अधीन रखकर, 'प्रगति' ने धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण, विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों और निजी हितधारकों से जुड़ी समस्याओं पर वास्तविक समय में चर्चा किया जाना सुनिश्चित किया. इस प्रक्रिया ने निर्णय लेने की कवायद को गति दी, नौकरशाही में व्याप्त लालफीताशाही को कम किया और सभी संबंधित पक्षों को स्पष्ट व समयबद्ध दिशा-निर्देश प्रदान किए, जिससे भारत के औद्योगिक भविष्य की बुनियाद मानी जाने वाली इस परियोजना को गति मिली. 'प्रगति' के तहत होने वाली समीक्षाओं ने धोलेरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे के बुनियादी ढांचे के समयबद्ध विकास को सुनिश्चित किया है. यह 109 किलोमीटर लंबी एक महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड परियोजना है, जिसे अहमदाबाद को धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (एसआईआर) से जोड़ने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है. सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र हेतु कुल 91,000 करोड़ रुपये के मुख्य परियोजना निवेश के साथ, यह इलाका भारत का सेमीकंडक्टर हब बनने के लिए तैयार है और यहां देश के पहले स्वदेशी चिप्स का उत्पादन होगा. इस राज्य की सीमाओं के भीतर संचालित होने वाली ऐसी उच्च-मूल्य वाली केन्द्रीय परियोजनाएं उस 'प्रगति' तंत्र का हिस्सा बनने की आदर्श हकदार हैं, जो राज्य के कार्यान्वयन और राष्ट्रीय दृष्टिकोण के बीच तालमेल सुनिश्चित करती हैं.

**गुजरात की हरित ऊर्जा क्रांति को गति-** गुजरात नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी है और 'प्रगति' इसकी विशाल क्षमता को मूर्त रूप देने में अहम भूमिका निभा रही है. बड़े पैमाने की विविध सौर एवं पवन परियोजनाएं इस लक्ष्य को रेखांकित करती हैं. कुल 1200 मेगावाट क्षमता वाली खावड़ा सौर पीवी परियोजना (6284 करोड़ रुपये) और 1255 मेगावाट क्षमता वाली खावड़ा सौर पीवी परियोजना (7180 करोड़ रुपये) इस पहल की प्रमुख घटक हैं.

**(लेखक आईएएस (सेवानिवृत्त), जीईआरसी के अध्यक्ष/गुजरात के पूर्व मुख्य सचिव हैं)**

महाकौशल की डायरी

# पुष्पा के सिंडीकेट की तरह काम कर रहा अनाज माफिया गिरोह



अविनाश दीक्षित

**हिंदी** सिनेमा की सुपरहिट हो चुकी पुष्पा के सिंडीकेट की तरह जबलपुर के अनाज माफिया भी गरीबों के राशन को डकारते नजर आ रहे हैं. दुकान विक्रेता, डीलर और ट्रांसपोर्टर का सिंडीकेट गरीबों को मिलने वाले अनाज में डाका डाल रहा है जिसके उजागर होने के बाद चर्चाएं आम हो गईं हैं कि सरकारी अनाज की कालाबाजारी करने का एक बार फिर से ट्रेंड बदल दिया गया है. पहले निजी अनाज गोदाम से कालाबाजारी का खेल चलता था तो प्रशासन ने वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैद कर दी थी लेकिन अब अनाज की कालाबाजारी के लिए ट्रांसपोर्टर एवं डीलर्स सांठगांठ कर सरकारी अनाज को व्यापारी के फड़ तक चोरी छिपे पहुंचा रहे हैं. ऐसे में प्रशासनिक स्तर की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं. जानकारों का कहना है कि इस बड़े घोटाले में जिम्मेदारों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है.



विदित हो कि राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के गोदाम से डीलर की दुकान तक वाहनों से अनाज भेजा जाता है जिसके बीच में ही सारा खेल हो रहा है. खबर सरेआम है कि जीपीएस सिस्टम के साथ गेहूं-चावल को वेयर हाउस से लेकर राशन दुकान तक पहुंचाने वाले ट्रांसपोर्टरों ने पूरा सिंडीकेट बनाकर रखा हुआ है. 5 से 25 टन अनाज लेकर संपूर्ण दस्तावेज के साथ वाहन को गंतव्य के लिए रवाना किया जाता है, लेकिन दुकान पहुंचने पहुंचने तक इसकी मात्रा कम हो जाती है. खबर है कि देहात क्षेत्रों में ट्रांसपोर्टर आधा घंटा में ट्रक में लोड 80 से 100 बोरी बदल देते हैं. टंच अनाज व्यापारी की गोदाम में पहुंच जाता है, और व्यापारी का घटिया अनाज राशन दुकान में पहुंचा दिया जाता है. फिर दुकान संचालक टंच चावल और घटिया को मिलाकर उपभोक्ता को तौल देता है.

### नाम बड़े दर्शन छोटे की कहावत फिट बैठी...

नाम बड़े दर्शन छोटे... ये कहावत बीते कुछ दिनों से जबलपुर के बिल्डिंग परमिशन शाखा पर बिल्कुल सटीक बैठती नजर आ रही है. जिसकी मुख्य वजह शाखा के अपग्रेड पोर्टल ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम पर कुछ ही कॉलोनियों का डेटा दर्ज करना, ऐसे में अब भवन निर्माण परमिशन लेने में लोगों को महीनों लग रहे हैं. आलम ये है कि बिल्डिंग अनुमति के लिए शहरवासियों को दफ्तरों के काफी चक्कर काटने पड़ रहे हैं. विदित हो कि बिल्डिंग परमिशन शाखा के पोर्टल पर दर्ज कॉलोनियों के आधार पर ही भवन निर्माण की परमिशन जारी की जाती है, लेकिन शहर में एक सैकड़ा से अधिक कॉलोनियां हैं. जबकि पोर्टल पर आधी ही दर्ज हैं. जानकारी के अनुसार मकान बनाने के लिए बिल्डिंग परमिशन लेने में लोगों को सहूलियत देने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से बिल्डिंग परमिशन के पोर्टल ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम (एबीपास) को अपग्रेड किया था. विगत 1 जुलाई 2025 से पहले एबीपास-2 पर काम चल रहा था. वर्तमान में अपग्रेड वर्जन एबीपास-3 का उपयोग हो रहा है, लेकिन इस अपग्रेडेशन के बाद लोगों की परेशानियां और बढ़ गईं हैं.

### सुर्खियों में सीईओ का बयान




जबलपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ का बयान इन दिनों काफी सुर्खियों में बना हुआ है. बयान स्मार्ट सिटी कार्यालय में पदस्थ करीब 26 अधिकारी-कर्मचारियों से जुड़ा है. खबर है कि स्मार्ट सिटी में पिछले 2 साल से कोई काम नहीं है उसके बाद भी वहां के अधिकारी- कर्मचारियों को मुफ्त का वेतन मिल रहा है और इसी वेतन के नाम पर बीते 2 साल में करीब 3 करोड़ रुपए सरकारी खजाने से खाली किए गए हैं. मामले में सीईओ ने जो कहा उससे तो साफ था कि ये सरकारी खजाना अभी और खाली होता रहेगा क्योंकि शासन से अभी ऐसा कोई आदेश नहीं आया है कि स्मार्ट सिटी जबलपुर को खत्म किया जा सके और यहां के अधिकारी-कर्मचारियों को हटाया जा सके. जबकि फिलहाल अभी जबलपुर स्मार्ट सिटी के पास कोई प्रोजेक्ट काम करने के लिए भी नहीं है. सर्वविदित है कि स्मार्ट सिटी का कार्यकाल जून 2023 को ही समाप्त हो चुका है. विदित हो कि शहर को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट प्रोजेक्ट के तहत 2016 में निर्माण व विकास कार्य शुरू हुए थे लेकिन यहां पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में प्रोजेक्ट पूरा नहीं कर पाए. कई विकास कार्यों को एक्सटेंशन दिया गया फिर भी कई ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जो अधूरे हैं. जैसे स्मार्ट रोड निर्माण, भूमिगत नाली निर्माण, भूमिगत बिजली लाइन डालना, 24 घंटे सात दिन पानी योजना के कार्य एक्सटेंशन दिए जाने के बाद किसी तरह हो पाए. आज भी कई जगह भूमिगत नाली, बिजली, पानी की पाइपलाइन बिछाने के कार्य व राइट टाउन स्टेडियम के दूसरे फेज के कार्य अधूरे हैं.

# यूजीसी के नए नियमों का देशव्यापी विरोध

**पि**छले साल फरवरी में यूजीसी ने इन नियमों के मसौदा संस्करण को सार्वजनिक सुझावों के लिए जारी किया था, जिसमें ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को जाति-आधारित भेदभाव के दायरे से बाहर रखा गया था और भेदभाव की परिभाषा अस्पष्ट थी. मसौदा नियमों में यह भी प्रस्ताव था कि भेदभाव की झूठी शिकायतों को 'हतोत्साहित' किया जाए और इसके लिए जुर्माने का प्रस्ताव रखा गया था. लेकिन अंतिम अधिसूचित नियमों में यूजीसी ने ओबीसी को जाति-आधारित भेदभाव के दायरे में शामिल किया है और झूठी शिकायतों से संबंधित प्रावधान को हटा दिया गया है. साथ ही, 'भेदभाव' की परिभाषा को थोड़ा विस्तृत किया गया है, ताकि इसमें साल 2012 के विनियमों में शामिल कुछ बिन्दुओं को लिया जा सके.

इसके अतिरिक्त जाति-आधारित भेदभाव को रोकने के लिए प्रत्येक परिसर में समानता समितियों (इक्वेलिटी कमेटी) के गठन को अनिवार्य कर दिया गया है. इनका पालन न करने पर संस्थान को डिग्री या कार्यक्रम प्रदान करने से रोकने जैसे दंड का सामना करना पड़ सकता है. जाति-आधारित भेदभाव का अर्थ यह है कि केवल जाति या जनजाति के विश्वविद्यान्नय अनुदान आयोग बनाने की मांग की थी.

जनवरी 2016 में तेलंगाना में रोहित वेमुला और मई 2019 में पायल ताडवी की आत्महत्या मामलों के बाद पीडति परिजनों ने 29 अगस्त 2019 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके जातीय भेदभाव की शिकायतों से निपटने के लिए कठोर नियम किया, जिसकी समीक्षा शिक्षा, महिला व युवा मामलों की संसदीय समिति ने की और 8 दिसंबर 2025 को अपनी सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपी. यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026 को 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित किया गया था और 15 जनवरी 2026 से इसे लागू कर दिया गया. यह विनियम 2012 से लागू भेदभाव-रोधी नियमों का संशोधित रूप है.

आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के सदस्यों के खिलाफ किया गया भेदभाव है. भेदभाव की परिभाषा किसी भी हितधारक के खिलाफ, चाहे प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, केवल धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान, विकलांगता या इसमें से किसी भी आधार पर किया गया अनुचित, भिन्न या पक्षपातपूर्ण व्यवहार या ऐसा कोई भी कार्य भेदभाव के अंतर्गत शामिल किया जाएगा.

✍ शाहिद ए चौधरी

संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : कांति चतुर्वेदी

निशानेबाज

# क्या है मागा और वागा, टूटने लगा दोस्ती का धागा

**प**ड़ोसी ने कहा, निशानेबाज, मागा का मतलब है- मेक अमेरिका ग्रेट अगेन, लेकिन अब अमेरिका वागा की राह पर चल निकला है. भारतीय-अमेरिकी उद्योगपति विनोद खोसला ने यह बात कही. वागा का अर्थ है- व्हाइट अमेरिका ग्रेट अगेन. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और टेस्ला व स्पेस एक्स के प्रमुख एलन मस्क की नीतियां केवल गोरे अमेरिकनों को रोजगार व ऊंचे पद देकर अमेरिका को तथाकथित रूप से महान बनाने की हैं. ट्रंप भूल गए कि एशिया के लोगों ने उनके देश को समृद्ध बनाने में बहुत बड़ा योगदान दिया, चीन के श्रमिकों ने अमेरिका का रेल नेटवर्क बनाया था. भारतीयों ने आईटी, चिकित्सा सेवा, बायोटेक्नोलॉजी, शिक्षा, उद्योग, अंतरिक्ष क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान दिया.

कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स जैसी भारतीय एस्ट्रोनॉट के कृतित्व को कैसे भूला जा सकता है. भारतीय मूल के हरगोविंद खुराना ने जीन या गुणसूत्रों की खोज पर नोबल प्राइज पाया था. फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न




सिन्हा के बड़े भाई भरत सिन्हा नासा में वैज्ञानिक थे. अमेरिकी राजनीति में अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व गवर्नर निक्की हेली, प्रमिला जयपाल, तुलसी गबार्ड का बड़ा नाम है. विवेक रामास्वामी एक बड़े उद्यमी हैं. एलन मस्क के वर्णभेदी रवैये पर नाराजगी जताते हुए वेंचर कैपिटलिस्ट विनोद खोसला ने भारतीय मूल के तकनीशियनों और वैज्ञानिकों से कहा है कि वह एलन मस्क की टेस्ला व स्पेस एक्स कंपनी छोड़कर उनके साथ काम करने आ जाएं.

हमने कहा, अमेरिका की तरक्की में भारतीय ब्रेन की बड़ी भूमिका है. गूगल के प्रमुख सुंदर पिचई, माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला तथा आईबीएम के अरविंद कृष्ण का ट्रंप को चुनाव जिताने और फंड जमा करने में बड़ा योगदान रहा, लेकिन अब ट्रंप और एलन मस्क एहसानफरामोशी पर उतर आए हैं. प्रतिभाशाली भारतीयों को कम योग्यता वाले गोरों से कम वेतन दिया जाता है. पड़ोसी ने कहा, निशानेबाज, ट्रंप की राय है कि असली अमेरिकी वह है जिसका जन्म अमेरिका में हुआ हो, वह गोरा और ईसाई होना चाहिए. ऐसे लोगों को ही वह बढ़ावा देंगे.

शब्द-सागर : डॉ. सागर खादीवाला

## CROSS WORD 12156

- डॉ. सागर खादीवाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | | ■ | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | ■ | 7 | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | |
| ■ | 12 | | 13 | | | ■ | ■ |
| 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | | | | ■ | 18 | | ■ |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | ■ | 23 | | | |

**बाएं से दाएं**
1. बड़ाई गुण कथन, वर्णन 3. मधुर, स्वादिष्ट 5. पहर, तीन घंटे का समय 6. मित्र, प्रेमी, हिमायती (उर्दू) 7. मरहम लगा हुआ कपड़े या रुई का टुकड़ा 8. चराई की भूमि 10. जादू जानने या करने वाला 12. साथ में यात्रा करने वाला (उर्दू) 15. एक तरह का विषैला कीड़ा, रंग के विचार से घोड़े का एक भेद 16. ब्रम्हा के चौदह पुत्र जो मनुष्यों के मूल पुरुष माने जाते हैं 17. शोरगुल, हल्ला 18. काले रंग की एक धातु जिससे हथियार तथा यंत्र आदि बनाए जाते हैं 19. लाल, रंगा हुआ 20. विवाह के समय वर सहित कुछ लोगों का कन्या पक्ष के यहां जाना 22. मुसलमानों के शासन काल में किसी देश का प्रबंध कर्ता, किसी न्यायालय संबंधी किसी कार्यालय का प्रबंधकर्ता 23. अपरिचित, नासमझ

**ऊपर से नीचे**
1. शीतल मंद वायु, हवा 2. व्यर्थ (उर्दू) 3. नवाब सिराजुद्दौला की फौज का सिपहसालार जो अपनी गद्दारी के लिए जाना जाता है 4. हवा, पवन 7. फाल्गुन मास का आनंदोत्सव, उस उत्सव में गाया जाने वाला गीत 9. कृतघ्न (उर्दू) 11. बहुत अंतर पर, फासले पर 13. सीधापन, सादगी, निष्कपटता 14. नाखूनों से नोचना 16. बहुत बड़ा राजा 18. एक प्रकार का सुगंधित गोंद जो जलने तथा दवा के काम आता है 21. शरीर, देह

**Solution 12155**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | त्या | नं | द | | भा | व | ज |
| द्रा | | दी | वा | ना | | | ग |
| | चि | | | | अ | ध | म |
| पु | त्र | व | ती | | नि | | गा |
| रं | क | | ज | टि | ल | | ह |
| द | ला | ल | | | | की | ट |
| र | | क | छा | र | | क | |
| | गा | ड़ी | वा | न | | र | द्द |

## ज्योतिषाचार्य पंडित प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर (म.प्र.)

### आज जिनका जन्मदिन है

वर्ष के प्रारंभ में सामाजिक कार्यो में ख्याति मिलेगी, नई योजनाओं में परामर्श होगा, वर्ष के मध्य में भूमि भवन आदि के मामलों में सफलता मिलेगी, वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, वर्ष के अन्त में राजनैतिक क्षेत्र में विवाद होगा, व्यापार व्यवसाय में भागदौड़ करना होगी, निकट संबंधी के कारण मानसिक तनाव रहेगा.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों के व्यापार में भागदौड़ रहेगी, वृष और तुला राशि के व्यक्तियों को राजनैतिक क्षेत्र में विवाद होगा, कर्क राशि के व्यक्तियों को निकट संबंधी के कारण मानसिक तनाव मिलेगा, मकर और कुंभ राशि के व्यक्तियों को व्यापार में भागदौड़ रहेगी, धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को आपसी तनाव रह सकता है, सिंह राशि के व्यक्तियों को भूमि भवन संबंधी कार्यो में सफलता मिलेगी. मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों को कम मेहनत में अच्छी सफलता के योग है.

### आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिया बालक बुद्धिमान, चतुर, भाग्यवान, तथा परिश्रमी रहेगा, जिस कार्य को ठान लेगा, उसे पूरा करके ही छोड़ेगा, शिक्षा अच्छी होगी, व्यापार और नौकरी दोनों में अच्छी तरक्की करेगा, धार्मिक कार्यो में झुकाव रहेगा.

**मेष**-मतभेद दूर होने से रिश्ते मजबूत होंगे, रूखे व्यवहार से मित्र वर्ग नाराज होगा, पुराना कार्य बनेगा, अचानक धन लाभ होने का योग है.

**वृषभ**- डूबा धन मिलने के आसार है, अपनों के व्यवहार से खिन्नता होगी, व्यवसाय से लाभ होगा, मित्रों से मतभेद हो सकता है. सामाजिक कार्यों में सफलता मिलेगी.

**मिथुन**- सामाजिक कार्यो से जुड़े लोगों से अच्छा लाभ होगा, सुख सुविधा के सामान पर खर्च संभव है, भूमि भवन मकान आदि के कार्यो में समस्या का समाधान होगा.

**कर्क**- कार्य के संबंध में अनुकूल आश्वासन मिलेंगे, लापरवाही से काम पूरे नहीं होंगे, दिदनचर्या नियमित रहेगी, परिश्रम अधिक करना होगा.

**सिंह**- दुविधा की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा, गुमी वस्तु मिलने का योग है, पारिवारिक दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी, परिश्रम अधिक करना होगा.

**कन्या**- अपने लोग ही उलझाने का प्रयास कर सकते हैं, मांगलिक कार्य पर विचार होगा, मान सम्मान में वृद्धि होगी, व्यक्ति विशेष की सलाह लेना हितकर रहेगा.

**तुला**- सामूहिक कार्य में सभी की सलाह लाभदायक रहेगी, बुजुर्गो के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी, सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी, सामाजिक कार्यो में सफलता प्राप्त होगी.

**वृश्चिक**- बातों बातों में नई शुरूआत हो सकती है, जरूरतें पूरी करने उधारी संभव है, पुराने पेंडिंग पड़े कार्य बनेंगे, योजनाओं का विस्तार होगा.


**धनु**- राजकीय मामलों में लापरवाही से नुकसान होगा, शादी विवाह की चर्चा में सफलता मिलेगी, अधूरे कार्यों में गति आयेगी, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी.

**मकर**- धार्मिक आयोजन में खर्च होगा, न चाहते हुये भी लोगों की आलोचना झेलना पड़ सकती है, सोचे कार्य बिलंब से होंगे, विवादों का समाधान होगा.

**कुम्भ**- कानूनी पक्ष मजबूत होगा, करीबी लोगों के व्यवहार से दुख होगा, मानसिक अस्थिरता रहेगी, नियमित कार्यो में व्यवधान आ सकता है.

**मीन**- सुविधा की कमी से कार्य में मुश्किल आयेगी, अनुभव का लाभ मिलेगा, नौकरी तथा राजकीय कार्यों में अच्छा समाचार मिलेगा, रोगी की चिन्ता रह सकती है.

### उदयकालीन ग्रह चाल




### पंचांग

रा.मि. 10 संवत् 2082 माघ शुक्ल द्वादशी भृगुवासरे दिन 9/21, आर्द्रा नक्षत्रे रात 2/28, वैधृति योगे शाम 4/5, बालव करणे सू.उ. 6/35, सू.अ. 5/25, चन्द्रचार मिथुन, पर्व- प्रदोष व्रत, भीष्म द्वादशी, तिल द्वादशी, शु.रा. 3,5,6,9,10,1 अ.रा. 4,7,8, 11,12,2 शुभांक- 5,7,1.

### व्यापार भविष्य

माघ शुक्ल द्वादशी को आर्द्रा नक्षत्र के प्रभाव से गुड़ खांड चीनी, में पूर्व की चाल रहेगी, जीरा, धनियां, हल्दी में मंदी होगी, सोना, चांदी, में उतार चढ़ाव रहेगा, वायदा विचार आज जिस कार्य में वस्तु के भाव टूटें उसी में अगले दिन तेजी होगी. भाग्यांक 2607 है.

## SUDOKU 7288

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें. ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते. ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**नवभारत सू-दोकू 7287**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |


# बारामती ने नम आंखों से 'दादा' को दी विदाई

**अजित पवार का अंतिम संस्कार, बेटों ने मुखाग्नि दी**

**पत्नी ने चढ़ाया गंगाजल, शाह और शरद पवार रहे मौजूद**

**बारामती, 29 जनवरी. बारामती के काटेवाड़ी स्थित विद्या प्रतिष्ठान मैदान में गुरुवार को महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार का अंतिम संस्कार हुआ, दोनों बेटों पार्थ और जय पवार ने उन्हें मुखाग्नि दी.**

पत्नी सुनेत्रा पवार ने पति के पार्थिव शरीर पर गंगाजल चढ़ाकर अंतिम विदाई दी. इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, चाचा शरद पवार, सुप्रिया सुले, नितिन गडकरी, एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस मौजूद रहे. बारामती के विद्या प्रतिष्ठान श्मशान घाट में अजित पवार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया. अंतिम संस्कार में महाराष्ट्र के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंचे. बारामती में देर रात से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था. सुबह के वक्त कई इलाकों में जाम की स्थिति बन गई. समर्थक बाइक, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बस से भी अंतिम दर्शन के लि पहुंचे. अंतिम यात्रा में एक से दो किमी तक तक लोग ही लोग नजर आ रहे थे. बता दें कि पवार का चार्टर्ड प्लेन बुधवार को बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश हुआ था. हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू समेत 5 लोगों की मौत हुई. पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए 4 रैलियों को संबोधित करने वाले थे.



# एनसीपी ने सुनेत्रा पवार को चुना अजित पवार का उत्तराधिकारी

- डिप्टी सीएम बनाने के लिए सौंपा जाएगा प्रस्ताव
- प्रफुल्ल पटेल बन सकते हैं एनसीपी के अध्यक्ष

**पुणे/मुंबई, 29 जनवरी. महाराष्ट्र के दिवंगत डिप्टी सीएम अजित पवार की पार्टी ने उत्तराधिकारी के तौर उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार का नाम आगे किया है.**

एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और पार्टी के दिग्गज नेता छगन भुजबल के अनुसार बीजेपी को सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनाने का प्रस्ताव सौंपा जाएगा. सुनेत्रा पवार अभी राज्यसभा की सांसद है. अगर वह डिप्टी सीएम बनती हैं तो वह अजित पवार की बारामती सीट से लड़कर विधायक बन जाएंगी.



**क्रैश विमान का मिला ब्लैक बॉक्स**

जिस विमान के क्रैश होने से अजित पवार सहित पांच की मौत हुई थी. उसका ब्लैक बॉक्स मिल गया है, जिससे साफ होगा कि हादसे की वजह क्या थी. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के सूत्रों ने बताया कि विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया है.

# अब भारत में बनेंगे सुपरजेट-100 विमान



- एचएएल-रूस के बीच मेक इन इंडिया वाला समझौता

**नई दिल्ली, 29 जनवरी. भारत की एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक साझेदारी की है.**

दरअसल, एचएएल और यूएसी ने हैदराबाद में आयोजित विंग्स इंडिया प्रदर्शनी के दौरान रूस के प्रसिद्ध सुपरजेट-100 (एसजे-100) विमान के भारत में उत्पादन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए.

हैदराबाद में विंग्स इंडिया अंतरराष्ट्रीय विमानन प्रदर्शनी के दौरान समझौते को लेकर हस्ताक्षर किया. इस समझौते का मुख्य उद्देश्य मेक इन इंडिया पहल को सशक्त बनाना और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए विदेशी आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना है. इस समझौते के तहत, एचएएल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करते हुए, दो इंजन वाले नैरो-बॉडी जेट विमानों का लाइसेंस-आधारित उत्पादन करेगी.

## नालों की सफाई के कारण होने वाली मौतों पर 30 लाख मुआवजा

**नई दिल्ली, 29 जनवरी.** उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि मैला ढोने और नालों की सफाई के कारण होने वाली मौतों के लिए मुआवजे को बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने का उसका आदेश पुराने मामलों पर भी लागू होगा, यदि उनमें अभी तक मुआवजा तय नहीं हुआ है या मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है. उल्लेखनीय है कि न्यायालय ने अक्टूबर 2023 के %बलराम% मामले में ऐसी मौतों के लिए मुआवजे की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी थी.

# भारत की विकास गाथा हुई मजबूत : निर्मला

**56.2 करोड़ लोगों के पास रोजगार का दावा**

**800 पन्नों का आर्थिक सर्वे संसद में किया पेश**

**नई दिल्ली, 29 जनवरी.** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की. बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले पेश किया गया यह दस्तावेज भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा का आधिकारिक रिपोर्ट कार्ड है. मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार किए गए इस सर्वे का लब्बोलुआब यह है कि भारत की विकास गाथा (ग्रोथ स्टोरी) मजबूत बनी हुई है, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हमें सतर्क रहने की जरूरत है. 800 पन्नों की रिपोर्ट से यह समीक्षा तैयार की गई है.



**आर्थिक सर्वेक्षण के प्रमुख बिंदु:** स्थिर और मजबूत सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत के बीच रहेगी. हालांकि, यह चालू वित्त वर्ष (2025-26) के अनुमानित 7.4 प्रतिशत से थोड़ी कम है, लेकिन वैश्विक मंदी के माहौल में यह आंकड़ा भारत की स्थिरता को दर्शाता है. आम आदमी के लिए राहत की बात यह है कि महंगाई नियंत्रित है. आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान घरेलू मुद्रास्फीति औसतन 1.7 प्रतिशत रही है.

**राज्यों की मुफ्त रेवड़ी पर चेतावनी**

सर्वे में राज्यों द्वारा बिना शर्त नकद हस्तांतरण और वित्तीय लोक लुभावनवाद पर चिंता जताई गई है. इसमें कहा गया है कि ऐसे खर्च पूंजीगत व्यय को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे अंततः सॉवरेन उधारी की लागत बढ़ सकती है.

# एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, 29 जनवरी. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को चुनौती देने वाली एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स सहित कई याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया.**



चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, प्रशांत भूषण और गोपाल शंकरनारायण सहित कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अंतिम सुनवाई पूरी की. चुनाव आयोग की ओर से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह पेश हुए. बेंच ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से जवाबी दलीलें सुनीं. कोर्ट ने पिछले साल इस मामले में फाइनल बहस शुरू की थी, उसने कहा था कि चुनावी लिस्ट में नामों को शामिल करना या हटाना भारत के चुनाव आयोग के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में आता है. ईसीआई ने एसआईआर का बचाव करते हुए कहा है कि आधार और वोटर पहचान पत्र को नागरिकता का पक्का सबूत नहीं माना जा सकता.

## फरीदकोट में हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

**फरीदकोट.** पंजाब में फरीदकोट की काउंटर इंटेलिजेंस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ मिलकर हथियारों और गोलाबारूद की एक बड़ी जखीरा बरामद करने में सफलता हासिल की है. डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने बीओपी जीजी-3 गांव तेजा रहेला, पुलिस थाना सदर फाजिल्का के पास ज़मीनी सीमा पर सीमा पार तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया और हथियारों और गोला-बारूद के साथ हेरोइन की एक बड़ी खेप बरामद की।उन्होंने कहा कि एक गफ्फार सिक्योरिटी पिस्टल (एमपी-5 टाइप), 20 पिस्टल, 39 मैगज़ीन, 310 कारतूस (9 एमएम), दो बैकपैक और 2.160 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है.

# चंडीगढ़ के नए मेयर बने सौरभ

- सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा जीती



**चंडीगढ़, 29 जनवरी. चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा ने जीत का परचम लहराया है. भाजपा ने तीनों पदों पर जीत हासिल की है और कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का सूपड़ा साफ कर दिया.**

अहम बात है कि मेयर के लिए वोटिंग करने के बाद कांग्रेसी पार्षद और सांसद सदन छोड़कर चले गए. ऐसे में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर की वोटिंग में कांग्रेस को कोई वोट नहीं मिला. जानकारी के अनुसार, गुरुवार को सबसे पहले 11 बजे मेयर चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हुई और इसमें भाजपा ने बाजी मारी. सौरभ जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर बन गए हैं, उन्हें 18 वोट मिले, जबकि आम आदमी पार्टी को 11 और कांग्रेस के खाते में 7 वोट आए. सौरभ ने कांग्रेस के कैंडिडेट गुरप्रीत सिंह गब्बी और आप प्रत्याशी योगेश ढींगरा को हराया.

निगम में 11 बजे चुनावी

# शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा का तोहफा

- सीएम योगी ने मंत्रिमंडल की बैठक में दी प्रस्ताव को मंजूरी

**लखनऊ, 29 जनवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 32 प्रस्तावों में से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. उत्तर प्रदेश के लगभग 15 लाख शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सीय सुविधा का तोहफा योगी सरकार ने दिया है.**

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई है. बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े अहम फैसले भी लिए गए. बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग भी शिक्षकों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा. यह सुविधा आयुष्मान योजना के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिससे लगभग 12 लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे. इस निर्णय से शिक्षकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित होगा.

वहीं, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने जानकारी दी कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले लगभग तीन लाख शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और यह निर्णय उसी दिशा में एक बड़ा कदम है. कैबिनेट के इन फैसलों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का हिस्सा माना जा रहा है, जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी सामाजिक सुरक्षा मजबूत होगी.



## एक नजर में



### अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस तेहरान के पहुंचा

**वॉशिंगटन/तेहरान,29 जनवरी.** ईरान को लेकर अमेरिका की सैन्य गतिविधियां तेज होती दिख रही हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार यूएसएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप हिंद महासागर में प्रवेश कर चुका है और क्षेत्र में उसकी सक्रियता बढ़ी है.यूएसएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप सोमवार को हिंद महासागर में दाखिल हुआ और ईरान के करीब जा रहा है. यह ईरान के खिलाफ किसी भी संभावित ऑपरेशन में मदद कर सकता है, चाहे वह हमलों में मदद करना हो या ईरान के संभावित जवाबी हमले से क्षेत्रीय सहयोगियों की रक्षा करना हो. इसे संभावित ऑपरेशनों और क्षेत्रीय सहयोगियों की सुरक्षा से जोड़कर देखा जा रहा है.

### वैज्ञानिकों ने पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज खोजा

**मैड्रिड, 29 जनवरी.** स्पेन के नेशनल कैंसर रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिकों ने पैंक्रियाटिक कैंसर के इलाज में एक बड़ा कदम उठाया है. रिसर्च में, उन्होंने पहली बार इस घातक कैंसर के ट्यूमर को पूरी तरह से खत्म करने में सफलता पाई है. अध्ययन में पैंक्रियाटिक डक्टल एडेनोकार्सिनोमा पर फोकस किया, जो सबसे आम ट्यूमर है. वैज्ञानिकों ने इस कैंसर के तीन प्रमुख हिस्सों को निशाना बनाने वाली रणनीति बनाई. इसमें ट्यूमर को शुरू करने वाला म्यूटेशन केआरएएस और दो प्रोटीन ईजीएफआर और एसटीएटी3 शामिल हैं, जो कैंसर को जीवित रहने में मदद करते हैं. इस तीन-दवा संयोजन की प्रभावकारिता साबित हुई है. यह रिसर्च 'नेशनल कैंसर रिसर्च सेंटर' के वैज्ञानिक 'मारियानो बार्बासिड' की अगुवाई में की गई. इसके नतीजे 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' जर्नल में प्रकाशित हुए.

### चीन अमेरिका-मतभेदों को दूर करने को सहमत

**बीजिंग, 29 जनवरी.** चीन ने गुरुवार को कहा कि वह मतभेदों को दूर करने, सहयोग को आगे बढ़ाने और द्विपक्षीय आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता हे योंगकियान ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दोनों राष्ट्राध्यक्षों के रणनीतिक मार्गदर्शन में, चीन और अमेरिका ने समानता, पारस्परिक सम्मान तथा पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों के आधार पर 2025 में आर्थिक एवं व्यापार परामर्श के पांच दौर आयोजित किये, जिससे कई सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये। प्रवक्ता ने आगे कहा कि इससे यह पूरी तरह से साबित हो गया है कि चीन और अमेरिका आपसी संवाद और परामर्श के माध्यम से आर्थिक तथा व्यापारिक मतभेदों को हल करने के तरीके खोज सकते हैं।

# एक करोड़ लोगों को रोजगार देगी सरकार

**सीएम नीतीश ने समस्तीपुर जिले को दी 827 करोड़ की सौगात**

**समस्तीपुर,29 जनवरी. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार बिहार में एक करोड़ लोगों को रोजगार देने के प्रति कृत संकल्पित है.**

श्री कुमार आज समृद्धि यात्रा के दूसरे चरण में समस्तीपुर पहुंचें. इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री कुमार ने करीब 827 करोड़ रुपये की 188 विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घघाटन किया. मुख्यमंत्री श्री कुमार ने जिले के जितवारपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड मैदान में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए अगले पांच वर्षो मे एक करोड़ लोगों को रोजगार देगी. उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. उन्होंने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जात-पात के नाम पर लोगों के बीच सिर्फ नफरत फैला कर राजनीति की गई. श्री कुमार ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है.



नीतीश ने समृद्धि यात्रा के दौरान समस्तीपुर जिले में 827 करोड़ रुपये की लागत से 188 योजनाओं का उद्घाटन, कार्यारंभ एवं शिलान्यास किया. मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के परिसर में रिमोट के माध्यम से शिलापट अनावरण कर समस्तीपुर जिले के लिए 470 करोड़ रुपये की 71 योजनाओं का शिलान्यास, 273 करोड़ रुपये की 74 योजनाओं का उद्घाटन एवं 84 करोड़ की 43 योजनाओं का कार्यारंभ किया. सीएम ने समृद्धि यात्रा के क्रम में समस्तीपुर जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया.

## आज का इतिहास

1530 – मेवाड़ के राणा संग्राम सिंह का निधन।
1649 – इंग्लैंड के सम्राट 'चार्ल्स प्रथम' का सिर कलम किया.
1790 – पहली लाइफबोट को टायन नदी में उतारा गया.
1889 – प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार जयशंकर प्रसाद का जन्म.
1903 – लॉर्ड कर्जन ने कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) के मेटकॉफ हॉल में 'इंपीरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया.
1910 – भारतीय राजनेता, वकील और पूर्व रक्षा मंत्री चिदंबरम सुब्रमण्यम का जन्म.
1911 – 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया.

# संसद भवन में खरगे और राहुल के साथ थरूर की अहम मुलाकात



**नई दिल्ली, 29 जनवरी. कांग्रेस लोकसभा सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को संसद भवन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की.**

उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर राजनीतिक हलकों में चल रही नाराजगी और तल्खी की चर्चाओं पर विराम लगाने का संकेत दिया है. कांग्रेस अध्यक्ष और राहुल से मुलाकात के बाद थरूर ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी. खरगे और राहुल के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर गर्मजोशी और रचनात्मक चर्चा हुई.

# बीटिंग रिट्रीट समारोह में आधुनिक युद्ध कौशल की दिखी झलक

**नई दिल्ली, 29 जनवरी (वार्ता) गणतंत्र दिवस के संगीतमय समापन समारोह बीटिंग रिट्रीट में विजय चौक पर पारंपरिक और आधुनिक युद्ध कौशल के संगम की झलक दिखाई दी.**

जिसमें एक ओर गगनयान, ब्रह्मोस, मिग-21 की सांकेतिक आकृतियों के माध्यम से आधुनिक विज्ञान और रणकौशल को प्रदर्शित किया. वहीं दूसरी ओर देव व्यूह, अर्ध-चंद्र व्यूह, गरूड़ व्यूह जैसी महाभारत कालीन प्राचीन युद्ध व्यूह रचनाओं से पारंपरिक सैन्य कौशल को दिखाया गया. इस अवसर पर गुरुवार को यहां विजय चौक पर तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षाध्यक्ष जनरल अनिल चौहान आदि मौजूद रहे. उपस्थिति में तीनों सेनाओं एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बैंड ने देशभक्ति से सराबोर धुनों की संगीतमय प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ को समर्पित इस समारोह की शुरुआत संयुक्त बैंड (मैस्ड बैंड) द्वारा आजाद हिंद फौज के सैन्यगीत कदम कदम बढ़ाए जा की प्रस्तुति के साथ हुई। फिर पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने अतुल्य भारत, वीर सैनिक, मिली जुली आदि धुनों की प्रस्तुति दी.

**परफॉर्म जरूरी** | **पीएम ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले किया संबोधित**

# समाधान के साथ आगे बढ़ने का समय : मोदी



**नई दिल्ली, 29 जनवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से संसद का कार्य सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग का आग्रह किया और कहा है कि आज समय व्यवधान का नहीं बल्कि समाधान का है और देश के विकास में लाभकारी परिणाम देने के लिए सभी को इस समय का उपयोग करना चाहिए.**

मोदी ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय कार्यों में बाधा डालने का नहीं बल्कि समस्याओं के समाधान का है. उन्होंने कहा सांसदों को राष्ट्र के लिये आवश्यक समाधानों को गति देने की दिशा में अपनी शक्ति का इस्तेमाल करना होगा, जिससे उनके निर्णयों के लाभकारी परिणाम देश को प्राप्त हो सकें. पीएम मोदी ने कहा कि बजट पर देश का ध्यान स्वाभाविक है और सरकार का प्रयास परफॉर्म, रिफॉर्म, ट्रांसफर का रहा है. अब हम उससे भी आगे निकल चुके हैं और सबको इसे गति देने में अपनी सकारात्मक ऊर्जा का इस्तेमाल करना है. उनका कहना था कि देश लंबे समय की समस्या से निकलकर लंबी अवधि के समाधान की तरफ निकल चुका है. हमें लेकर दुनिया को भरोसा है और हम तकनीकी, प्रतिस्पर्धा के साथ उसे आत्मसात करेंगे.

**लोकसभा की कार्यवाही रविवार तक स्थगित**

लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को बजट सत्र के दूसरे दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश होने के बाद 1 फरवरी (रविवार) तक के लिए स्थगित कर दी गई. प्रश्न काल के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन के पटल पर आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 रखा. सरकार परंपरा को बनाए रखते हुए रविवार होने के बावजूद बजट पेश करेगी. बजट से एक दिन पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाता है.

# अब आंदोलन की राह पर ओबीसी महासभा

## ओबीसी आरक्षण : सुप्रीम कोर्ट में होनी थी सुनवाई, सरकार की ओर से नहीं पहुंचे अधिवक्ता

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. मप्र में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के प्रकरण में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी, लेकिन मप्र सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिये कोई भी अधिवक्ता नहीं पहुंचा. ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी.**

सरकार के इस रवैये पर ओबीसी महासभा ने नाराजगी जताई है. ओबीसी आरक्षण के मामले में सरकार की ओर से ठोस पक्ष नहीं रखने से तारीख पर तारीख मिल रही है. ऐसे में अब महासभा ने एक बार फिर आंदोलन की चेतावनी दी है. ओबीसी महासभा ने कहा है कि शीघ्र ही एक बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी.

ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य और





याचिकाकर्ता लोकेन्द्र गुर्जर के मुताबिक गुरुवार की सुनवाई के दौरान ओबीसी समाज को यह गहरी निराशा हुई कि राज्य सरकार की ओर से कोई ठोस और प्रभावी पक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे लंबे समय से लागू 13 फीसदी होल्ड हटाने की दिशा में कोई निर्णय नहीं हो सका. इस लगातार हो रही देरी से ओबीसी समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. इसे केवल न्यायिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के साथ अन्याय के रूप में देखा जा रहा है. गुर्जर ने साफ किया है कि अब केवल अदालत की तारीखों का इंतजार नहीं किया जाएगा. संगठन ने निर्णय लिया है कि जल्द ही एक बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी, जिसकी तिथि और रूपरेखा शीघ्र सार्वजनिक की जाएगी. गुर्जर के मुताबिक जब तक ओबीसी समाज को उसका संवैधानिक 27 फीसदी आरक्षण और 13 फीसदी होल्ड से मुक्ति नहीं मिलती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा.

### इनका कहना है

बार-बार तारीख देना ओबीसी समाज के साथ अन्याय है. अब आंदोलन अनिवार्य हो गया है. बहुत जल्द आंदोलन की तारीख की घोषणा की जाएगी.

**लोकेंद्र गुर्जर**, सदस्य ओबीसी महासभा राष्ट्रीय कोर कमेटी एवं याचिकाकर्ता



# मुख्यालय पर नहीं रहते पशु कृत्रिम रेतन केंद्र प्रभारी

▶ बैरसिया क्षेत्र के पशुपालक परेशान

**बैरसिया, 29 जनवरी. बैरसिया पशु कृत्रिम रेतन केंद्र प्रभारी मुख्यालय पर नहीं रहते हैं, जिससे बैरसिया क्षेत्र के पशुपालक परेशान हो रहे हैं. इस केंद्र में प्रभारी डॉक्टर पीएल जैन पदस्थ हैं. बताया जाता है कि वह महीने में सिर्फ 7-8 दिन दफ्तर आते हैं.**

गुरुवार को ग्रामीण इलाकों से आए पशुपालक किशोरीलाल अहिरवार, तोरण सिंह यादव, मनमोहन व संतोष दांगी ने बताया कि बैरसिया पशु कृत्रिम रेतन केंद्र जब भी गए हैं, वहां योजना प्रभारी डॉक्टर पीएल जैन बैठे नहीं मिले. पशुपालकों का कहना है कि आचार्य विद्यासागर योजना एवं भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की जानकारी नहीं होने से वे इन योजनाओं के लाभ से वंचित हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी मुताबिक बैरसिया ब्लॉक में 20 पशु कृत्रिम रेतन सब सेन्टर संचालित हैं, कुछ तो समय पर खुल रहे हैं और निरीक्षण के अभाव में अधिकांश बंद रहते हैं. पशुपालक पशु नस्ल सुधार प्रशिक्षण, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा एवं उच्च गुणवत्ता वाले सांडों के सीमेन का उपयोग जैसी विभागीय योजनाओं के लाभ से कोसों दूर हैं. इस संबंध में जब विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अभिजीत शुक्ला से उनके मोबाइल फोन पर बात करना चाही तो उनका मोबाइल फोन रिसीव नहीं हुआ. इधर, एसडीएम आशुतोष शर्मा ने कृत्रिम रेतन केंद्र बैरसिया का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की बात कही है.



### एकेडमिक समन्वयक सक्सेना सम्मानित

**बैरसिया, 29 जनवरी.** पीएम पोषण आहार योजना के सफल क्रियान्वयन पर जनपद शिक्षा केंद्र बैरसिया विकासखंड के एकेडमिक समन्वयक योगेश सक्सेना को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल ईला तिवारी (आईएएस) द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

# भारत की विश्व स्तर पर पहचान प्रशंसनीय

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्थिक सर्वेक्षण पर दी प्रतिक्रिया

**भोपाल, 29 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ रहा है. आज प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण समावेशी विकास के महत्व पर बल देता है.**

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं सर्वेक्षण को समावेशी विकास का प्रतीक बताया है, जिसमें किसानों, एमएसएमई, युवाओं के लिए रोजगार और समाज कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2025-26 में 7.4% ग्रास डोमेस्टिक प्रोडक्ट (सकल घरेलू उत्पाद) एवं 7.3% ग्रास वेल्यू एडेड (सकल मूल्य वर्धित) वृद्धि दर के साथ भारत विश्व में लगातार चौथे वर्ष सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है.

भारत की यह पहचान विश्व स्तर पर बनी है, जो प्रशंसनीय है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्थिक सर्वेक्षण पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक ताकत के रूप में उभरने की यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत की शक्ति और विकसित भारत के संकल्प की अभिव्यक्ति है, जिसमें हर भारतीय का कठोर श्रम, समर्पण भावना और सक्रिय सहभागिता शामिल है. उल्लेखनीय है कि आर्थिक सर्वेक्षण भारत की रिफॉर्म एक्सप्रेस (सुधारों की गति) की एक व्यापक तस्वीर पेश करता है, जो चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिवेश के बावजूद निरंतर प्रगति को दर्शाता है.

आर्थिक सर्वेक्षण मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे, निरंतर विकास की गति और राष्ट्र निर्माण में नवाचार, उद्यमिता एवं इंफ्रास्ट्रक्चर की विस्तार लेती भूमिका को उजागर करता है.

एक नजर में



### गेहूं से भरे ट्रक ने यात्री बस, फिर कार को मारी टक्कर

**सलामतपुर.** भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर सलामतपुर थाने के वाटिका ढाबे के पास एक तेज़ रफ़्तार गेहूं से भरे ट्रक के चालक ने एक यात्री बस में टक्कर मारते हुए विदिशा जिला पंचायत अध्यक्ष की लग्जरी कार को ठोंक दिया. गनीमत रही कि किसी को भी चोटें नही आई. हादसे के बाद भोपाल विदिशा रोड पर लंबा जाम लग गया. मौके पर पहुंची सलामतपुर पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु रूप से शुरू हो पाया. पुलिस के अनुसार गुरुवार को दोपहर लगभग तीन बजे वाटिका ढाबे के पास सागर से इंदौर से गेहूं लेकर जा रहे ट्रक एमपी 15 एचए 3279 के ड्राइवर ने तेज़ व लापरवाही से ट्रक चलाते हुए आगे चल रही भोपाल जाने वाली यात्री बस गुप्ता ट्रेवल्स में टक्कर मारी और फिर विदिशा जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश रघुवंशी की लग्जरी कार एमपी13 जेडयू 5339 में सामने से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. पुलिस ने ट्रक ज़ब्त कर चालक के विरुद्ध धारा 281 बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया है.



### स्कूली बच्चों को बताए साइबर क्राइम से बचने के तरीके

**सलामतपुर.** इन दिनों बढ़ते साइबर अपराधों से बचने के लिए जिले में जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. इसी कड़ी में गुरुवार को सलामतपुर पुलिस ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया. यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, और आरक्षक रोहित गोस्वामी ने टीम के साथ शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई. दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि साइबर क्राइम के विभिन्न रूप, जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, और सोशल मीडिया से संबंधित खतरे, किस तरह युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं. उन्होंने छात्रों को सतर्क रहने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने और साइबर सुरक्षा के बुनियादी उपाय अपनाने की सलाह दी. इसके साथ ही यातायात संबंधित जानकारी भी बच्चों को उपलब्ध कराई गई.



### ओवरब्रिज निर्माण के लिए 10 गांवों का रास्ता बंद

**सलामतपुर.** सांची जनपद के मुड़ियाखेड़ा रेलवे गेट पर बन रहे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है. एजेंसी द्वारा यहां डाइवर्ट मार्ग नहीं बनाया गया है, और जो दस गांवों का रास्ता था उसे भी बिना कोई पूर्व सूचना के दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है. फाटक बंद होने से हज़ारों ग्रामीण के छोटे या बड़े कोई भी वाहन नहीं निकल पा रहे हैं. यहां से ग्रामीणों को पैदल ही निकलना पड़ रहा है. इस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. गुरुवार को फाटक बंद होने से कई वाहन दोनों और फंस गए. ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति रोज देखने को मिलती है, लेकिन निर्माण एजेंसी और प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. सांची जनपद के गांव मुड़ियाखेड़ा में रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज का काम शुरू हुए काफी समय हो गया है. निर्माण पूरा होने के बाद इन मार्गों पर पड़ने वाले दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी. लेकिन अभी तो ब्रिज कंप्लीट भी नही हुआ और लोगों की परेशानियां शुरू हो गई. बता दें कि भोपाल बीना तीसरी रेलवे ट्रैक के बाद ट्रेनों की संख्या के साथ उनके फेरे भी बढ़ गए हैं. कई बार रेलवे क्रासिंग बंद करनी पड़ती है.

## कॉम्बिंग गस्त में गुंडे, बदमाशों को चैक कर दी हिदायत

**सलामतपुर.** पुलिस ने बीती रात कॉम्बिंग गस्त के दौरान गुंडे, जिलाबदर बदमाशों को चेक कर उन्हें सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी गई. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में बुधवार गुरुवार की मध्य रात्रि में समस्त एसडीओपी के नेतृत्व में थानावार टीमें गठित कर स्थाई, फरार वारंटियों की धरपकड़ और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी हेतु रात्रि कॉम्बिग गस्त की गई. रात्रि कॉम्बिंग गस्त के दौरान थानावार पुलिस टीम ने स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए और गिरफ्तारी वारंट भी तामिल कराए गए. संपत्ति संबंधी आरोपियों को चैक किये. अन्य आरोपियों को चैक किया गया है. वहीं मध्य रात्रि में होटल, ढाबा, अस्पताल, एटीम चेक किए और अकारण घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ सहित वाहनों को भी चेक किया गया.



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पद्मश्री नारायण व्यास से की भेंट

**भोपाल, 29 जनवरी.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने पुरातत्वविद् नारायण व्यास को पुरातत्व एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित होने पर गुरुवार को भोपाल स्थित उनके आवास पर भेंट कर उन्हें आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. इस दौरान भाजपा की प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे.

# एमपी के शिल्पों की दिल्ली हाट में प्रदर्शनी

**भोपाल, 29 जनवरी. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के पाँच पारंपरिक कारीगर 31 जनवरी 2026 तक दिल्ली हाट, नई दिल्ली में आयोजित शिल्प एवं हस्तकला प्रदर्शनी में सहभागिता कर रहे हैं. यह सहभागिता भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है तथा राज्य नोडल विभाग हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प संचालनालय, भोपाल द्वारा समन्वित की जा रही है.**

मध्यप्रदेश से चयनित ये पाँच कारीगर प्रदेश की जीवंत एवं समृद्ध शिल्प परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं. इनके द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे उत्पादों में इंदौर के पारंपरिक चमड़े के खिलौने, सीहोर के लकड़ी के खिलौने, पारंपरिक लकड़ी की नक्काशीदार मूर्तियाँ, बेतूल की डोकरा (घंटी धातु) कला तथा चमड़े से निर्मित परिधान एवं एसेसरीज़ शामिल हैं.




### कारीगरों का संक्षिप्त परिचय

जितेंद्र, बैतूल (म.प्र.) से डोकरा (घंटी धातु) कारीगर हैं, जो पीढ़ियों से अपने परिवार के साथ इस पारंपरिक हस्त ढलाई धातु शिल्प से जुड़े हुए हैं. उनकी कृतियाँ स्थानीय संस्कृति में निहित पारंपरिक शिल्प कौशल को दर्शाती हैं. केदारनाथ साहू, शहडोल जिले के परंपरागत लकड़ी शिल्पकार हैं. उनकी कारीगरी पारंपरिक शिल्प कौशल को आधुनिक डिजाइन दृष्टिकोण के साथ संयोजित करती है, जिससे आकर्षक एवं समकालीन लकड़ी की कलाकृतियाँ निर्मित होती हैं.

# फर्जी आपत्तियां रद्द कर दर्ज की जाए एफआईआर

**बेगमगंज, 29 जनवरी. मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम काटने के लिए लगाई गई फर्जी आपत्तियों को रद्द करने और आपत्ति लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई.**

गुरुवार को मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष हाजी शफीक अली और उलेमा ए दीन के नेतृत्व में लोग नारेबाजी करते हुए पुराना बस स्टैंड से एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम सौरभ मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर बिना साक्ष्य के लगाई गई आपत्तियों को निरस्त कर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने अपने कर्तव्यों का सही पालन नहीं करने वाले कुछ बीएलओ के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है. ज्ञापन में बताया है सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के बेगमगंज क्षेत्र में भी एक साजिश के तहत असंवैधानिक तरीके से पोलिंग बूथ के बाहर के लोगों के नाम और उनके मोबाइल नंबर दर्ज कर मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के नाम काटने को लेकर बिना साक्ष्य की आपत्तियां प्रस्तुत की गई है. एक व्यक्ति के नाम से एक ही हैंडराइटिंग में आपत्तियां रिटर्निंग आफीसर के समक्ष प्रस्तुत की गई है. रिटर्निंग आफीसर द्वारा जांच के आदेश दिए हैं.

# मिनी ट्रक की टक्कर से बस खाई में उतरी, ड्राइवर गंभीर

**सलामतपुर, 29 जनवरी. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे क्रमांक 18 पर गुरुवार दोपहर 1:00 बजे के आसपास सड़क हादसा हो गया. चोपड़ा के पास विदिशा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ईंटों से लदे 407 वाहन ने यात्री बस को ड्राइवर साइड से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब 20 फीट गहरी खाई में उतर गई.**

बताया जा रहा है कि गुप्ता कंपनी की यह यात्री बस भोपाल से सलामतपुर होते हुए विदिशा जा रही थी. हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस में सवार कई यात्रियों को भी चोटें आई हैं. राहगीरों द्वारा घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्टेट हाईवे 18 पर ईंटों से लदे 407 वाहन बेखौफ होकर तेज रफ्तार में दौड़ रहे हैं, जिन पर न तो आरटीओ और न ही खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है. लोगों ने अवैध ईंट परिवहन पर सख्त कार्रवाई और हाईवे को शीघ्र फोरलेन किए जाने की मांग की है.




स्टेट हाईवे पर चोपड़ा के पास हादसा, कई यात्रियों को आई चोटें

### शीघ्र हो फोरलेन, तब आएगी हादसों में कमी

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं. इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है. वहीं सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को फोरलेन करने की मांग शासन प्रशासन से की है. गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं. जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है. सलामतपुर व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है. क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है. और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है. जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है. स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोरलेन करने की मांग की है.

साहित्य महोत्सव ▶ सीएम ने वर्चुअली किया सीतामऊ साहित्य महोत्सव का शुभारंभ

# शोधार्थियों का तीर्थ स्थल है नट नागर संस्थान

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सीतामऊ के महाराज कुमार रघुवीर सिंह ने 1974 में नट नागर संस्थान की स्थापना की.**

यह संस्थान आज शोधार्थियों का तीर्थ स्थल के रूप में जाना जाता है. संस्थान, 30 हजार दुर्लभ पांडुलिपियों होने से यह एशिया की लाइब्रेरी के रूप में विख्यात है. यहां से न सिर्फ भारतवर्ष के बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोधार्थी विभिन्न विषयों से संबंधित पीएचडी का शोध भी करते है. संस्थान से इतिहासकार और हिंदी साहित्य जगत से रामधारी सिंह दिनकर, श्रीमती महादेवी



वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, हजारी प्रसाद द्विवेदी आदि प्रसिद्ध नाम भी संबंधित है. संस्थान में महत्वपूर्ण पांडुलिपियों में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित कई दस्तावेजों के अतिरिक्त 1857 की क्रांति के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी संग्रहित है. यह संस्थान भारतीय इतिहास साहित्य और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र स्थल है.

> द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का आयोजन सीतामऊ स्थित नट नागर शोध संस्थान में किया जा रहा है. देशभर से साहित्य क्षेत्रों के विद्वान, वक्ता, कलाकार, इतिहासकार महोत्सव में शामिल हो रहे है. साहित्य महोत्सव को नॉलेज कुंभ के रूप में विकसित किया गया है. इसमें स्कूल के बच्चों से तारामंडल संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 दिवसीय द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से वर्चुअल शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महोत्सव में शामिल महानुभावों से कहा कि सांस्कृतिक पुनरुत्थान के इस पर्व में आपका स्वागत है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को आयोजित कर हजारों वर्षों से राष्ट्र और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी. सोमनाथ का उन्नत शिखर और आकाश में लहराता ध्वज हमें गर्व से भर देता है. इसी प्रकार नट नागर शोध संस्थान विश्व और राष्ट्र की अनमोल धरोहर है और तीर्थस्थल के समान है. सीतामऊ में स्थित यह अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थान हमारे गौरवशाली अतीत की विरासत से विकास तक की जानकारी रखता है.

# आईटीआई की गुणवत्ता बिना कौशल विकास संभव नहीं

▶ आईटीआई संबद्धता मानदंड-2025 पर राज्य स्तरीय कार्यशाला

**भोपाल, 29 जनवरी. कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश में कौशल प्रशिक्षण को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए उसे सीधे रोजगार और उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़ा जा रहा है.**

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित किए बिना रोजगारोन्मुख कौशल विकास संभव नहीं है. नवीन आईटीआई संबद्धता मानदंड-2025 इसी दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी पहल है, जो प्रशिक्षण संस्थानों को अधिक सक्षम, उत्तरदायी और उद्योग-उपयोगी बनाएगा. यह बात राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने ग्लोबल स्किल पार्क में आईटीआई संबद्धता-2025 पर आयोजित कार्यशाला में कही.

राज्यमंत्री टेटवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए संबद्धता मानदंडों से प्रशिक्षण प्रणाली में एकरूपता आएगी और संस्थानों के संचालन में स्पष्टता सुनिश्चित होगी. इससे न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल मानव संसाधन भी उपलब्ध होगा.

यह कार्यशाला संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल में आयोजित की गई.

# 5 महीने के भ्रूण को नाले में छोड़ा

## सवाल : 5 महीने का भ्रूण बिना किसी जानकार के इस तरह ऑपरेट नहीं होते, इसके पीछे दोषी कौन?

**सप्ताह भर में नवजात भ्रूण मिलने की दूसरी घटना**

**गुरुवार को राजगढ़ स्थित नाले से मिला भ्रूण**

**24 जनवरी को खिलचीपुर के समीप बरुखेड़ी से भी मिला था नवजात**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़/ब्यावरा 29 जनवरी, का.** गुरुवार की सुबह को जिला मुख्यालय राजगढ़ स्थित एक नाले से भ्रूण मिलने सनसनी फैल गई. सप्ताह भर के भीतर नवजात मिलने की जिले में यह दूसरी घटना है. इसके पूर्व 24 जनवरी को खिलचीपुर के समीप बरुखेड़ी गांव के यहां से नवजात मिलने की घटना प्रकाश में आई थी.

जानकारी के अनुसार राजगढ़ में गुरुवार को कलेक्टर बंगले के समीप स्थित कब्रिस्तान वाले नाले में एक भ्रूण राहगीरों को नजर आया. इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी. यह भ्रूण 5-6 माह का होना बताया जाता है. जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल शुरु करते हुए अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया है.

### 5 से 6 महीने का भ्रूण था, पूरी तरह विकसित नहीं था



सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया भ्रूण करीब 5 से 6 महीने का था. भ्रूण का पोस्टमॉर्टम डॉ देवांग शर्मा द्वारा किया गया है. जांच में पाया गया है कि भ्रूण पूर्ण रूप से विकसित नहीं था और उसके लैंगिक लक्षण भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं थे. इसके बावजूद चिकित्सकीय परीक्षण में वह फीमेल भ्रूण पाया गया.

**खिलचीपुर में कड़ाके की ठंड में मिला था नवजात**

खिलचीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरुखेड़ी में 24 जनवरी को कड़ाके की ठंड के बीच एक नवजात शिशु मिलने का मामला सामने आया था. गांव के बाहर सुनसान इलाके में एक खाली कमरे के निकट शॉल और गमछे में नवजात लिपटा हुआ मिला था. प्राथमिक उपचार के बाद नवजात को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया. किसी राहगीर ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी थी. नवजात ठंड से बुरी तरह कांप रहा था.

### सीसीटीवी खंगालें तो मिल पाएंगे भ्रूण हत्या के दोषी

जिस स्थान पर नाले के पास यह भ्रूण पाया गया वह कलेक्टर बंगले के समीप मौजूद है. जांच के दौरान यदि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं तो दोषियों तक पुलिस पहुंच सकती है. मामला काफी संवेदनशील है. यह सीधे तौर पर भ्रूण हत्या है और इस संगीन अपराध के दोषियों को प्रशासन और पुलिस को जल्द हिरासत में लेना चाहिए जिससे आने वाले समय और कोई इस तरह के कुकृत्य करने से पहले सोचे. मानवता को ताक पर रखकर किए गए इस कृत्य की सजा भी निश्चित तौर पर कड़ी मिलनी चाहिए. किसी से उसके जीवन के अधिकार को छीन लेना महापाप की श्रेणी में रखा गया है.

### गंभीरता से हो भ्रूण हत्या की जांच

इस पूरे मामले में एक तथ्य स्पष्ट है कि इस तरह के भ्रूण हत्या के मामले में बिना किसी जानकार के अंजाम नहीं दिया जा सकता. यानी इस भ्रूण हत्या के पीछे किसी ना किसी रूप में कोई जानकारी रखने वाला ही शामिल हो सकता है. पुलिस को इस दृष्टिकोण से जांच करनी चाहिए. यदि अपराधी नहीं पकड़े जाते हैं तो उन्हें संबल मिलेगा और भविष्य में भ्रूण हत्या के मामले सामने आते रहेंगे. यह कहां किया गया, किसके द्वारा किया गया, जहां से भ्रूण मिला वहां ये लोग कैसे पहुंचे. जिला वैसे ही बाल विवाह, नातरा और झगड़े जैसी कुप्रथाओं को लेकर अच्छी छवि नहीं रखता है. ऐसे में यदि इस प्रकार के मामले सामने आएंगे तो निश्चित तौर पर यह जिले की छवि को कलंकित करने वाला होगा.



# न्यायालय के पास अवैध शराब की बिक्री का महिलाओं ने किया विरोध

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 29 जनवरी, ग्राम राजोदा जो शहर से लगा हुआ है और यहां न्यायालय भी है पुलिस का आना-जाना भी लगा रहता है.इसके बाद भी इस गांव में खुलेआम शराब का कारोबार चल रहा है.**

ग्रामीण दारू पीकर उत्पात करते हैं महिलाओं के साथ मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं.इससे छोटे छोटे बच्चों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है वह भी कमाई के चक्कर में विद्यालय न जाकर ब्लैक में शराब बेचते हैं इससे कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं. यह सब देखते हुए अब महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है.वह शासन प्रशासन के विरुद्ध आवाज उठा रही हैं और अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग कर रही है.उन्होंने पुलिस अधीक्षक तथा स्थानीय प्रशासन में बैठे अधिकारियों को भी ज्ञापन दिया है उनका कहना है अगर शराब बिक्री पर रोक नहीं लगी तो वह धरना प्रदर्शन कर विरोध करेंगी इसकी जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी शराब कौन बेच रहा है और किन का संरक्षण उन्हें प्राप्त है यह जानकारी भी अधिकारियों को है इसके बाद भी कार्रवाई न होना चिंता का विषय है.

**करेंगे कार्यवाही-एसडीओपी**

गंजबासौदा एसडीओपी तथा थाना प्रभारी का कहना है शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी इसकी जांच पड़ताल चल रही है.शराब बेचने वाले कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा.

### एक नजर में

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना**

**राजगढ़ 29 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत असंगठित श्रमिकों के लिए पेंशन योजना हेतु प्रथम चरण अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है. इसका द्वितीय चरण ग्रामीण क्षेत्र में 15 फरवरी से 15 मार्च तक चलाया जाएगा. जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि अभियान अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक जैसे आटो रिक्सा चालक, सफाई कर्मी, रेहडी पटरी वाले मजदूर, घरेलू काम काम करने वाले मजदूर, किसान आदि लाभ ले सकते है. असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर जिनकी आयु 18 से कम ना हो तथा 40 वर्ष से अधिक ना हो, आयकर दाता ना हो, तथा मासिक आय 15 हजार रूपये से अधिक ना हो. वे सभी इसमें पात्र होंगे. जिला श्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिनकी आयु 18 वर्ष है उन्हे 55 रूपये प्रतिमाह प्रीमियम जमा करना होगा. जिनकी आयु 40 वर्ष है उन्हे 200 रूपये प्रतिमाह प्रीमियम जमा करना अनिवार्य है. आयु अनुसार श्रमिकों को प्रीमियम जमा कराया जाना होगा, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत जब श्रमिक की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने के बाद 3,000 रूपये प्रतिमाह मासिक पेंशन केन्द्र सरकार द्वारा गारंटी के साथ भुगतान किया जाएगा. पंजीयन हेतु असंगठित श्रमिक का आधार नंबर, मोबाईल नंबर, तथा बैंक खाते की पासबुक आवश्यक है. पंजीयन के लिए अपने नजदीक के कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से योजना में पंजीयन करवाया जा सकता है.

**अतिक्रमण मुहिम के बाद भी अधूरा निर्माण**

**पड़ाना 29 जनवरी, सं.** विगत 15 दिनों पहले सारंगपुर लोक निर्माण विभाग एसडीएम राजस्व मामला ग्राम पंचायत इत्यादि के द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था. तब से अभी तक ठेकेदार द्वारा 50 मीटर के दायरे में से आदि सड़क का निर्माण कर अधूरा काम छोड़ दिया गया. सीसी रोड का काम 15 दिनों से बंद होने से नगर मैं संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल के स्कूली छात्र-छात्राओं सहित दो पहिया वाहन एवं ऑटो रिक्शा के साथ बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए 2 इंच की मोटि गिट्टी डालकर छोडा जिस कारण प्रतिदिन कोई ना कोई दो पहिया वाहन फिसल कर चोटिल हो रहे हैं.

# संत का साथी ही निकला चोरी का मास्टरमाइंड

**बीजासेन माता मंदिर चोरी का मामला**

**दो आरोपी गिरफ्तार, 1.30 लाख व मंगलसूत्र बरामद**



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 29 जनवरी, थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने बीते दिनों ग्राम दीपनाखेड़ा स्थित मां बीजासन माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश किया है. मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई नकदी 1 लाख 30 हजार रुपए एवं एक सोने का मंगलसूत्र बरामद किया है.**

इस चोरी की साजिश फरियादी संत के साथी द्वारा रची गई थी, जो पूरी घटना का मास्टरमाइंड निकला. जानकारी के अनुसार बीते दिनों बीजासन माता मंदिर के प्रमुख संत बालभारती जी महाराज द्वारा थाना दीपनाखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि छठ मेले के दौरान रात्रि में महाआरती के पश्चात उनके बिस्तर पर रखे थैले से अज्ञात चोर द्वारा लगभग 2-3 लाख नकद राशि एवं एक सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना दीपनाखेड़ा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.

पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. टीम द्वारा मेले में लगे दुकानदारों, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई. जांच के दौरान संदेही राजकुमार उर्फ पिंका यादव निवासी ग्राम दीपनाखेड़ा से पूछताछ की गई, जिसने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी भोलापुरी महाराज उर्फ चंपालाल कुशवाह जो कि बीजासन माता मंदिर में संत का साथी है उसके साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया. दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से कुल 1 लाख 30 हजार नकद एवं चोरी गया मंगलसूत्र जप्त किया गया. दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान आज बुधनी प्रवास पर

**बुधनी.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को अपने गृह क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे. उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां की गई हैं. एसडीओपी रवि शर्मा एवं नवागत थाना प्रभारी माया सिंह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निर्धारित कार्यक्रम अनुसार केंद्रीय मंत्री श्री चौहान 30 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे शाहगंज पहुंचेंगे. जहां वे सांदीपनी विद्यालय के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इसके उपरांत वे दोपहर 12.30 बजे बुधनी पहुंचेंगे. जहां ग्राम बेरखेड़ी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे. इसके बाद केंद्रीय मंत्री स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे. दोपहर 2 बजे रायसेन जिले के लिए प्रस्थान करेंगे. केंद्रीय मंत्री के दौरे को लेकर पुलिस व प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया.

# अवैध वसूली का केन्द्र बना सोनोग्राफी सेंटर

## आशा कार्यकर्ता ने लगाए सोनोग्राफी सेंटर के कर्मचारी पर गंभीर आरोप

- **सिविल सर्जन के सख्त निर्देशों के बाद भी जारी है धींगामस्ती**
- **अक्सर विवादों से घिरा रहता है जिला अस्पताल**




**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 28 जनवरी. गर्भवती महिलाओं की मुफ्त में होने वाली सोनोग्राफी के नाम पर पैसे ऐंठने का मामला सरगर्म बना हुआ है. इस भर्राशाही का विरोध करते हुए जब आशा कार्यकर्ता ने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ कर्मचारी ने बदसलूकी कर दी. आशा कार्यकर्ता ने उसकी शिकायत सीएमएचओ और सिविल सर्जन से करते हुए कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.**

सिविल सर्जन का पद संभालने के बाद डॉ. यूके श्रीवास्तव भले ही अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के लिए कवायदें कर रहे हों, लेकिन अस्पताल के कुछ कर्मचारी उनकी मंशा को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. यहां अक्सर विवाद जन्म लेते हैं. ऐसा ही एक मामला सामने आया है.

ग्राम महोड़िया की आशा कार्यकर्ता भूरी बी ने बताया कि वह अपने गांव से हाई रिस्क गर्भवती महिला को जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जांच कराने के लाई थी. इस दौरान वहां कार्यरत राम मेवाड़ा जो हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के फार्म भरते हैं. अस्पताल में मौजूद आशाओं ने इनसे पैसे के लेनदेन करने की बात कही.

> **मामले की जांच के बाद करेंगे उचित कार्रवाई**
>
> आशा कार्यकर्ता भूरी बी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुझे शिकायती आवेदन देकर कर्मचारी राम मेवाड़ा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. जांचोंपरांत आगामी कार्रवाई की जाएगी.
>
> **डॉ. यूके श्रीवास्तव,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल

# फेसबुक पर दोस्ती महंगी पड़ी, 22 लाख रुपए ठग लिए

**सागर 29 जनवरी.** फेसबुक पर दोस्ती के बाद क्रिप्टो ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक दुकानदार से 22 लाख की ठगी का मामला सामने आया है. पीड़ित को एक फर्जी अमेरिकी क्रिप्टो एक्सचेंज के जरिए निवेश के लिए उकसाया गया. खाते में करोड़ों रुपये का मुनाफा दिखाया गया, लेकिन जब रकम निकालने की बारी आई तो टैक्स के नाम पर और पैसे मांगे गए. शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई गई. मोतीनगर थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, फरियादी मोतीनगर थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर वार्ड का निवासी है और दुकानदारी का कार्य करता है. फरियादी ने बताया कि 23 अप्रैल 2025 को उसे फेसबुक मैसेंजर पर बेंगलुरु की रहने वाली बताने वाली आधविता राजपूत नामक महिला से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली. महिला ने मैसेज और वॉइस नोट भेजकर दोस्ती करने की इच्छा जताई, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई.

# पिता-पुत्र ने मिलकर की थी युवक की हत्या

**बैतूल, 29 जनवरी. आठनेर पुलिस ने सावंगी नदी पुलिया के नीचे मिले एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान राजेश आज़ाद के रूप में हुई थी, जिसका शव 20 जनवरी को बरामद किया गया था.**



मृतक राजेश आज़ाद के परिजन कृष्णा आज़ाद की सूचना पर आठनेर थाना में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने इसे हत्या का मामला पाया। पुलिस जांच में सामने आया कि 19-20 जनवरी की रात करीब डेढ़ बजे राजेश का विवाद नारायण खंडाइट और उसके बेटे ओम खंडाइट से हुआ था। विवाद के दौरान दोनों आरोपियों ने राजेश के साथ मारपीट की। घायल राजेश को वे मोटरसाइकिल पर बैठाकर मांडवी जोड़ पुलिया तक ले गए। वहां से उन्होंने राजेश को पुलिया के नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर नारायण खंडाइट (55) और ओम खंडाइट (27), दोनों निवासी मांडवी, को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा और एक बिना नंबर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की गई है.

# शहर में दो दिन में हुई दो दरिंदगी की वारदात, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**पलेरा. मासूम बेटियों को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले दो दिन में पुलिस ने दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन में दो दरिंदगी की वारदातें सामने आई हैं। हवस के शिकारियों ने मासूमों का अपना शिकार बनाया है। हालांकि दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों पर सख्त कार्यवाही कर तत्काल उनकी गिरफ्तारी कर ली।**

जानकारी के मुताबिक पहली वारदात में आरोपी प्रेम नारायण यादव ने अपनी हदों को पार करते हुए मासूमियत को तार-तार करने का प्रयास किया। मामला सामने आते ही पलेरा पुलिस ने बिना वक्त गंवाए आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की सक्रियता का नतीजा यह रहा कि आरोपी प्रेम नारायण यादव आज सलाखों के पीछे अपने कुकर्मों की सजा भुगत रहा है।

वहीं दूसरा मामला सबसे सनसनीखेज और आक्रोशित करने वाला है जहां एक शिक्षक ने अपने ही स्कूल में पढ़ने वाली 6 साल की मासूम को हवस का शिकार बनाया। पलेरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक कासिम खान पर पास्को एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे तत्काल जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार दोनों मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना पलेरा ने संज्ञान लेकर तत्काल आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। स्कूल में शिक्षक द्वारा किए गए इस घिनौने कृत्य की पूरे पलेरा नगर में घोर निंदा की जा रही है। हर कोई यही कह रहा है कि ऐसे लोगों को कठोर कार्यवाही होना चाहिए।

**वेतन संकट** | **दो माह से नहीं मिला, वेतन एवं अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू**

# अब राजगढ़ नपाकर्मी हड़ताल पर, सफाई व्यवस्था डगमगाई

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 29 जनवरी, का. दो दिन पूर्व नरसिंहगढ़ नपा के कर्मचारियों के द्वारा वेतन नहीं मिलने पर कामकाज बंद कर हड़ताल की गई थी इसके बाद अब गुरुवार को राजगढ़ नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा दो माह से वेतन नहीं मिलने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कामकाज बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी गई, हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था लडखड़ा गई, सडकों पर कचरे के ढेर लग गये.**



जानकारी के अनुसार नपा कर्मचारियों को दो माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है, जिसके कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होने पर आखिरकार हड़ताल का सहारा लेना पड़ा.

गौरतलब है कि राजगढ़ नपा में लगभग 70 कर्मचारी है, हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के द्वारा नपा कार्यालय के यहां टेंट लगाकर धरना दिया जा रहा है. कर्मचारी अपनी मांगों को माने जाने की पुरजोर मांग कर रहे है. कर्मचारियों के द्वारा अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर विगत दिवस ज्ञापन दिया गया था. जो मांगे है उनमें रुके हुए वेतन का भुगतान, दैनिक वेतन संविदा सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर रेट से वेतन देने, वेतन का भुगतान माह की 5 से 10 तारीख में करने सहित अन्य मांगे शामिल है.

**अधिकारियों ने दी समझाइश मांग पर अड़े कर्मचारी**

हड़ताल की जानकारी लगने पर नगर पालिका सीएमओ एवं तहसीलदार व एसडीएम मौके पर पहुंचे तथा कर्मचारियों से चर्चा कर समझाईश देते हुए हड़ता समाप्त करने को कहा गया किंतु कर्मचारियों का कहना है कि रुके हुए वेतन का भुगतान होने सहित अन्य मांगों के पूरा होने पर ही हड़ताल समाप्त होगी. इस तरह हड़ताल जारी रही.

**जिले में अन्य निकायों में हो चुकी है हड़ताल**

वेतन नहीं मिलने व अन्य मांगों को लेकर पूर्व में ब्यावरा, माचलपुर, नरसिंहगढ़ नपा के कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल की जा चुकी है. विगत दिवस नरसिंहगढ़ नपा के कर्मचारियों के द्वारा भी कामकाज बंद कर हड़ताल की गई.

# बंदूक के ट्रिगर दबा,लाइनमैन को लगी गोली

**पचोर 29 जनवरी, सं. गुरुवार की दोपहर को पचोर स्थित विद्युत मंडल कार्यालय में लापरवाही पूर्वक सुरक्षा गार्ड की बंदूक से चली गोली लगने से विद्युत विभाग का लाइनमेन घायल हो गया.**

पुलिस के अनुसार लाइनमेन रामबाबू सोंधिया पिता रामचंद्र सोंधिया निवासी सुरजखेड़ी तथा अजय बैरागी पिता नंदकिशोर बैरागी निवासी नरसिंहगढ़ वर्तमान पदस्थापना पचोर है साथ में बैठे हुए थे. उक्त स्थान पर तैनात सुरक्षा गार्ड भगवानसिंह दांगी द्वारा अपनी लाइसेंसी 12 बोर बंदूक को कोने में टिकाकर रखा हुआ था. इसी दौरान अजय बैरागी द्वारा उतावलेपन एवं लापरवाही से उक्त बंदूक को उठाकर रामबाबू की ओर कर ट्रिगर दबा दिया गया, जिससे रामबाबू के दाहिने हाथ की भुजा में गोली लग गई. उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु अपोलो अस्पताल इंदौर रेफर किया गया. जहां उपचार जारी है.





रणजी ट्रॉफी 2025-26- सातवें राउंड के पहले दिन हाई-वोल्टेज मुकाबले

# सिराज का जलवा और राहुल की वापसी

**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** रणजी ट्रॉफी 2025-26 के ग्रुप चरण का सातवां और अंतिम राउंड गुरुवार से शुरू हो गया, जिसमें पहले ही दिन कई रोमांचक और निर्णायक मुकाबले देखने को मिले। यह राउंड क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि बोनस अंक और नेट रन रेट के आधार पर आगे का रास्ता तय होगा। पहले दिन के खेल में जहां मोहम्मद सिराज ने अपनी घातक गेंदबाजी से छत्तीसगढ़ को दबाव में ला दिया, वहीं केएल राहुल की कर्नाटक टीम में वापसी भी चर्चा का केंद्र रही।

- मुंबई-दिल्ली समेत कई अहम मैचों में क्वार्टर फाइनल की दौड़ तेज
- सौराष्ट्र, नागालैंड और दिल्ली ने पहले दिन बनाई मजबूत स्थिति

इस राउंड में सबसे ज्यादा नजरें ग्रुप डी के मुकाबले मुंबई बनाम दिल्ली पर टिकी रहीं, जो मुंबई के बीकेसी ग्राउंड पर खेला जा रहा है। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और अच्छी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज सनत संगवान ने 152 गेंदों में 91 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा ध्रुव कौशिक और वैभव कांडपाल ने भी टीम को संभालने का प्रयास किया। दिल्ली की टीम पहले दिन संतुलित स्थिति में नजर आई।

हैदराबाद और छत्तीसगढ़ के बीच खेले जा रहे मुकाबले में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपनी क्लास दिखाई। सिराज ने 15 ओवर में 55 रन देकर चार विकेट झटके और छत्तीसगढ़ की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उनकी धारदार गेंदबाजी के सामने छत्तीसगढ़ की टीम 279 रन पर आठ विकेट गंवाकर संघर्ष करती नजर आई। साहबान खान और देव आदित्य सिंह क्रीज पर टिके हुए थे, लेकिन टीम दबाव में बनी रही।

**नागालैंड का मजबूत स्कोर**

चंडीगढ़ और सौराष्ट्र के बीच मुकाबले में सौराष्ट्र ने पहले दिन ही अपनी मजबूत स्थिति बना ली। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की टीम ने चंडीगढ़ को मात्र 136 रनों पर समेट दिया। कप्तान जयदेव उनादकट ने चार विकेट झटककर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। जवाब में सौराष्ट्र के ओपनर हार्विक देसाई और चिराग जानी ने बिना विकेट गंवाए 68 रन जोड़ लिए, जिससे टीम पहली पारी में बढ़त लेने की ओर बढ़ गई। नागालैंड और आंध्र प्रदेश के बीच मुकाबले में नागालैंड के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। लंच तक टीम ने 62 ओवर में चार विकेट पर 194 रन बना लिए थे। चेतन बिस्ट ने 91 रन और डेगा निशांत ने 71 रनों की अहम पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों की साझेदारी ने नागालैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पंजाब और कर्नाटक के बीच मैच में सबसे बड़ी खबर केएल राहुल की वापसी रही।

# मोरिन्हो की बेनफिका ने रियल को प्लेऑफ में धकेला

## गोलकीपर ट्रुबिन के 98वें मिनट के हेडर ने बदला मैच का नतीजा, रियल टॉप-8 से बाहर

**लिस्बन, 29 जनवरी।** यूईएफए चैंपियंस लीग 2025-26 में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में बेनफिका ने फुटबॉल इतिहास के सबसे नाटकीय मैचों में से एक में रियल मैड्रिड को 4-2 से हराकर प्लेऑफ राउंड में अपनी जगह बना ली।

**9 खिलाड़ियों के साथ खत्म हुआ रियल का मुकाबला**

**एम्बाप्पे के दो गोल भी नहीं बचा सके मैड्रिड को**



इस रोमांचक मुकाबले में गोलकीपर अनातोली ट्रुबिन ने 98वें मिनट में हेडर से गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलाई और साथ ही रियल मैड्रिड को सीधे अंतिम-16 में पहुंचने से रोक दिया। स्टेडियम ऑफ लाइट, लिस्बन में खेले गए इस मुकाबले में आखिरी सेकंड तक तस्वीर साफ नहीं थी। बेनफिका उस समय 3-2 से आगे थी, लेकिन गोल अंतर के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो रही थी। ऐसे में अंतिम फ्री-किक पर गोलकीपर ट्रुबिन ने आगे बढ़कर गेंद को हेड से गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ ही पूरा स्टेडियम जश्न में डूब गया और बेनफिका ने प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया। इस जीत के बाद बेनफिका के कोच जोस मोरिन्हो की खुशी देखने लायक थी। मोरिन्हो, जो पहले रियल मैड्रिड के कोच रह चुके हैं, ने अपनी पुरानी टीम के खिलाफ यह यादगार जीत दर्ज की।

# आरोन जोन्स भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

## पांच उल्लंघन के आरोप में सभी तरह के क्रिकेट खेलने पर प्रतिबंध

**दुबई 29 जनवरी** अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार निवारण आचार संहिता के पांच उल्लंघन के आरोप में तुरंत प्रभाव से सभी तरह की क्रिकेट खेलने से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें इन आरोपों का जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया हैं।

- जवाब देने के लिए मिला 14 दिन का समय



> जोन्स पर बीम 10 में मैच फिक्स करने, किसी के संपर्क की जानकारी न देना, जांच में सहयोग से इंकार करना, भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के लिए मिले किसी भी संपर्क या निमंत्रण की पूरी जानकारी न देना तथा भ्रष्ट आचरण की जांच में बाधा डालना, ऐसी जानकारी छिपाकर और/या उसमें छेड़छाड़ करना शामिल है।

31 साल के जोन्स टी-20 विश्वकप 2026 से पहले श्रीलंका में एक अभ्यास शिविर में अमेरिका के 18 खिलाड़ियों के ग्रुप का हिस्सा है। अमेरिका ने अभी तक टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि वे अभ्यास शिविर में मौजूद खिलाड़ियों में से 15 को चुनेंगे। जोन्स अब चयन के लिए योग्य नहीं हैं। आईसीसी ने कहा कि जोन्स के खिलाफ आरोप मुख्य रूप से बारबाडोस में 2023-24 बीम10 टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी से संबंधित थे, जो क्रिकेट वेस्ट इंडीज के अधिकार क्षेत्र में आता है, लेकिन दो आरोप अंतरराष्ट्रीय मैचों से भी संबंधित है।

# पुरुष प्रो लीग से पहले 33-सदस्यीय संभावित कोर ग्रुप की घोषणा

**नयी दिल्ली, 29 जनवरी** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एक से सात फरवरी तक ओडिशा के राउरकेला में आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33-सदस्यीय संभावित कोर ग्रुप की घोषणा कर दी है। यह शिविर 10 से 15 फरवरी तक बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में होने वाली एफआईएच पुरुष प्रो लीग के आगामी चरण के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा हैं। इस शिविर में पवन, सूरज करकेरा, मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिंसदीप सिंह गोलकीपर के तौर पर शामिल होंगे।

**एक नजर में**



## सोफी मोलिनक्स को कप्तान बनाया गया

**सिडनी.** सोफी मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया की सभी फॉर्मेट की कप्तान के तौर पर एलिसा हीली का फुल-टाइम उत्तराधिकारी घोषित किया गया है और वह भारत के खिलाफ आने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के अंतरराष्ट्रीय टी-20 में पहली बार टीम की कप्तानी करेंगी। सभी प्रारुपों ताहलिया मैकग्रा उपकप्तान बनी रहेंगी। कप्तानी की एक और दावेदार एश्ले गार्डनर को मैकग्रा के साथ दूसरी उप-कप्तान बनाया गया है। राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा कि मोलिनक्स कप्तान के तौर पर सही पसंद हैं, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह हर मैच नहीं खेलेंगी क्योंकि चोट के इतिहास के कारण उनके वर्कलोड को मैनेज किया जाएगा।

## मैं अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हूं द्व शिवम दुबे

**विजाग.** भारत के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने बुधवार को चौथे टी20 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत की हार में जबरदस्त हाफ सेंचुरी बनाने के बाद कहा कि वह आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, दुबे ने 15 गेंदों में फिफ्टी लगाई, जो पुरुष टी20 में किसी भारतीय की तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है, उन्होंने नंबर 6 पर आने के बाद 65 रन बनाए, जो ब्लैक कैप्स से 50 रन से हारने के बावजूद मेजबान टीम के लिए सबसे शानदार परफॉर्मेंस थी। खेल के बाद दुबे ने कहा, मैं अपनी सोच को बेहतर बना रहा हूं क्योंकि मैं अब ये सभी मैच खेल रहा हूं।मैं उन सिचुएशन में बैटिंग कर रहा हूं, इसलिए अब मुझे पता है कि क्या होने वाला है और कौन से बॉलर मुझ पर अटैक कर सकते हैं। यही मेरी बैटिंग और बॉलिंग के लिए भी खास बात है।

# ओसाका, कोस्त्युक ने चोटों के कारण दोहा से नाम वापस लिया

**दोहा, 29 जनवरी नाओमी ओसाका और मार्टा कोस्त्युक अगले महीने दोहा में होने वाले कतर टोटलएनर्जीज ओपन में नहीं खेलेंगी।**

दोनों का नाम वापस लेना कोई खास हैरानी की बात नहीं है। ओसाका ने पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वालीफायर मैडिसन इंग्लिस के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मैच से पेट के बाएं हिस्से में चोट का हवाला देते हुए नाम वापस ले लिया था।




दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी ने यह दर्दनाक फैसला लेने के बाद कहा, यह एक ऐसी चोट है जो मुझे पहले भी कुछ बार लगी है, और मुझे लगा कि मैं इससे उबर सकती हूं।मैंने अपना पिछला मैच थोड़े दर्द के साथ खेला था, और मैंने सोचा कि शायद अगर मैं आज अपने मैच से पहले खुद को थोड़ा ब्रेक दे दूं, तो मैं इसे संभाल पाऊंगी। लेकिन मैंने वार्म-अप किया, और यह बहुत ज़्यादा खराब हो गया।मुझे निश्चित रूप से और टेस्ट करने होंगे, और ज़ाहिर है मुझे लगता है कि प्रेग्नेंसी से वापस आने के बाद, मेरे शरीर में काफ़ी बदलाव आया है। तो यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे सच में सावधान रहना होगा।

> कोस्त्युक, जो अभी डब्ल्यूटीए टूर पर नंबर 20 पर हैं, मेलबर्न में भी घायल हो गईं। पहले राउंड में हार के दौरान, एल्सा जैक्केमोट से तीन सेट में दिल तोड़ने वाली हार के दौरान, यूक्रेन की इस खिलाड़ी के टखने में चोट लग गई। बाद में टेस्ट से पता चला कि उनका लिगामेंट फट गया है, जिससे उन्हें डबल्स ड्रॉ से हटना पड़ा। यह खास तौर पर दुर्भाग्यपूर्ण था, यह देखते हुए कि कोस्त्युक ने सीज़न की शुरुआत कितनी अच्छी की थी, ब्रिस्बेन में फ़ाइनल तक पहुँचने के रास्ते में अमांडा अनिसिमोवा, मीरा एंड्रीवा और जेसिका पेगुलाको हराकर उलटफेर किया था।

**आज से ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में होगे विस्फोटक मुकाबले**

**मेलबर्न.** वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुक्रवार को होने वाले पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में विस्फोटक मुकाबले होंगे जिसमें वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज का मुकाबला अलेक्जेंडर ज़्वेरेव से; दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर का सामना नोवाक जोकोविच से होगा। कार्लोस अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पहले सेमीफ़ाइनल में हैं। अल्काराज शुक्रवार को अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल की अपनी कोशिश जारी रखेंगे, जब वह हार्ड-कोर्ट मेजर में सेमीफ़ाइनल एक्शन में होंगे। नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज़ का सामना पिछले साल के फ़ाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज़्वेरेव से रॉड लेवर एरिना में होगा। ज्वेरेव के साथ उनकी एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज 6-6 से बराबर है। दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफ़ाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के टाइटलिस्ट नोवाक जोकोविच से होगा। सिनर का लक्ष्य ऑस्ट्रेलियन ओपन में लगातार तीन मेन्स सिंगल्स टाइटल जीतने वाले अकेले पुरुष जोकोविच के साथ जुड़ना है। यह पहली बार है जब 2019 में रौलां गैरो के बाद टॉप चार सीड किसी मेजर के सेमीफ़ाइनल में पहुँचे हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन में जहां दांव फाइनल में जगह बनाने से कहीं ज़्यादा हैं, कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव सेमीफाइनल में बहुत अलग-अलग माइलस्टोन के साथ टकराएंगे। अल्काराज अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल की तलाश में हैं, जिसके साथ वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा कर लेंगे, जबकि ज्वेरेव लंबे समय से इंतज़ार की जा रही पहली स्लेम ट्रॉफी पर दांव लगा है।



# शीर्ष पर हरियाणा थंडर्स

**नोएडा, 29 जनवरी अनिरुद्ध गुलिया ने हेवीवेट वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को रात की पांचवीं बाउट जीत दिलाई और यूपी डोमिनेटर्स पर 6ङ्क3 की जीत सुनिश्चित की। इसके साथ ही हरियाणा थंडर्स ने प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लीग चरण में पहला स्थान पक्का कर लिया। इस जीत के साथ हरियाणा ने पांच मुकाबलों में आठ अंकों और कुल 29 बाउट जीत के साथ लीग चरण का समापन करते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।**

- अनिरुद्ध गुलिया ने दिखाया दम

छह बाउट्स के बाद मुकाबला 3ङ्क3 की बराबरी पर था, जिसके बाद प्लेयर ऑफ द मैच इरीना कोलियादेंको ने सातवीं बाउट में फॉल से नाटकीय वापसी करते हुए मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से हरियाणा के पक्ष में मोड़ दी। यूपी डोमिनेटर्स, जो लीग चरण में दो जीत, चार अंक और 23 बाउट जीत के साथ चौथे स्थान पर रहे, अब सेमीफाइनल में अपनी किस्मत जानने के लिए पंजाब रॉयल्स और दिल्ली दंगल वॉरियर्स के मुकाबले के नतीजे का इंतजार करेंगे। यूपी डोमिनेटर्स के लिए शानदार प्रदर्शन के चलते तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

> हरियाणा ने शुरुआती दो बाउट्स में बेहद करीबी और दबाव भरी जीत के साथ मजबूत शुरुआत की। 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक ने मानसी लाथर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-3 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर जीत दर्ज की। शुरुआती टेकडाउन के जवाब में दूसरे पीरियड में अहम टेकडाउन और पैसिविटी प्वाइंट ने काजल को जीत दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम और राहुल देसवाल के बीच मुकाबला 4-4 से बराबरी पर था, लेकिन आखिरी क्षणों में अंकुश के स्कोरिंग सीक्वेंस ने आखिरी अंक के आधार पर हरियाणा की बढ़त को दोगुना कर दिया।



# नीदरलैंड्स और बांग्लादेश ने टी-20 विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**काठमांडू, 29 जनवरी।** नेपाल में आयोजित महिला टी20 विश्व कप क्वालिफायर 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश और नीदरलैंड्स की टीम ने आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। दोनों टीमों ने सुपर सिक्स मुकाबलों में दमदार खेल दिखाते हुए प्रतियोगिता में निरंतरता बनाए रखी और इंग्लैंड में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। खास बात यह रही कि जहां बांग्लादेश लगातार 2014 से विश्व कप में हिस्सा लेता आ रहा है, वहीं नीदरलैंड्स ने पहली बार महिला टी20 विश्व कप में प्रवेश कर इतिहास रच दिया है।

- बांग्लादेश ने थाईलैंड को हराकर लगातार छठी बार विश्व कप में बनाई जगह
- नीदरलैंड्स ने यूएसए को हराकर पहली बार किया क्वालीफाई

क्वालिफायर टूर्नामेंट में दोनों टीमों का प्रदर्शन शुरू से ही प्रभावशाली रहा। ग्रुप चरण में बांग्लादेश ने अपने सभी चार मुकाबले जीतकर आत्मविश्वास के साथ सुपर सिक्स में प्रवेश किया। वहीं नीदरलैंड्स ने भी संतुलित प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण मुकाबलों में जीत दर्ज की। सुपर सिक्स में दोनों टीमों ने थाईलैंड और यूएसए को हराकर क्वालिफिकेशन सुनिश्चित कर लिया।

> मुलपानी में खेले गए सुपर सिक्स मुकाबले में बांग्लादेश का सामना थाईलैंड से हुआ। थाईलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बांग्लादेश की सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर पहली ही गेंद पर आउट हो गईं, जबकि दूसरे ओवर में शर्मिन अख्तर भी पवेलियन लौट गईं। शुरुआती झटकों से टीम दबाव में नजर आई, लेकिन इसके बाद जुआइरिया फिरदौस और शोभना मोस्तारी ने पारी को संभालते हुए शानदार बल्लेबाजी की। टीम ने 20 ओवर में 165 रन पर 8 विकेट गंवाकर बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड की टीम बांग्लादेश की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। बांग्लादेश की टीम ने यह मुकाबला 39 रन से जीतकर विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

**रवि शास्त्री बोले** ▶ **टीम इंडिया लगातार दो खिताब जीतने वाली टीम बन सकती है**

# भारत खिताब का सबसे बड़ा दावेदार



**नयी दिल्ली, 29 जनवरी.** टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि मौजूदा चैंपियन भारत इस बार इतिहास रच सकता है और लगातार दो बार खि़ताब जीतने वाली पहली टीम बन सकता है।

भारतीय टीम का मौजूदा प्रदर्शन बेहद ज़बरदस्त रहा है। 2024 में टी 20 विश्व कप का खि़ताब जीतने के बाद से टीम इंडिया ने कोई भी द्विपक्षीय सीरीज या टूर्नामेंट नहीं गंवाया है। आंकड़ों पर नज़र डालें तो भारत का जीत-हार का रिकॉर्ड 32-5 का है, जो किसी भी विरोधी टीम के लिए खतरे की घंटी है। टी 20 रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज़ भारतीय टीम के पास इस वक्त दुनिया का सबसे बेहतरीन दल है। टीम में नंबर 1 टी 20 बल्लेबाज़ अभिषेक शर्मा और नंबर 1 टी 20 गेंदबाज़ वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं, जो विरोधियों पर भारी पड़ रहे हैं।

शास्त्री ने टीम की मजबूती पर बात करते हुए कहा, ‡मुझे लगता है कि डिफेंडिंग चैंपियंस स्पष्ट रूप से जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेंगे। अगर आप एक-एक खिलाड़ी को देखें, उनकी मौजूदा फ़ॉर्म, मैच फ़िटनेस और हाल के दिनों में उन्होंने जितना क्रिकेट खेला है, यह सब उन्हें साफ़ तौर पर फेवरेट बनाता है। ख़ास तौर पर जब आप उनके टॉप ऑर्डर और उनकी मौजूदा फ़ॉर्म को देखते हैं, तो स्थिति और भी मजबूत नजर आती है।‡

टी 20 विश्व कप की तैयारी में %मेन इन ब्लू% का सफ़र अब तक लगभग बेदाग रहा है। टीम ने अपनी बादशाहत साबित करते हुए दिसंबर में 2024 विश्व कप की फ़ाइनलिस्ट टीम साउथ अफ़्रीका को 5 मैचों की टी 20 सीरीज़ में 3-1 से हराया था। नए साल में भी भारत का यह विजय रथ रुकने का नाम नहीं ले रहा है। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ चल रही मौजूदा पांच मैचों की सीरीज़ में भारत ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। शास्त्री का यह भरोसा टीम के इसी अटूट प्रदर्शन पर आधारित है।

> शास्त्री का मानना है कि भारतीय चयनकर्ताओं ने टीम में युवा जोश और अनुभव का बिल्कुल सही मिश्रण तैयार किया है, जो टीम को एक और विश्व कप जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, कई खिलाड़ियों पर अतीत का कोई बोझ नहीं है। वे अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं और यह उनके लिए अपने स्वाभाविक खेल को खुलकर दिखाने का मौक़ा है। टीम में जसप्रीत बुमराह हैं और हार्दिक पंड्या हैं। मुझे लगता है कि हार्दिक इस वक्त जबरदस्त फ़ॉर्म में हैं और उनमें गेंद व बल्ले दोनों से मैच जिताने की काबिलियत है। इसके अलावा, शिवम दुबे का प्रदर्शन भी काफ़ी शानदार रहा है.

# इंटरनेशनल सीरीज अक्टूबर 2026 में भारत लौटेगी

**नयी दिल्ली, 29 जनवरी** सीरीज़ ने आज भारत में अपनी वापसी की घोषणा की, जिसका बेसब्री से इंतज़ार था। इस इवेंट का दूसरा एडिशन 8 से 11 अक्टूबर, 2026 तक होगा और बेंगलुरु का प्रेस्टीज गोल्फशायर क्लब इस मशहूर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

इंटरनेशनल सीरीज ने आज अपने शानदार 2026 शेड्यूल के पहले नौ इवेंट्स भी दिखाए, जो एक ग्लोबल शोकेस है जो गोल्फ के सबसे असरदार रास्तों में से एक के तौर पर इसकी जगह को दिखाता है, मेजर्स के लिए क्वालिफिकेशन के मौके देता है, टॉप इंटरनेशनल खिलाड़ियों को अपनी ओर खींचता है और लिव गोल्फ लीग के लिए सीधा रास्ता देता रहता है।

# चार दिन में सोना-चांदी ऑल टाइम हाई

**ग्लोबल टेंशन का असर- सोना-चांदी बेकाबू रफ्तार**

**29 दिन में सोना 43 हजार महंगा, चांदी 1.55 लाख ऊपर**

**नई दिल्ली, 29 जनवरी. सोना और चांदी लगातार चौथे दिन ऐसी रफ्तार से भागे हैं कि बाजार के आम लोग पूरी तरह से हैरान रह गए. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 29 जनवरी को 24 कैरेट सोना एक ही दिन में 11,486 बढ़कर 1,76,121 प्रति 10 ग्राम पहुंच गया. वहीं चांदी 27,666 उछलकर 3,85,933 प्रति किलो हो गई. सिर्फ तीन दिनों में सोना 21,811 और चांदी 68,228 महंगी हो चुकी है.**

### सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठा राज्यसभा में



देश में सोने और चांदी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि का मुद्दा आज राज्यसभा में उठा और सरकार से हस्तक्षेप कर लोगों को राहत पहुंचाने की मांग की गई. कांग्रेस के नीरज डांगी ने गुरुवार को शून्य काल के दौरान सदन में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि देश में सोने चांदी की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है और इनकी कीमतों को बेलगाम छोड़ देना सरकार की नीतिगत विफलता है. उन्होंने कहा कि सोना और चांदी के आभूषण ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है और यह मामला बचत तथा महिलाओं की गरिमा से जुड़ा हुआ है.

साल 2026 के महज 29 दिनों में सोना 42,926 और चांदी 1,55,513 महंगी हो चुकी है. इस तेजी के पीछे केवल डिमांड नहीं, बल्कि ग्लोबल राजनीतिक तनाव, अमेरिकी टैरिफ की आशंका, डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट और दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी जैसे बड़े कारण काम कर रहे हैं. निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश की ओर भाग रहे हैं. यही वजह है कि सोना-चांदी अब आम लोगों की पहुंच से तेजी से दूर होते जा रहे हैं और बाजार में 'सेफ हेवन' की होड़ साफ दिखाई दे रही है. सोना और चांदी इस समय सिर्फ कीमती धातु नहीं, बल्कि वैश्विक अनिश्चितता के दौर में सबसे भरोसेमंद निवेश के प्रतीक बन गए हैं. आईबीजे के ताजा आंकड़े बताते हैं कि 23 जनवरी को 1,54,310 प्रति 10 ग्राम रहा सोना अब 1,76,121 पर पहुंच चुका है. इसी तरह 3,17,705 प्रति किलो रही चांदी अब 3,85,933 पर है. यह उछाल सामान्य बाजार चाल नहीं, बल्कि असाधारण परिस्थितियों का संकेत है. सबसे बड़ा कारण वैश्विक तनाव है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ग्रीनलैंड को लेकर दिए गए बयानों और यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने ट्रेड वॉर की आशंका बढ़ा दी है.

## रुपया 24 पैसे टूटा

**मुंबई, 29 जनवरी.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 24 पैसे टूटकर 91.9250 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ. पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 22 पैसे की मजबूती के साथ कारोबार की समाप्ति पर 91.68 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था. रुपये में आज बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया. शुरुआती कारोबार में इसमें तेजी थी. यह 8.50 पैसे की बढ़त में 91.60 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 91.50 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ. लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली के दबाव में यह 91.9250 रुपये प्रति डॉलर तक टूटकर उसी स्तर पर बंद हुआ. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों तेजी से भी रुपये पर दबाव रहा.

# गिरावट से उबरे शेयर बाजार

**निजी बैंक और धातु कंपनियों में आई तेजी**

**बीएसई का सेंसेक्स पहुंचा 82,566 .37 अंक पर**



**टाटा स्टील का शेयर लगभग साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा**

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक और स्मॉलकैप 100 सूचकांकों में 0 .20 प्रतिशत की समान मजबूती दर्ज की गयी. धातु, निजी बैंकिंग, रियलटी और तेल एवं गैस क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली का जोर रहा. वहीं, एफएमसीजी, आईटी, ऑटो, फार्मा, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों की कंपनियों में बिकवाली हावी रही. सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर लगभग साढ़े चार प्रतिशत चढ़ गया. एलएंडटी और एक्सिस बैंक में साढ़े तीन प्रतिशत के करीब तेजी रही.

**मुंबई, 29 जनवरी. घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को 982 अंक का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और शुरुआती गिरावट से उबरकर प्रमुख सूचकांक अंततः हरे निशान में बंद हुए. बीएसई का सेंसेक्स 221.69 अंक चढ़कर 82,566.37 अंक पर पहुंच गया.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 76.15 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त में 25,418.90 अंक पर रहा. सेंसेक्स 24 अंक की बढ़त के साथ खुला और खुलते ही लाल निशान में चला गया. हालांकि संसद में वित्त वर्ष 20225-26 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश होने के बाद बाजार में तेजी लौट आयी. एक समय यह 637 अंक टूटकर नीचे 81,707.94 अंक तक उतर गया था. बाद में 82,689.96 अंक तक चढ़ा भी.

# हिम्मतनगर-खेड़ब्रह्मा खंड पर विद्युत रेल परिचालन

**अहमदाबाद, 29 जनवरी. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मण्डल के हिम्मतनगर और खेड़ब्रह्मा को जोड़ने वाली ऐतिहासिक मीटर गेज रेलवे लाइन, जो एक सदी से भी अधिक समय से साबरकांठा क्षेत्र की जीवनरेखा रही थी, अब आधुनिक ब्रॉड गेज रूप में पुनः खुलने जा रही है.**

हिम्मतनगर से खेड़ब्रह्मा के बीच 55.672 किमी नवनिर्मित ब्रॉड गेज रेलखंड का 25 केवी, 50 हर्ट्ज, ए.सी. इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली के साथ इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिया गया है. हिम्मतनगर-खेड़ब्रह्मा मीटर गेज सेक्शन पर 01 जनवरी 2017 से रेल यातायात बंद किया गया था. इस के उपरांत हिम्मतनगर-खेड़ब्रह्मा गेज परिवर्तन परियोजना, जो गुजरात के साबरकांठा जिले में 55 किमी से अधिक की दूरी को कवर करती है, इस परियोजना को 2 जून 2022 को ?482 करोड़ की लागत से स्वीकृति मिली थी. प्रधानमंत्री जी द्वारा 18 जून 2022 को इस गेज परिवर्तन का शिलान्यास किया था जिसे लगभग 3 साल के रिकॉर्ड समय पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है.

पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य इलैक्ट्रिक इंजीनियर श्री रजनीश कुमार गोयल, आईआरएसईई द्वारा 28 जनवरी 2026 को इस सेक्शन को यात्री एवं मालगाड़ी सेवाओं के लिए विद्युत इंजनों के संचालन हेतु अधिकृत कर दिया गया है. इस खंड पर ओवरहेड इक्विपमेंट, ट्रैक्शन सब-स्टेशन, सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट, बॉन्डिंग एवं अर्थिंग व्यवस्था तथा सिग्नलिंग एवं दूरसंचार प्रणालियों के साथ समन्वय जैसे सभी तकनीकी कार्य पूर्ण किए गए हैं.

इस सेक्शन पर 08 जनवरी 2026 को इलेक्ट्रिक लोको का सफल ट्रायल किया गया थाआई पसी एवं अहमदाबाद मंडल तथा निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विस्तृत निरीक्षण के उपरांत रेलवे नियम के प्रावधानों के अंतर्गत इस खंड को विद्युत परिचालन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है. इस खंड पर विद्युत इंजन का सफल परीक्षण भी किया गया, जिसमें ओएचई, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, टर्नआउट, क्रॉसओवर तथा अन्य सुरक्षा एवं संरक्षा प्रणालियों की कार्यक्षमता ठीक पाई गई. इस विद्युतीकरण से ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण, माल ढुलाई क्षमता में वृद्धि, यात्री गाड़ियों की बेहतर गति एवं त्वरण तथा परिचालन लागत में कमी जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र में सुरक्षित, कुशल एवं हरित रेल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा. इस परियोजना से क्षेत्र में रेल परिचालन अधिक आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल एवं ऊर्जा दक्ष बनेगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सेवा एवं माल परिवहन को गति मिलेगी.

# भारत-ईयू एफटीए की विशेषज्ञों ने की सराहना

**इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों तरह से सही समय पर उठाया गया कदम बताया**



**नई दिल्ली, 29 जनवरी भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के पूर्ण होने पर दुनिया भर में, अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार प्रमुखों और सम्मानित नीति विशेषज्ञों ने मज़बूत और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं.**

इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों तरह से ऐतिहासिक, रणनीतिक और सही समय पर उठाया गया कदम बताया जा रहा है. दुनिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की व्यापकता, महत्वाकांक्षा और रणनीतिक समय का उल्लेख किया है. द टेलीग्राफ ने जे स क्रिस्प के मोदी इज़ द रियल विनर इन मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स विद् ईयू शीर्षक से एक लेख में इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी बताते हुए कहा कि भारत इस मामले में असली रणनीतिक विजेता के रूप में उभरा है.

### व्यापार प्रमुख और संगठन

भारत में काम कर रहे यूरोपीय और वैश्विक व्यापार प्रमुखों ने इस समझौते से अत्यंत उ मीद जताते हुए इसे लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया. एयरबस में भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया के अध्यक्ष जुर्गन वेस्टरमेयर ने एफटीए को 20 वर्ष की वार्ता के बाद एक बड़ा पल बताते हुए कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए अवसरों को बढ़ाने का काम करेगा.

अख़बार ने बताया कि यह समझौता ईयू से भारत को होने वाले 96.6 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ को खत्म या कम करता है, जबकि ईयू सात वर्षों में 99.5 प्रतिशत भारतीय सामानों पर टैरिफ कम करेगा.

ब्लूमबर्ग ने डैन स्ट्रमफ के ऑल रोड्स लीड टू मोदी एज़ वर्ल्ड हेजिज ट्रंप शीर्षक से एक लेख में कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ मदर ऑफ ऑल डील्स समझौता एक उभरते हुए पैटर्न का नवीनतम उदाहरण है-भारत देशों के लिए पसंदीदा पार्टनर बन रहा है. द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इसे वैश्विक टैरिफ बाधाओं के प्रति मध्यम शक्तियों की प्रतिक्रिया के रूप में पेश करते हुए लिखा कि कैसे भारत और ईयू अमेरिकी व्यापार नीतियों से पैदा हुई अनिश्चितता के बीच गठबंधन का विस्तार कर रहे हैं.

# परांजपे ने वेकोलि में संभाला तकनीकी दायित्व

**तीन दशक के खनन अनुभव के साथ निदेशक का पदभार ग्रहण**

**डॉ. हेमंत शरद पांडे ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया**



**नागपुर, 29 जनवरी. वेकोलि में को संदीप एस. परांजपे ने निदेशक (तकनीकी / परियोजना एवं योजना) का पदभार ग्रहण किया.**

परांजपे के वेकोलि आगमन पर वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया. श्री परांजपे ने वर्ष 1991 में रामदेवबाबा कमला नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज, नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है तथा उन्हें कोयला खनन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध एवं व्यापक अनुभव प्राप्त है. पाथाखेड़ा एवं सावनेर में 16 वर्षों के भूमिगत खनन अनुभव के साथ-साथ उन्होंने प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण, परियोजना क्रियान्वयन, उत्पादन, खान नियोजन, कोयला गुणवत्ता तथा माइन क्लोजर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गहन विशेषज्ञता अर्जित की है. वेकोलि में निदेशक का दायित्व संभालने से पूर्व कंपनी को महत्वपूर्ण संचालनात्मक एवं रणनीतिक योगदान प्रदान किया.

# नेशनल एसेट ने 3 दिवाला खातों में लाभ दिया

**नई दिल्ली, 29 जनवरी. नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने तीन अधिग्रहीत दिवाला कंपनियों के खातों के माध्यम से अब लाभ का वितरण शुरू कर दिया है और सरकार की पूरी प्रतिभूति चुकता कर दी है.**



यह जानकारी वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू की अध्यक्षता में कंपनी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ बैठक में दी गयी . बैठक को बताया गया कि एनएआरसीएल द्वारा अधिग्रहित खातों की संख्या 29 से बढ़कर 30 हो गई है, जिससे कुल अधिग्रहित ऋण जोखिम का आंकड़ा लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. ऐसे खातों की पहचान भी की गई है जो वर्तमान पाइपलाइन में हैं, जिनसे अधिग्रहण का कुल आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच सकता है. वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही की इस पहली बैठक में आगामी तिमाही की आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ तीसरी तिमाही के प्रदर्शन पर चर्चा की गई.

विज्ञप्ति के अनुसार गत आठ अक्टूबर को इससे पिछली तिमाही की समीक्षा के बाद से एनएआरसीएल वसूली में लगभग 1,439 करोड़ रुपये की शुद्ध वृद्धि हुई है और कुल वसूली 5,496 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी है. इस वसूल पूंजी में 4,803 करोड़ रुपये की प्रतिभूति की रसीद (एसआर) के आधार पर प्राप्त राशियां शामिल हैं. बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि एनएआरसीएल ने

तीन खातों में प्रतिभूतियों से जुटाई गयी 100 प्रतिशत सिक्योरिटी रिसीप्ट्स (एसआर) का पैसा प्राप्त कर लिया गया है और इसमें लाभ का अतिरिक्त हिस्सा ऋणदाताओं को वितरित कर दिया गया है. बैठक में उन तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया जिनसे अधिग्रहण की प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम किया जा सके. विभेदक सुरक्षा संरचनाओं, अतिरिक्त गिरवी और मूल्यांकन पर असहमति के कारण ऋणदाताओं से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई, जिनकी वजह से अधिग्रहण में अधिक समय लगता है.

> सचिव, डीएफएस ने इस बात पर जोर दिया कि अधिग्रहण प्रक्रिया में होने वाली देरी को कम करने के लिए ऋणदाताओं और एनएआरसीएल दोनों को अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि ऋणदाताओं को संयुक्त ऋणदाता बैठक (जेएलएम) में लिए गए निर्णयों पर टिके रहने के धर्म का पालन करना चाहिए. समाधान के मोर्चे पर हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अधिग्रहित खातों की वसूली और समाधान के माध्यम से जनता का पैसा वापस लाने की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है.

# स्कोप-सीबीसी ने आईएसबी से मिलाया हाथ

## दीक्षा नेतृत्व क्षमता विकास की अपनी तरह की पहली बड़ी पहल

**नई दिल्ली, 29 जनवरी. केंद्रीय लोक उपक्रमों के मंच स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (स्कोप) और क्षमता निर्माण क्षेत्र पर केंद्र सरकार की एजेंसी कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन (सीबीसी) ने दीक्षा नेतृत्व कार्यक्रम के तहत तीसरे बैच के प्रशिक्षण के लिए इंडियन स्कूल ऑफ़ बिजनेस (आईएसबी) के साथ एक करार किया है.**

दीक्षता नेतृत्व कार्यक्रम का उद्येश्य संस्थाओं में भविष्य की नेतृत्व को तैयार करना है. स्कोप की बुधवार को जारी स्कोप के डायरेक्टर जनरल अतुल सोबती, सीबीसी के संयुक्त सचिव जगदीश गुप्ता और आईएसबी के डीन प्रोफेसर मदन पिल्लुटला ने इस करार पर हस्ताक्षर किये.

इस अवसर पर सीबीसी की सदस्य डॉ. अलका मित्तल, सीबीसी के पूर्व चेयरमैन आदिल जैनुलभाई और तीनों संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. दीक्षा (डेवलपमेंट ऑफ़ एस्पिरेशन, नॉलेज, सक्सेशन एंड हार्मनी) नेतृत्व क्षमता विकास की अपनी तरह की पहली बड़ी पहल है जिसे स्कोप और सीबीसी ने मिलकर बनाया है. इसका मकसद सरकारी कार्पोरेट क्षेत्र में उच्च क्षमता के अधिकारियों में, जिनसे बोर्ड लेवल के पदों पर आने की उम्मीद है, उन्नत नेतृत्व क्षमताओं, रणनीतिक सोच और उभरते औद्योगिक परिदृश्य पूरी समझ उत्पन्न करना है.

# बेंगलुरु में मल्टी-ब्रांड सर्विस शुरू

**बेंगलुरु, 29 जनवरी.** टोयोटा किर्लोस्कर सुंदरम ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने गुरूवार को बेंगलुरु में अपने पहले मल्टी-ब्रांड रिटेल सर्विस आउटलेट टीसर्व सेलेक्ट की शुरूआत की. टोयोटा किर्लोस्कर सुंदरम ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, किर्लोस्कर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, त्रिचूर सुंदरम संथानम फैमिली और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड का एक संयुक्त उपक्रम है. यह नई कंपनी भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार की लगातार प्रगति और ग्राहकों की उम्मीदों को देखते हुए स्थापित की गई ह.", जिसमें सभी ब्रांड्स में संगठित, पारदर्शी और भरोसेमंद सर्विस सॉल्यूशंस है. टोयोटा किर्लोस्कर सुंदरम ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्रशिक्षित टेक्नीशियन, मजबूत क्वालिटी सिस्टम और ग्राहक-केंद्रित प्रक्रियाओं द्वारा समर्थित व्यापक मल्टी-ब्रांड वाहन सर्विस सॉल्यूशंस प्रदान करेगा.

# जमीन मजबूत करने के लिए हरियाणा मॉडल

**चंडीगढ़. विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब में अपनी सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी भाजपा हरियाणा मॉडल का सहारा ले रही है. इसकी कमान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संभाली है.**

वे कुछ दिन से पंजाब में सक्रिय दिख रहे हैं और पंजाबियों को बता रहे हैं कि आखिरकार हरियाणा के विकास पथ पर बढ़ने का रोडमैप क्या है.

इसके अलावा भाजपा की नजर पंजाब में विरोधी दलों के असंतुष्ट और हाशिये पर बैठे नेताओं पर भी है. इन नेताओं को भाजपा की नीतियां समझाकर उन्हें भाजपाई बनाया जा रहा है.

यह काम भी सीएम सैनी के नेतृत्व में हो रहा है. पंजाब में फरवरी 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं. सत्तारूढ़ आप, कांग्रेस, भाजपा, शिअद समेत अन्य दलों ने चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं. अभी तक भाजपा यही दावा कर रही है कि इस बार भी विधानसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी. इसके लिए पंजाब भाजपा के नेता खासे उत्साहित भी दिख रहे हैं. कार्यकर्ताओं ने पंजाबियों से मिलना-जुलना भी तेज कर दिया है.


## नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व का नाम SAIFUDDIN था उसे मैंने परिवर्तित कर अपना नवीन नाम SAIFUDDIN RANGWALA कर लिया है। अतः मुझे SAIFUDDIN RANGWALA के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता: 363, हुसैनी चौक, वार्ड 6 शाजापुर, मध्य प्रदेश – 465001

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कंपनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of the Chief General Manager (Bhopal Region)
Nishtha Parisar, Bijlinagar,Govindpura, Bhopal-462023
Phone : 0755-2588291, E-mail : sepurchasebr@gmail.com

NIT No. :- CGM/BR/02/Pur/10455 — Bhopal, Date 29.01.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

E-tenders are invited from eligible bidders for supply of following item.

| TS No. | Particulars | Approx Value (In Lakh) | Tender Fee (In Rs.) | EMD (In Rs.) | Date of Opening of Bids Online |
|---|---|---|---|---|---|
| GM/BR/ TS-153 | Supply of Printed Stationery Items | 7.64 Lakh | 1000/- + GST @ 18% | 15,500/- | 19.02.2026 at 15:30 Hrs |

Other details, terms and conditions are available on company website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/124201/2026 — CHIEF GENERAL MANAGER (BHOPAL REGION)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा (म.प्र.) 450001**
(जनकार्य एवं उद्यान विभाग)
क्रमांक- 1358/ जन. वि. / ई-टेण्डरिंग / 2026 — खण्डवा, दिनांक- 22/01/2026

-:: निविदा विज्ञप्ति ::-

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य की निविदा व विस्तृत वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | ऑनलाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_477896_1 | मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत साई रामनगर वार्ड में गणेश खतवासे के मकान से शंकर किराना तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 12.00 Lacs | 12,000 | 2,000 | 30 दिन |

निविदा ऑनलाईन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक : 23/02/2026 (शाम 5.30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक : 25/02/2026 (प्रातः 10.30 बजे)
निविदा संबंधी रामस्त जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, खण्डवा

**CENTRUM Home Loans** — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 400098, सीआईएन नंबर U65922MH2016PLC273826
शाखा का पता - मकान संख्या 821, डी.एन. जैन कॉलेज के सामने, गोल बाजार, जबलपुर - 482002, मध्य प्रदेश

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) का परंतुक देखें] और 9(1) नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत उधारकर्ता/ऋणकताओं से देय राशि की वसूली हेतु नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्ति का कब्जा लेने के अनुसरण में, अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो भौतिक कब्जे में है, की खरीद के लिए सीलबंद लिफाफों में 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जो है' के आधार पर प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| स. क्रं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/ऋण खाता संख्या/शाखा | आज तक कुल बकाया | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य ((RP) | बयाना राशि जमा राशि (EMD) 10% |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BHOBH17000403 एवं BHOBH17000404 का दिनेश सेन एवं पप्पी सेन | रू. 13,82,884/- (तेरह लाख बयासी हजार आठ सौ चौरासी मात्र) 25-05-2022 तक | खसरा-370/6/2, पीएच नं.-42, ग्राम बहलोत बसोदा, विदिशा, मध्य प्रदेश-464221 स्थित अचल भूखंड के अधिकार, भाग और अंश में। सीमाएँ: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-गली, दक्षिण-गोविन्द दास गुप्ता का मकान | रु. 10,00,000/- (दस लाख मात्र) | रु. 100,000/- (एक लाख मात्र) |

1. नीलामी "जैसा है, जहाँ है" और "जैसा है, जो है" के आधार पर आयोजित की जा रही है। 2. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में शामिल हैं, जो उपर्युक्त शाखा कार्यालय में उपलब्ध है। 3. निर्धारित निविदा प्रपत्रों में सीलबंद बोली/प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि, 'सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय ईएमडी और केवाईसी के साथ, 05-02-2026 को या उससे पहले सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक उपर्युक्त शाखा कार्यालय के पते पर है। अधूरे भरे हुए निविदा प्रपत्र या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अमान्य निविदा मानी जाएंगी और तदनुसार अस्वीकृत कर दी जाएंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 4. अचल संपत्ति के निरीक्षण की तिथि 04-02-2026 है, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक। 5. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव नीलामी खोलने की तिथि 06-02-2026 है, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक, उपर्युक्त शाखा कार्यालय के पते पर अधिकृत अधिकारी द्वारा। 6. क्रेता लागू स्टाम्प शुल्क/अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क/हस्तांतरण शुल्क, फीस आदि और साथ ही सभी वैधानिक देय, कर, दर निर्धारण, सरकारी और अर्ध सरकारी कर, टीडीएस और अन्य शुल्क, फीस आदि का वहन करेगा। नीलामी की गई संपत्ति के संबंध में। उपरोक्त उल्लिखित बंधक संपत्ति का कब्जा सीएचएफएल के पास है, जो उपरोक्त शर्तों के अनुपालन पर सफल बोलीदाता को शांतिपूर्ण कब्जा सौंप देगा। इच्छुक बोलीदाता को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी भारों की स्वयं स्वतंत्र जांच करनी चाहिए और संपत्ति का निरीक्षण करके स्वयं संतुष्ट होना चाहिए। 7. संपत्ति को अपने नाम पर स्थानांतरित कराने के सभी अन्य खर्च और वैधानिक देय राशि, यदि कोई हो, सफल क्रेता द्वारा वहन की जाएगी। 8. उच्चतम बोलीदाता को सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की स्वीकृति के अधीन होना होगा। अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी प्रस्ताव/बोली को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उनका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। 9. उधारकर्ता/गारंटर को सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत 30 दिन का बिक्री नोटिस दिया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान नीलामी की तारीख से पहले कर दें। ऐसा न करने पर अचल संपत्ति की नीलामी की जाएगी और यदि कोई शेष राशि बचती है, तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा। यदि उधारकर्ता बिक्री की तारीख से पहले सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि का पूरा भुगतान नहीं करता है, तो नीलामी रद्द की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए, ऊपर उल्लिखित कार्यालय पते पर अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।
संपर्क व्यक्ति - 1. श्री अंकित विग - 8668943242 2. श्री प्रशांत सोनी - 8461809049

एसडी/-
स्थानः मध्यप्रदेश, दिनांक : 30.01.2026 — अधिकृत अधिकारी सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of the Superintending Engineer (P&W), A.T.P.S., Chachai, Phone : 07659-263469
Email : sepnwatps23@gmail.com, Corporate Office - Block No. 9, Shakti Vidyut Nagar, Rampur, Jabalpur (M.P.)-482008, Phone No. : 0761-2702615, E-mail : mppgcl@mp.nic.in, Fax No. : 0761-2665805
Website : www.mppgcl.mp.gov.in, CIN-U40109MP2001SGC014882

No. : 001-04/P&W/NIT/3115 — Chachai, Dtd. 23.01.2026

**NOTICE INVITING TENDER (NIT) "THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY"**

(1) M.P. Power Generating Co Ltd. invites Electronic Tenders from reputed/established firm/contractor/service provider for the following items for ATPS, MPPGCL, Chachai

| Tender No. | Tender Particulars | Tender Cost | EMD (In Rs.) | Date and Time for Closing of Online Submission | Date and Time of Opening of E-Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender ID:2026_MPPGC_469908 _1 | Dismantling/Demolishing of OLD ECR Building at ATPS, Chachai. | Rs. 1000.00 | Rs. 27,400.00 | 05.02.2026 Up to 15:00 Hrs | 10.02.2026 from 15.30 Hrs. onwards |
| Tender ID: 2026_MPPGC_469442 _1 | Renewal coat of OGPC over existing bituminous road from C.E. Square to S.E. (Services) office at ATPS, Chachai. | Rs. 1000.00 | Rs. 36,800.00 | 23.02.2026 Up to 15:00 Hrs | 26.02.2026 from 15.30 Hrs. onwards |

This tender is being invited through e-tendering system. For viewing detailed NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tenders, for any clarifications and/or due date extension or corrigendum, please visit the website www.mptenders.gov.in regularly. Any clarifications and/or due date extension or corrigendum shall be issued on the website www.mptenders.gov.in only.
M.P. Madhyam/124190/2026 — S.E. (P&W)

# जुआ फड़ से पांच लाख रुपए नकद बरामद

## थाना चंदला पुलिस ने रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान सिंहपुर-सरवई रोड पर जुआ के फड़ में मारा छापा



**छतरपुर,29 जनवरी. थाना चंदला पुलिस ने रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान सिंहपुर-सरवई रोड पर एक जुआ के फड़ पर छापा मारा, जिसमें 21 आरोपी जुआ खेलते हुए पकड़े गए. जुआ फड़ से 5 लाख नगद बरामद किए गए.**

पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा गठित टीम ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचकर चबूतरे पर संचालित जुआ खेल के फड़ को दबोचा. छापा के दौरान पुलिस ने 21 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया, जबकि विवेचना कार्यवाही जारी है. पकड़े गए आरोपियों में सोहन खटीक, संतोष पटेल, राजेन्द्र पाल, रफीक मुहम्मद, भइयन यादव, छोटेलाल पटेल, पुष्पेन्द्र सोनी, हसीब अहमद, रामप्रकाश राजपूत, पवन सोनी, बाबू पटेल, अरूण कुमार यादव, नन्दू यादव, अमित कुमार भुर्जी, भगवानदास रैकवार, सनी सिसौदिया, राजेश सोनकर, टीकाराम सोनकर, बिनोद रैकवार, प्रीतम यादव और हरीओम शिवहरे शामिल हैं. साथ ही मौके से चार कारें (फोर्ड इकोस्पोर्ट, मारुति स्विफ्ट, बलेनो और सेलेरियो) भी जब्त की गईं, जिनकी कुल कीमत लगभग 32 लाख रुपये बताई जा रही है.

> इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदला निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर, सउनि के एल वर्मा, सउनि बद्री प्रसाद, प्र आर सुनील अरजरिया, आर प्रवीण दिखीत, प्रवीण डिन्डोरे, छोटे लाल, आर अतुल, फूल कुमार, हरपाल, बलबीर, शिवम सहित पूरी टीम की भूमिका रही.

# एमपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पूरी

▶ उत्कृष्ट विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखे प्रश्न पत्र

**छतरपुर,29 जनवरी. आगामी मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं.**

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1, छतरपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सभी विषयों के प्रश्न पत्र सुरक्षित रूप से रखे गए हैं. इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एमपी बोर्ड के प्रतिनिधि तथा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे. प्रश्न पत्रों को जीपीएस सिस्टम से लैस ट्रक के माध्यम से छतरपुर लाया गया. ट्रक में लगे इलेक्ट्रॉनिक और सामान्य दोनों प्रकार के लॉक की जांच स्वयं जिला पंचायत सीईओ द्वारा की गई. इसके बाद कुल 796 बॉक्स में रखे गए प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया. सुरक्षा व्यवस्था के तहत स्ट्रांग रूम में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रहेंगे और सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है. प्रशासन के अनुसार 6 और 7 फरवरी को प्रश्न पत्र केंद्रवार संबंधित पुलिस थानों तक भेजे जाएंगे. वहां से परीक्षा के दिन कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों और केंद्र अध्यक्षों की मौजूदगी में प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए जाएंगे. प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्रों पर भी कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में ही खोले जाएंगे. एमपी बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों पर केवल कलेक्टर प्रतिनिधि को ही मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी, जिससे पासवर्ड और छात्रों की उपस्थिति-अनुपस्थिति की जानकारी समय पर भेजी जा सके. जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने बताया कि जिला प्रशासन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से परीक्षाएं संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है.

# अवैध वसूली का केन्द्र बना सोनोग्राफी सेंटर

**सीहोर 28 जनवरी. गर्भवती महिलाओं की मुफ्त में होने वाली सोनोग्राफी के नाम पर पैसे ऐंठने का मामला सरगर्म बना हुआ है.**

इस भर्राशाही का विरोध करते हुए जब आशा कार्यकर्ता ने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ कर्मचारी ने बदसलूकी कर दी. आशा कार्यकर्ता ने उसकी शिकायत सीएमएचओ और सिविल सर्जन से करते हुए कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. सिविल सर्जन का पद संभालने के बाद डॉ. यूके श्रीवास्तव भले ही अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के लिए कवायदें कर रहे हों, लेकिन अस्पताल के कुछ कर्मचारी उनकी मंशा को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं.

## एक नजर में




### कोहरे से धीमी हुई ट्रेनों की रफ्तार, यात्री परेशान

**हरपालपुर, 29 जनवरी.** घने कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर अंकुश लगाया गया है और कई लंबी दूरी की ट्रेनें निर्धारित समय से कई घंटे देरी से चल रही हैं. इससे यात्रियों की मुसीबतें बढ़ गई हैं. स्टेशनों पर ठंड में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है और जनरल डिब्बों में भारी भीड़ के कारण यात्री क्षमता से तीन गुना अधिक सफर करने को मजबूर हैं. कई यात्रियों को बैठने की जगह तक नहीं मिल रही है, जबकि कुछ लोग ट्रेन छूटने के डर से लेट चल रही ट्रेनों में चढ़ने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे हादसों का जोखिम बढ़ गया है. प्लेटफॉर्म बदलने की स्थिति में यात्री भारी सामान लेकर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक दौड़ते दिख रहे हैं. वेटिंग रूम हाउसफुल चल रहे हैं और कई लोग खुले आसमान के नीचे ठिठुरते नजर आ रहे हैं. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता है, इसलिए फॉग डिवाइस के बावजूद ट्रेनों की गति नियंत्रित रखी जा रही है. कोहरे के प्रभाव से ग्वालियर से बनारस चलने वाली बुंदेलखंड एक्सप्रेस और हजरत निजामुद्दीन से जबलपुर चलने वाली महाकौशल एक्सप्रेस रात्रि 10 व 11 बजे के बजाय रात 12 बजे स्टेशन पर पहुंच रही हैं. वहीं, झांसी-लक्ष्मीबाई वीरांगना मेमू और उदयपुर-खजुराहो इंटरसिटी एक्सप्रेस भी एक से ढेड़ घंटे की देरी से चल रही हैं. लेट लतीफी के कारण कई यात्री रात्रि में फर्श पर लेटकर ट्रेन का इंतजार करते देखे गए.



### नगर की बेटी ने खैरागढ़ में किया गोल्ड मेडल प्राप्त

**आष्टा.** नगर के संगीत आश्रम काशिप कला केंद्र की प्रशिक्षु चौताली माथुर ने अपने सुर ताल सौरभ से सभी को महकाते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की है. चौताली ने छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय से तबला से मास्टर डिग्री मे टॉप करके स्वर्ण पदक हासिल किया है. बीते दिनों छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने गणतंत्र दिवस समारोह में चौताली को स्वर्ण पदक प्रदान किया. नगर के किला निवासी महेश माथुर और शिक्षिका नम्रता माथुर की बेटी चौताली को प्रभुप्रेमी संघ अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, प्रदीप प्रगति, संजय जैन, अर्जुन सिंह अजय, शुभम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता द्वय सुरेंद्रसिंह परमार, वीरेंद्र सिंह परमार, विशाल सोलंकी, पल्लव जैन प्रगति, शिवेंदु दसोदी, सुमित पटेल आदि ने शुभकामनाएं दी.




### विद्यार्थियों को दी साइबर व सड़क सुरक्षा की जानकारी

**सीहोर.** एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार जागरुकता से अपराध रोकथाम के क्रम में एएसपी सुनीता रावत के मार्गदर्शन में यातायात, थाना कोतवाली एवं अजाक थाना टीम द्वारा जनजागरुकता से अपराध रोकथाम के लिए इंग्लिशपुरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया. थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में जागरुक किया गया एवं लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया एवं बिना लाइसेंस वाहन न चलाने संबंधी एवं यातायात संबंधी अन्य नियमों के बारे में जागरुक किया गया. थाना कोतवाली से उप निरीक्षक विक्रम आदर्श एवं विवेक आर्य द्वारा सोशल मीडिया एवं फाइनेंशियल फ्रॉड संबंधी विषयों पर जानकारी दी. इसी प्रकार उप पुलिस अधीक्षक अजाक प्रवीण चढ़ोकार एवं थाना प्रभारी अजाक अंसारुल हक द्वारा चिन्हित हॉटस्पॉट इंग्लिशपुरा में अनुसूचित जाति एवं जनजातीय के संबंध में जागरुक किया गया.

# राजगढ़ पैलेस की खुदाई में सोने के सिक्कों की चर्चा

**खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण खजाने की तलाश में पहुंचे**

**सिक्कों व ऐतिहासिकता पर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं**



**छतरपुर ,29 जनवरी. मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित ऐतिहासिक राजगढ़ पैलेस से जुड़ा एक मामला इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है.**

पैलेस परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान खुदाई से निकली मिट्टी में कथित तौर पर सोने के सिक्के मिलने की अफवाह फैलते ही आसपास के गांवों में हलचल मच गई. बताया जा रहा है कि मिट्टी में कुछ चमकदार वस्तुएं दिखाई दीं, जिन्हें लोगों ने सोने के सिक्के होने का अनुमान लगाया. राजगढ़ पैलेस बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित है, जिसे एक निजी समूह द्वारा लक्जरी होटल के रूप में विकसित किया जा रहा है. निर्माण कार्य के दौरान निकली मिट्टी को पैलेस के बाहर एक मार्ग पर डाला गया था. इसी स्थान पर सिक्के मिलने की खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. लोग फावड़े और अन्य औजारों की मदद से मिट्टी में खजाने की तलाश करते नजर आए. प्रशासन या पुरातत्व विभाग की ओर से फिलहाल इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया गया है. सिक्कों की वास्तविक संख्या, उनकी शुद्धता और ऐतिहासिक महत्व को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है.

> स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि कुछ व्यक्तियों को सिक्के मिलने का दावा किया जा रहा है. वहीं कुछ लोग इन सिक्कों को ऐतिहासिक बताते हुए करीब 500 साल पुराना होने की बात भी कर रहे हैं. हालांकि इन दावों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है.

प्रशासनिक जांच या आधिकारिक पुष्टि के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी.



# छतरपुर में बदला मौसम का मिजाज, ठंड में हुआ इजाफा

**छतरपुर,29 जनवरी. जिले में बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात मौसम का मिजाज अचानक बदल गया. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जिले में घने बादल छा गए, हल्की बारिश हुई और ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे ठंड का असर बढ़ गया है.**

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार सुबह 8:30 बजे न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिन की तुलना में 0.2 डिग्री कम रहा. गुरुवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे. सुबह 10 बजे तक सूरज के दर्शन नहीं हो सके. बादलों की वजह से दिनभर मौसम ठंडा और नम बना रहा. हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया. सुबह के समय तापमान करीब 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है. इस दौरान आद्रता का स्तर 95 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दृश्यता लगभग 1000 मीटर दर्ज की गई. मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले दो दिनों तक जिले में बादल छाए रहने, हल्की बारिश और ठंडे मौसम की संभावना बनी हुई है. वैज्ञानिकों के अनुसार हल्की बारिश रबी फसलों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है, लेकिन यदि तेज हवाएं या भारी बारिश होती है तो फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बनी रहेगी. मौसम विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है.

# जर्जर सड़क दे रही हादसों को आमंत्रण



**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 29 जनवरी.** इन दिनों बुधनी-शाहगंज मार्ग की हालत बेहद खस्ताहाल बनी हुई है. मार्ग पर बांसापुर वन नर्सरी के सामने बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हो गए हैं, इस रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है. वाहन चालकों को भी भारी मशक्कत करना पड़ रही है.

गौरतलब है कि गडरिया नाले से निकले नेशनल हाईवे-46 के निर्माण के बाद शाहगंज आवागमन के लिए उसके साइड में सर्विस रोड़ तैयार कराई गई थी. इसी मार्ग का उपयोग शाहगंज जाने वाले लोगों के साथ-साथ बैतूल, इटारसी और नर्मदापुरम से हाइवे के रास्ते बुधनी आने वाले वाहन भी करते हैं. लंबे समय से इस सड़क की स्थिति गंभीर बनी हुई है. लेकिन नेशनल हाईवे निर्माण कार्य से जुड़ी ठेका कंपनी द्वारा मार्ग का समुचित रखरखाव नहीं किया जा रहा. जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है. वहीं बांसापुर क्षेत्र के रहवासी भी धूल-मिट्टी से परेशान हैं. सड़क की बदहाली के चलते क्षेत्रवासियों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसे लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से संबंधित ठेका कंपनी पर कार्रवाई करने एवं खस्ताहाल सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है.

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान आज बुधनी प्रवास पर

**बुधनी.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को अपने गृह क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे. उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां की गई हैं. एसडीओपी रवि शर्मा एवं नवागत थाना प्रभारी माया सिंह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निर्धारित कार्यक्रम अनुसार केंद्रीय मंत्री श्री चौहान 30 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे शाहगंज पहुंचेंगे. जहां वे सांदीपनी विद्यालय के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इसके उपरांत वे दोपहर 12.30 बजे बुधनी पहुंचेंगे.

## गेहूं पंजीयन , उपार्जन के लिए समिति गठित

**सीहोर 29 जनवरी.** गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक किया जाएगा. कलेक्टर बालागुरू के द्वारा किसान पंजीयन एवं उपार्जन के संपूर्ण कार्य पर्यवेक्षण, स्कंध की गुणवत्ता, निरीक्षण, उपार्जन की समस्त प्रक्रिया एवं उपार्जन नीति के अंतर्गत आने वाली कठिनाइयों के निराकरण के लिए जिला उपार्जन समिति का गठन किया गया है. समिति अध्यक्ष कलेक्टर बालागुरू के हैं और जिला आपूर्ति अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है. इसके अलावा अन्य अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है. कलेक्टर बालागुरू के द्वारा उपार्जन नीति के अंतर्गत आने वाली कठिनाइयों के खंड स्तर पर निराकरण के लिए उपखंड स्तरीय उपार्जन समितियों का गठन किया गया है. इन समितियों में संबंधित एसडीएम को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है और सहायक आपूर्ति अधिकारियों को सदस्य सचिव बनाया गया है.

# पुलिस ने 5 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

## बागेश्वर महाराज से मिलाने का झांसा देकर ठगी और दुष्कर्म



**छतरपुर,29 जनवरी.** नगर में बागेश्वर महाराज से मिलाने का झांसा देकर एक युवती से ठगी और दुष्कर्म करने के गंभीर मामले में सिविल लाइन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने इस प्रकरण में 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी महेंद्र दुबे को चित्रकूट से गिरफ्तार कर लिया है. दुष्कर्म की शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी पर इनाम घोषित किया गया था. पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि आरोपी महेंद्र दुबे ने स्वयं को प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए बागेश्वर महाराज से मुलाकात कराने का लालच दिया. इसी बहाने उसने युवती से पैसे ऐंठे और बाद में उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की. सिविल लाइन पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और उसे चित्रकूट से गिरफ्तार किया. गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है. पीड़िता को हर संभव न्याय दिलाने के लिए सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है. पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह के झांसे या प्रलोभन से सावधान रहें.

**आयोजन** ▶ विरासत कला उत्सव की भव्य शुरुआत

# पद्मश्री प्रहलाद सिंह के कबीर गायन से गूंजा ऑडिटोरियम



**छतरपुर,29 जनवरी. शहर के ऑडिटोरियम में उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विरासत कला उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ.**

उद्घाटन दिवस सांस्कृतिक उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा. कार्यक्रम के पहले दिन पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात लोकगायक और कबीरपंथी संत प्रहलाद सिंह टिपानिया की सशक्त प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. उनके निर्गुण कबीर भजनों से पूरा सभागार गूंज उठा और श्रोता भावविभोर हो गए. कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कला प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे.

> पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया ने मालवी लोकधुनों पर आधारित कबीर की वाणी को खड़ताल, मंजीरा, ढोलक और हारमोनियम जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुत किया. उनका गायन केवल संगीत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसमें सामाजिक समरसता, आत्मचिंतन, प्रेम और मानवता का गहरा संदेश भी समाहित था. कबीर के दोहों और भजनों के माध्यम से उन्होंने जीवन की सादगी और सत्य का मार्ग दर्शाया. देश-विदेश में कबीर की वाणी को पहुंचाने वाले प्रहलाद सिंह टिपानिया की प्रस्तुति ने विरासत कला उत्सव को एक सशक्त, गरिमामयी और आध्यात्मिक शुरुआत प्रदान की. आयोजन समिति के अनुसार उत्सव के आगामी दिनों में शास्त्रीय, लोक और जनजातीय कला से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे शहरवासियों को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिलेगा.

## स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान आज से प्रारंभ

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 जनवरी से 13 फरवरी तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलाया जाएगा. इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ पीड़ित व्यक्तियों के प्रति समुदाय में व्याप्त भ्रांतियों एवं भेदभाव को समाप्त करना और जागरूकता लाना है. कलेक्टर बालागुरु के द्वारा इस अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय एवं ब्लॉक समितियों का गठन किया गया है. जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष कलेक्टर बालागुरु के हैं तथा ब्लॉक स्तरीय समितियों का अध्यक्ष एसडीएम को बनाया गया है. अन्य संबंधित अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है.

# ओवरब्रिज निर्माण के लिए 10 गांवों का रास्ता बंद

## बिना कोई पूर्व सूचना के 2 दिन के लिए बंद किया मुड़ियाखेड़ा रेलवे फाटक

**अदनान खान, नवभारत**

**सलामतपुर, 29 जनवरी. सांची जनपद के मुड़ियाखेड़ा रेलवे गेट पर बन रहे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है. एजेंसी द्वारा यहां डाइवर्ट मार्ग नहीं बनाया गया है, और जो दस गांवों का रास्ता था उसे भी बिना कोई पूर्व सूचना के दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है.**



फाटक बंद होने से हज़ारों ग्रामीण के छोटे या बड़े कोई भी वाहन नहीं निकल पा रहे हैं. यहां से ग्रामीणों को पैदल ही निकलना पड़ रहा है. इस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. गुरुवार को फाटक बंद होने से कई वाहन दोनों और फंस गए. ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति रोज देखने को मिलती है, लेकिन निर्माण एजेंसी और प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है.

सांची जनपद के गांव मुड़ियाखेड़ा में रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज का काम शुरू हुए काफी समय हो गया है. निर्माण पूरा होने के बाद इन मार्गों पर पड़ने वाले दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी. लेकिन अभी तो ब्रिज कंप्लीट भी नही हुआ और लोगों की परेशानियां शुरू हो गई. बता दें कि भोपाल बीना तीसरी रेलवे ट्रैक के बाद ट्रेनों की संख्या के साथ उनके फेरे भी बढ़ गए हैं. कई बार रेलवे क्रासिंग बंद करनी पड़ती है. कभी-कभी तो तीनों ट्रैक पर पर ट्रेन आने के कारण एक से डेढ़ घंटे तक गेट बंद रहता है. इससे लोगों को खासी परेशानी होती है. जब कोई बीमार गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए रेलवे गेट खुलने का इंतजार करना भारी पड़ता है. रेलवे विभाग द्वारा लोगों को राहत देने की मंशा से भोपाल विदिशा के बीच मुड़ियाखेड़ा रेलवे क्रासिंग गेट पर ओवरब्रिज बनाए जाने का काम शुरू किया गया है. ताकि दर्जनों गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा आसानी से मिल सके. लेकिन निर्माण कर रहे ठेकेदार ने आम रास्ता भी बंद कर दिया. जिसकी वजह से प्रतिदिन छोटे और बड़े वाहन दोनों और फंस रहे हैं. जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय ग्रामीणों राहुल, अंकित, भगवान सिंह और रोहित पटेल ने ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा करने के साथ ही डायवर्जन सड़क को बनाने की मांग रेलवे विभाग से की है.

मुड़ियाखेड़ा रेलवे फाटक को बिना सूचना के बंद करने से लगभग दस से पंद्रह गांवों के हज़ारों ग्रामीण परेशान होने लगे हैं. इस रास्ते से मुड़ियाखेड़ा, भरतीपुर, मादा, जोगीपुरा, बेसर, शाहपुर, कालीदांत, भोई कालोनी, झुंडखोह, फूल खेड़ा, रूपनगर सहित अन्य गांवों का रास्ता बंद हो गया है. गुरुवार के दिन बच्चों को स्कूल लेने आए वाहन भी गांव तक नही पहुंच सके. वहीं गर्भवती महिलाओं के साथ ही किसान भी परेशान हो रहे हैं. क्योंकि रास्ता बंद होने से ना तो मोटरसाइकिल और ना ही कोई बड़ा वाहन यहां से निकल पा रहा है. ग्रामीणों को पैदल ही इस तरफ से उस तरफ जाना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने उक्त कार्य कर रहे ठेकेदार और रेलवे विभाग पर मनमाने तरीके से काम करने के आरोप भी लगाए हैं.

### इनका कहना है.

मुड़ियाखेड़ा में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य ने फिलहाल 10 से 15 गांव के लोगों के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है. निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार द्वारा बिना कोई पूर्व सूचना दिए 2 दिन के लिए रेलवे फाटक बंद कर दिया. जिससे क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है और हज़ारों ग्रामीण अपने वाहन दूसरी और नही ले जा पा रहे हैं. जिससे बड़ी बाधा आ रही है.

**शफीक खान,** उपसरपंच ग्रा.पं. मुड़ियाखेड़ा.

सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और बीमार या गर्भवती महिलाओं को हो रही है, क्योंकि स्कूल वैन और एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पा रही हैं. ग्रामीणों के वाहनों के फंसने के साथ-साथ मोटरसाइकिल चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. लोगों को पैदल ही दूसरी और जाना पड़ रहा है.

**बृजेश आदिवासी,** मुड़ियाखेड़ा



# विद्यार्थी अच्छी लिखावट का अभ्यास करें : एसडीएम

**बेगमगंज, 29 जनवरी. किसी भी विषय को याद करने के लिए अभ्यास की नितांत आवश्यकता है. इसके साथ ही अच्छी राइटिंग में लिखना सीखे ताकि काटा-पीटी की नौबत ना आए और अच्छी राइटिंग परीक्षक को भी प्रभावित करती है. याद रखने के लिए लिखकर अभ्यास करें. उक्त बात गुरुवार को एसडीएम सौरभ मिश्रा ने सांदीपनि विद्यालय के सभागार में कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 वीं के विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए कही.**

उन्होंने कहा कि यदि कोई विषय याद करने में कठिनाई हो रही है तो उसे बार-बार लिखकर याद किया जा सकता है और अच्छी राइटिंग का अभ्यास भी जरूरी है जोकि आपके व्यक्तित्व को तो प्रभावित करता है साथ ही इससे परीक्षक को पढ़ने में आसानी होती है, जो आपको अच्छे नंबर देता है. विशेषतौर पर शब्दों पर ध्यान केंद्रित करें ताकि मात्राओं में गलतियां ना हो, मात्राओं की गलतियां शब्दों की हेर फेर में सहायक होती है.

उन्होंने कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को विशेषतौर से गाइड करते हुए कहाकि बोर्ड परीक्षाएं सिर पर हैं, इसलिए आज से ही मोबाइल से दूरी बना ले और नियमित रूप से केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें ताकि प्रावीण्य सूची में आपका भी नाम आ जाए और परिवार एवं गुरुजनों का नाम रोशन हो सके. कुछ घंटे की मशक्कत आपके भविष्य को सवार कर जीवन को सफलता की ऊंचाई पर स्थापित करती है. जिनके विषय अधूरे है और जो पढ़ाई में कमजोर है, उनकी अतिरिक्त कक्षाएं रविवार को लगाकर पढ़ाई पूरी कराई जाए. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक सहित कक्षाओं के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही.

### एक नजर में



## गेहूं से भरे ट्रक ने यात्री बस, फिर कार को मारी टक्कर

**सलामतपुर.** भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर सलामतपुर थाने के वाटिका ढाबे के पास एक तेज़ रफ़्तार गेहूं से भरे ट्रक के चालक ने एक यात्री बस में टक्कर मारते हुए विदिशा जिला पंचायत अध्यक्ष की लग्जरी कार को ठोंक दिया. गनीमत रही कि किसी को भी चोटें नही आईं. हादसे के बाद भोपाल विदिशा रोड पर लंबा जाम लग गया. मौके पर पहुंची सलामतपुर पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु रूप से शुरू हो पाया. पुलिस के अनुसार गुरुवार को दोपहर लगभग तीन बजे वाटिका ढाबे के पास सागर से इंदौर से गेहूं लेकर जा रहे ट्रक एमपी 15 एचए 3279 के ड्राइवर ने तेज़ व लापरवाही से ट्रक चलाते हुए आगे चल रही भोपाल जाने वाली यात्री बस गुप्ता ट्रेवल्स में टक्कर मारी और फिर विदिशा जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश रघुवंशी की लग्जरी कार एमपी13 जेडयू 5339 में सामने से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. पुलिस ने ट्रक ज़ब्त कर चालक के विरुद्ध धारा 281 बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया है.



## स्कूली बच्चों को बताए साइबर क्राइम से बचने के तरीके

**सलामतपुर.** इन दिनों बढ़ते साइबर अपराधों से बचने के लिए जिले में जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. इसी कड़ी में गुरुवार को सलामतपुर पुलिस ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया. यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, और आरक्षक रोहित गोस्वामी ने टीम के साथ शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई. दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि साइबर क्राइम के विभिन्न रूप, जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, और सोशल मीडिया से संबंधित खतरे, किस तरह युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं. उन्होंने छात्रों को सतर्क रहने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने और साइबर सुरक्षा के बुनियादी उपाय अपनाने की सलाह दी. इसके साथ ही यातायात संबंधित जानकारी भी बच्चों को उपलब्ध कराई गई.



## स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**देवरी (रायसेन).** ग्लोबल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, देवरी में शनिवार को वार्षिक उत्सव समारोह-2026 का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. शुभारंभ वार्ड पार्षद श्रीमती अंतूबाला मनोज सोनी द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन अनिल पुरोहित ने किया. वार्षिक उत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं. नृत्य, नाटक एवं गीतों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिज्ञान- पटेल (अध्यक्ष, शिवाजी फाउंडेशन) रहे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रविन्द्र सिंह रघुवंशी (अध्यक्ष नगर परिषद), सुनील लोधी (अध्यक्ष भाजपा मंडल) एवं श्रीमती अंतूबाला मनोज सोनी (पार्षद वार्ड क्रमांक 05) युवा नेता बसंत धाकड़ प्रकाश विश्वकर्मा एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे. विद्यालय के संचालक नर्मदाप्रसाद धाकड़ एवं रश्मि-अजय कुमार धाकड़ ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया.

# सियरमऊ में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**सिलवानी, 29 जनवरी. शाह स्टेडियम सियरमऊ में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ. टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला.**



शुभारंभ अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री सर्वेश खरे मुख्य रूप से उपस्थित रहे. उनके साथ विक्रम शाह, अमित शुक्ला, अनूप शाह, भूपेश दुबे, अनुज शाह, अमित, सचिन, संकेत शाह, प्रभात नामदेव, निशांत शाह, भास्कर सोनी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे.

इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री सर्वेश खरे ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप आज गांवों में भी बड़े नगरों की तरह खेलों के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है. ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल रहा है. आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 15,000 रुपये निर्धारित किए गए हैं. अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं.

# सुनील पांडे हुए सम्मानित

**▸ गणतंत्र दिवस पर प्रभारी मंत्री और कलेक्टर ने किया सम्मान**

**सिलवानी, 29 जनवरी. विकास खंड के बीकलपुर संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीकलपुर के प्रभारी प्राचार्य सुनील पांडे को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया.**



यह सम्मान उन्हें लगातार सातवीं बार प्रदान किया गया है, जो उनके कार्यों की निरंतरता और गुणवत्ता को दर्शाता है.

पांडे द्वारा विद्यालय एवं संकुल स्तर पर वर्षभर किए गए उल्लेखनीय कार्यों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा पिछले 10 वर्षों से लगातार उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम शामिल हैं.

# हिन्दू सम्मेलन भारत माता के जयकारों के साथ संपन्न





**उदयपुरा, 29 जनवरी. सकल हिन्दू समाज की सहभागिता मातृशक्ति के साथ ग्राम केतुघान में विशाल हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न, मुख्य वक्ता के रूप में संघ के प्रांत घुमंतू समाज प्रमुख लखन विश्वकर्मा ने ग्रामीण जनों को संबोधित किया और आग्रह किया कि कलयुग में संघ में शक्ति है.**

हम सभी एक माला में गूथे रहेंगे तो मजबूत रहेंगे चाहे फिर समाज हो या फिर हमारा परिवार हमारे घर परिवार में सामूहिक भजन, भोजन, भ्रमण सभी सदस्यों को मिलकर करना चाहिए, और सुख दुख में संपूर्ण परिवार एक रहे, मतभेद और मनभेद नहीं होना चाहिए बच्चो के साथ घर पर बैठे अपने कुल कुटुंब की चर्चा करें उनके विचार समझें और अपनी परम्परा, संस्कृति के बारे उनको जरूर बताए और राष्ट्र भी हमारा परिवार है, इस राष्ट्र की रक्षा करना जितनी जिम्मेवारी एक सैनिक होती है उतनी ही हमारी हम प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे जिससे हमारा पशुधन सुरक्षित होगा द्य हिन्दू सम्मेलन मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में कथावाचिका रागनी पाराशर ने भी समाज में एकता की बात कही एवं समस्त ग्रामीणजनों ने सम्पूर्ण कार्यक्रम को सुना और राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाने का वादा किया.

## कॉम्बिंग गस्त में गुंडे, बदमाशों को चैक कर दी हिदायत

**सलामतपुर, 29 जनवरी.** पुलिस ने बीती रात कॉम्बिंग गस्त के दौरान गुंडे, जिलाबदर बदमाशों को चेक कर उन्हें सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी गई. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में बुधवार गुरुवार की मध्य रात्रि में समस्त एसडीओपी के नेतृत्व में थानावार टीमें गठित कर स्थाई, फरार वारंटियों की धरपकड़ और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी हेतु रात्रि कॉम्बिग गस्त की गई. रात्रि कॉम्बिंग गस्त के दौरान थानावार पुलिस टीम ने स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए और गिरफ्तारी वारंट भी तामिल कराए गए. संपत्ति संबंधी आरोपियों को चैक किये. अन्य आरोपियों को चैक किया गया है.

# मिनी ट्रक की टक्कर से बस खाई में उतरी, ड्राइवर गंभीर

**सलामतपुर, 29 जनवरी. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे क्रमांक 18 पर गुरुवार दोपहर 1:00 बजे के आसपास सड़क हादसा हो गया. चोपड़ा के पास विदिशा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ईंटों से लदे 407 वाहन ने यात्री बस को ड्राइवर साइड से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब 20 फीट गहरी खाई में उतर गई.**





स्टेट हाईवे पर चोपड़ा के पास हादसा, कई यात्रियों को आई चोटें

बताया जा रहा है कि गुप्ता कंपनी की यह यात्री बस भोपाल से सलामतपुर होते हुए विदिशा जा रही थी. हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस में सवार कई यात्रियों को भी चोटें आई हैं. राहगीरों द्वारा घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्टेट हाईवे 18 पर ईंटों से लदे 407 वाहन बेखौफ होकर तेज रफ्तार में दौड़ रहे हैं, जिन पर न तो आरटीओ और न ही खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है. लोगों ने अवैध ईंट परिवहन पर सख्त कार्रवाई और हाईवे को शीघ्र फोरलेन किए जाने की मांग की है.

### शीघ्र हो फोरलेन, तब आएगी हादसों में कमी

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं. इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है. वहीं सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को फोरलेन करने की मांग शासन प्रशासन से की है. गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं. जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है. सलामतपुर व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है. क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है. और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है. जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है. स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोरलेन करने की मांग की है.

**एसआईआर का मामला ▸ मुस्लिम त्योहार कमेटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

# फर्जी आपत्तियां रद्द कर दर्ज की जाए एफआईआर

**बेगमगंज, 29 जनवरी. क्षेत्र में उस समय अफरा तफरी मच गई जब मतदाताओं के नाम सूची से काटने के लिए फर्जी आपत्तियां लगाने की जानकारी लगी, तब मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष हाजी शफीक अली और उलेमा ए दीन के नेतृत्व में समुदाय के लोग भारी संख्या में नारेबाजी करते हुए पुराना बस स्टैंड से एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम सौरभ मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर बिना साक्ष्य के लगाई गई आपत्तियों को निरस्त कर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने अपने कर्तव्यों का सही पालन नहीं करने वाले कुछ बीएलओ के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की.**





ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश के अन्य विधानसभा क्षेत्रों की तरह 143 सिलवानी विधानसभा के बेगमगंज क्षेत्र में भी एक साजिश के तहत असंवैधानिक तरीके से पोलिंग बूथ के बाहर के लोगों के नाम और उनके मोबाइल नंबर दर्ज कर 98 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के नाम काटने को लेकर बिना साक्ष्य की आपत्तियां प्रस्तुत की गई है. एक एक व्यक्ति के नाम से एक ही हैंडराइटिंग में दर्जनों आपत्तियां रिटर्निंग आफीसर के समक्ष प्रस्तुत की गई है. जिन्हें रिटर्निंग आफीसर द्वारा बीएलओं को मौका मुआयना कर जांच प्रतिवेदन बनाने के लिए आदेशित कर दिया गया है. जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी का महौल पैदा हो जाने से आक्रोश पनप रहा है. जबकि एसआईआर के समय बीएलओ द्वारा बाकायदा मैपिंग करने के बाद गणना प्रपत्र भरवाए गए थे.

जिसमें मतदता की स्वयं की जानकारी के अलावा माता पिता अथवा स्वयं मतदाता का 2003 की एसआईआर का मतदाता क्र. विधानसभा क्र. और मतदाता सूची का भाग क्र. दर्ज कराया गया था. जो मतदाता 2003 का रिकार्ड प्रस्तुत नहीं कर पाए थे उनसे निर्धारित दस्तावेज भी बाद में नोटिस के जरिए प्राप्त किए गए हैं.

आपत्तियों जिन लोगो के नाम और मोबाइल नंबर लिखकर लगाई गई है. वे या तो गांव के निवासी है या फिर दूसरी विधानसभा के निवासी है जिनके मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करने पर वे आपत्ती लगाने से अनभिगता जाहिर कर रहे है. ऐसे ही दो आपत्तिकर्ता नैनविलास निवासी दीपेश जिनका मोबाइल नंबर दर्ज करके वार्ड नंबर 5 में 6 लोगों के नाम पर आपत्ति लगाई है. दूसरे रेडवास गांव निवासी प्रेम नारायण दुबे जिनके मोबाइल नंबर कुड्स करके बात क्रमांक 8 में 7 लोगों के नाम से आपत्ति लगाई गई है ने एसडीएम को आवेदन देकर बताया कि उनका नंबर गलत तरीके से चढ़ाकर आपत्ति लगाई गई है वह संबंधित मतदाताओं को जानते तक नहीं है. बिना किसी साक्ष्य के पोलिंग बूथ के बाहर के लोगों से रिटर्निंग आफीसर ने आखिर किसके दबाव में उक्त आपत्तियां ले ली यह विचारणीय प्रश्न है. मुस्लिम त्योहार कमेटी ने मांग की है नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिना साक्ष्य की सभी आपत्तियों को बिना जाचं प्रतिवेदन बनवाए ही निरस्त करें. ताकि बीएलओ भी मानसिक प्रताड़ना से बच सकें. संवैधानिक अधिकारों से अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं को वंचित करने के षडयंत्र का पर्दाफाश किया जाकर रिटर्निंग आफीसर कक्ष के सीसीटीव्ही फुटेज देखकर उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही करने वाले बीएलओ के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने आदि की मांग के साथ चेतावनी दी गई है कि यदि किसी भी वैद्य मतदाता का नाम काटा गया या फिर अवैध मतदाताओं के नाम जोड़े गए तो बीएलओ के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई करने के लिए विवश होगें.

# 1.17 लाख किसानों को 200 करोड़ की भावांतर राशि

**07** .10 लाख से अधिक किसान लाभांवित

**15** सौ करोड़ रुपये की भावांतर राशि दी

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव मल्हारगढ़ में अन्नदाता सम्मान समारोह शामिल हुए




**मंदसौर, 29 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भावांतर भुगतान योजना किसानों की तपस्या, परिश्रम और समर्पण का सम्मान है. किसान हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था के वास्तविक कर्णधार हैं. सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है और उनकी समृद्धि ही प्रदेश की समृद्धि है.**

गुरुवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में आयोजित अन्नदाता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भावांतर भुगतान योजना की अंतिम किश्त के रूप में प्रदेश के 1 लाख 17 हजार किसानों के खातों में लगभग 200 करोड़ रुपये अंतरित किए. उन्होंने बताया कि अब तक 7.10 लाख से अधिक किसानों को लगभग 1500 करोड़ रुपये की भावांतर राशि दी जा चुकी है. मंदसौर जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को करीब 43 करोड़ रुपये का लाभ मिला. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले के पांच पात्र किसानों को भावांतर राशि के चेक भी प्रदान किए.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने भावांतर भुगतान योजना लागू की, जिससे सोयाबीन उत्पादक किसानों को फसल का पूरा दाम मिला है. आने वाले समय में सरसों और मूंगफली को भी इस योजना के दायरे में लाया जाएगा.

समारोह में मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र को कई विकास सौगातें भी दीं. मंदसौर-नीमच स्टेट हाईवे पर 4 लेन फ्लाईओवर, पिपलिया मंडी में रेलवे अंडरब्रिज निर्माण का भूमिपूजन तथा मल्हारगढ़-नारायणगढ़ मार्ग पर नवनिर्मित रेलवे अंडरपास का लोकार्पण किया. साथ ही भुवानी माता मंदिर के जीर्णोद्धार और काका गाडगिल सागर डेम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की.

### शहीद के पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में एक भावुक क्षण तब आया, जब मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में चार लोगों की जान बचाकर स्वयं शहीद हुए स्व. मनोहर सिंह चौहान के पुत्र संजय सिंह को पुलिस आरक्षक (जीडी) पद पर अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सदस्य बंशीलाल गुर्जर सहित जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में बड़ी संख्या में किसान, लाड़ली बहनें, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश कांग्रेस ने शुरू किया 'टैलेंट सर्च' अभियान




**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं रचनात्मक बनाने के उद्देश्य से 'टैलेंट सर्च' अभियान की शुरुआत की है. यह पहल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर तथा महासचिव (संगठन) डॉ. संजय कमले के मार्गदर्शन में की जा रही है.**

इस अभियान के तहत कांग्रेस विचारधारा से जुड़े समर्पित व्यक्तियों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे चुनावी गतिविधियों के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा सकें. विशेष रूप से ऐसे लोगों को अवसर दिया जाएगा जो जिला या प्रदेश स्तर पर समय देकर संगठन के लिए काम करने के इच्छुक हों.

'टैलेंट सर्च' अभियान के माध्यम से साहित्यिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभाशाली व्यक्तियों—जैसे गायक, संगीतकार, लेखक, कवि, नारा लेखक तथा कुशल मंच संचालक की पहचान कर उन्हें संगठन की गतिविधियों और जनसंपर्क को मजबूत करने के लिए जोड़ा जाएगा.

इच्छुक और योग्य व्यक्ति प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अपने व्यक्तिगत विवरण जमा कर सकते हैं. आवेदन की अंतिम तिथि 5 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है. कांग्रेस ने सभी आयु वर्ग के उत्साही और सक्षम व्यक्तियों से इस अभियान में शामिल होने का आह्वान किया.

# उप्र ट्रेड एक्सपो में मप्र के 12 एमएसएमई ने हिस्सा लिया

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. उप्र. की राजधानी लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो यूपीआई टेक्स में एमएसएमई विभाग के सहयोग से मप्र की 12 चयनित एमएसएमई इकाइयों ने सक्रिय रूप से भाग लिया.**

इन इकाइयों द्वारा फैब्रिक्स, पर्ल (मोती) निर्माण, पैकेजिंग, बांस आधारित उत्पाद तथा मसाला उद्योग सहित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया. मप्र के इन मंडपों की आगंतुकों एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों द्वारा सराहना की गयी.

सहभागी 12 एमएसएमई इकाइयों में से 2 महिला उद्यमियों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है. एमएसएमई विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा एक्सपो में भाग लेने वाली सभी इकाइयों के लिए स्टॉल स्थापना सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं.

# 20.47 करोड़ के शिक्षा घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर, 29 जनवरी. आदिवासी अंचल में शिक्षा योजनाओं के नाम पर हुए करोड़ों रुपये के घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है.**

ईडी इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने ब्लॉक शिक्षा कार्यालय कट्ठीवाड़ा, जिला अलीराजपुर से जुड़े 20.47 करोड़ रुपये के सरकारी धन के गबन मामले में कमल राठौर सहित छह आरोपियों के खिलाफ विशेष न्यायालय इंदौर में अभियोजन शिकायत दाखिल की है. विशेष अदालत ने 6 जनवरी को सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर दिए हैं.

ईडी के अनुसार यह जांच कट्ठीवाड़ा थाना, जिला अलीराजपुर में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी. पुलिस द्वारा दर्ज मामले में आईपीसी, आईटी एक्ट और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत चालान पेश किया जा चुका है. जांच में सामने आया कि अप्रैल 2018 से जुलाई 2023 के बीच बीईओ कट्ठीवाड़ा के खजाने से शिक्षा कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए स्वीकृत राशि में फर्जी बिल पास कर 20.47 करोड़ रुपये का भुगतान कराया. जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी कमल राठौर ने अन्य आरोपियों के साथ मिलीभगत कर पांच वर्षों तक सुनियोजित तरीके से सरकारी धन का गबन किया. ईडी ने इस मामले में पहले धारा 17 पीएमएलए के तहत तलाशी कार्रवाई की थी, जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए और 25 लाख रुपये की राशि फ्रीज की गई थी. कमल राठौर को ईडी ने 7 अगस्त को गिरफ्तार किया था. आगे की जांच में यह भी सामने आया कि घोटाले की रकम से आरोपियों ने अचल संपत्तियां खरीदीं.

### छह आरोपियों पर अभियोजन



### आरोपियों की 14 अचल संपत्तियां कुर्क

ईडी ने आरोपियों की 14 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिनकी अनुमानित कीमत 4.3 करोड़ रुपये बताई गई है. अब ईडी ने छह प्रमुख आरोपियों को षड्यंत्रकर्ता मानते हुए अदालत में अभियोजन शिकायत दाखिल की है. ईडी ने स्पष्ट किया है कि मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य संपत्तियों व आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है.

# एमडी तस्कर गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 29 जनवरी. अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया.**



एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहसिन हुसैन निवासी चंदन नगर इंदौर है. आरोपी फर्नीचर रिपेयरिंग का काम करता है और 10वीं तक पढ़ा-लिखा है. पुलिस ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी चोरी, आर्म्स एक्ट और मारपीट के मामलों में करीब पांच बार गिरफ्तार हो चुका है. एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज इस मामले में पूर्व में आरोपी दानिश के कब्जे से करीब 11.90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी जब्त किया था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई थी.

क्राइम ब्रांच टीम ने 7 दिसंबर को गिरफ्तार आरोपी समीर हुसैन से पूछताछ की.

## एक नजर में

### सीएम आज आईएफएस मीट का करेंगे शुभारंभ

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 30 जनवरी को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में सुबह 10.30 बजे वानिकी सम्मेलन एवं आईएफएस. मीट-2026 का शुभारंभ करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव वन विभाग के आईएफएस. थीम गीत का विमोचन कर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भी प्रदान करेंगे. वन, पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.एन. अंबाडे और वन अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे.

### सड़क हादसें में दो युवकों की मौत

**आगर-मालवा.** मध्यप्रदेश के आगर-मालवा जिले में नीमच-भोपाल राजमार्ग-41 पर एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार नीमच से लहसुन भरकर कोलकाता जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसमें ट्रक चालक व उसका साथी केबिन में बुरी तरह से फंस गये. हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा युवकों को निकालने की कोशिश शुरू की, लेकिन भारी ट्रक के नीचे दबे दोनों को हाथों से निकालना संभव नहीं हो पाया. अंततः जेसीबी मंगवाई गई.

# मध्यप्रदेश में मौसम का उतार-चढ़ाव

## फिर पश्चिमी विक्षोभ से बारिश और ठंड बढ़ने के आसार

**भोपाल, 29 जनवरी. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर संभाग के कुछ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई, जबकि राज्य के शेष सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहा. शाजापुर जिले के गिरवर में शीतल दिन दर्ज किया गया. वहीं ग्वालियर में सबसे घना कोहरा देखने को मिला, जहां दृश्यता घटकर लगभग 500 मीटर तक रह गई.**



पश्चिमी विक्षोभ के असर से पिछले दिनों हुई बारिश फिलहाल थम गई है, जिससे प्रदेशवासियों को अगले दो दिनों तक राहत मिलने की संभावना है.

### मौसम विभाग का कहना है

इस दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा. हालांकि तेज उत्तरी हवाओं के कारण तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे ठंड का असर बढ़ेगा. मौसम विभाग के अनुसार 31 जनवरी से 2 फरवरी के बीच एक के बाद एक दो नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे. इसके प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, आंधी-तूफान और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है. इसे देखते हुए कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है.

# भोपाल में शहीद स्मरण सभा आयोजित

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीद परिवारों का सम्मान

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरुवार को भोपाल स्थित मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शहीद स्मरण सभा का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीद परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना रहा.**




प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय सीतलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर 116 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामी लेखराज सिंह, पांडुरंग गणपत शिंदे, दयाराम जी नामदेव तथा राजेश बादल का सम्मान कर उन्हें नमन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा रहे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह चौहान ने किया. विशेष अतिथि के रूप में संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले उपस्थित रहे, जिन्होंने शहीद परिवारों को सम्मानित किया.

# भागीरथपुरा मामला: 5 मरीज अब भी भर्ती, तीन की हालत नाजुक

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से बीमार हुए लोगों का इलाज अब भी जारी है. अस्पताल में भर्ती मरीजों में से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनमें तीन आईसीयू में जीवन और मौत से जूझ रहे हैं. सबसे चिंताजनक स्थिति 72 वर्षीय एकनाथ सूर्यवंशी की है, जो पिछले करीब एक माह से अस्पताल में भर्ती हैं और 25 दिनों से वेंटिलेटर पर हैं. लंबे इलाज के बावजूद सुधार न होने पर परिजनों ने उन्हें घर ले जाने का फैसला किया है.**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एकनाथ सूर्यवंशी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 29 दिसंबर 2025 को पहले शैल्बी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था. हालत बिगड़ने पर 3 जनवरी 2026 को उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल शिफ्ट किया. डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि उनकी दोनों किडनियां फेल हो चुकी हैं, लिवर भी प्रभावित है. दूषित पानी की चपेट में आई पार्वतीबाई भी वेंटिलेटर पर हैं. अस्पताल प्रबंधन के अनुसार दोनों मरीजों को मल्टी ऑर्गन फेल्योर है और पहले से भी कुछ बीमारियां थीं. इसके अलावा अनिता कुशवाह और अशोक मौर्य आईसीयू में भर्ती हैं.

# एमपी पुलिस ने 34 अवैध हथियार जब्त किए

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में अवैध हथियारों के निर्माण, भंडारण, परिवहन और उपयोग के विरुद्ध सघन व समन्वित अभियान तेज कर दिया है.**



बीते दो सप्ताह के दौरान विभिन्न जिलों में की गई कार्रवाई में पुलिस ने 34 अवैध फायर आर्म्स, जिंदा कारतूस, वाहन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है. साथ ही गंभीर आपराधिक गतिविधियों और अंतरराज्यीय गिरोहों से जुड़े कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.

ग्वालियर में एसटीएफ इकाई ने शिवपुरी क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन पिस्टल और चार जिंदा राउंड बरामद किए. वहीं अवैध हथियारों के स्रोत पर प्रहार करते हुए शिवपुरी जिले के करैरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण की फैक्ट्री पर छापा मारकर दो आरोपियों को पकड़ा. मौके से सात अवैध हथियार, पांच जिंदा कारतूस तथा लगभग दो लाख रुपये मूल्य की मशीनें और औजार जब्त किए गए.

इसी तरह बड़वानी जिले में जुलवानिया पुलिस ने महाराष्ट्र से लौट रहे पांच अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार कर हथियार, कारतूस, आभूषण, नगदी सहित करीब 38.91 लाख रुपये की सामग्री जब्त की. पुलिस ने अवैध हथियारों और संगठित अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी रखने का दावा किया है.



# पमरे अपर महाप्रबंधक ने विदिशा व साँची स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण

**भोपाल, 29 जनवरी. पश्चिम मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री ने गुरुवार को भोपाल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित किए जा रहे विदिशा एवं साँची रेलवे स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने दोनों स्टेशनों पर चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की.**

निरीक्षण के समय खत्री ने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएँ. उन्होंने यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी बारीकी से अवलोकन किया और उन्हें और अधिक बेहतर बनाने पर बल दिया. अपर महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्मों की साफ-सफाई, वेटिंग हॉल की व्यवस्था, टिकट काउंटर, एस्केलेटर एवं लिफ्ट, पेयजल सुविधा, यात्री सूचना प्रणाली, शौचालयों तथा पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया. साथ ही यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेन्द्र बघेल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) केके निगम सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

### सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना में हिंदी कार्यशाला आयोजित

सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना के तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह कार्यशाला राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रयोग-प्रसार हेतु प्रशिक्षु रेल कर्मियों के लिए आयोजित की गई. मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़े के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं संवैधानिक प्रावधान' था, जिसमें 25 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया.

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

**दमोह.** ओमनी कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो जाने का दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है. जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ मानगढ़ आम की तलैया के पास ओमनी कार ने बाजार कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार वीरन पिता नारान आदिवासी उम्र 30 वर्ष निवासी करके हरदुआ थाना नोहटा को बुधवार की शाम 5 बजे टक्कर मार दी.जिससे युवक को तत्काल इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. वहीं गुरुवार की सुबह बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव और आरक्षक नन्हे भाई ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण** | भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता को सज्जन सिंह वर्मा ने किया संबोधित

# अनियमितताओं से चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 जनवरी. पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने गुरुवार को मध्य प्रदेश में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं. वे भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर मतदाता सूची प्रभारी ललित सेन और प्रदेश प्रवक्ता स्वदेश शर्मा भी उपस्थित रहे.**



वर्मा ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दूसरे चरण, जो 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक चला, के दौरान प्रदेश भर में हजारों की संख्या में ऑनलाइन और ऑफलाइन आपत्तियाँ दर्ज की गईं. उन्होंने आरोप लगाया कि न तो इन आपत्तियों का निष्पक्ष निराकरण किया गया और न ही आपत्तिकर्ताओं को विधिसम्मत जानकारी दी गई. कई जिलों से शिकायतें सामने आई हैं कि एक ही दिन में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा 50-50 फॉर्म भरवाए गए, जो किसी संगठित साजिश की ओर इशारा करता है.

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बड़ी संख्या में आपत्तियाँ एक ही पैटर्न और एक जैसी हैंडराइटिंग में दर्ज की गईं. अकेले नेरला विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की 4,882 आपत्तियाँ सामने आईं, जिससे पूरी प्रक्रिया संदिग्ध हो जाती है. वर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि आदिवासी, अल्पसंख्यक और अन्य कमजोर वर्गों को जानबूझकर निशाना बनाया गया. इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में आदिवासी और मुस्लिम मतदाताओं के नामों पर चुन-चुनकर आपत्तियाँ डाली गईं. उन्होंने कहा कि एक ही मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी से 30 से 50 मतदाताओं के नाम कटवाने के प्रयास किए गए और एक ही व्यक्ति के खिलाफ 50 से अधिक आपत्तियाँ दर्ज की गईं. उन्होंने मांग की कि फॉर्म-7 के माध्यम से की गई सभी आपत्तियों पर एफआईआर दर्ज की जाए, सामूहिक रूप से डाली गई आपत्तियों को तत्काल निरस्त किया जाए, ऑनलाइन-ऑफलाइन आपत्तियों का जिला-वार विवरण सार्वजनिक किया जाए और पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कराई जाए.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14